संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 03 मार्च 2023 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 61 पृष्ठ: 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



त्रिपुरा के सीएम चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद विक्ट्री साईन दिखाते हुए।

# भाजपा के लिए पूर्वोत्तर में बिखरा रंग-गुलाल

### तीन राज्यों के चुनाव नतीजेः त्रिपुरा और नगालैंड में भाजपा की वापसी तय, मेघालय में गठबंधन संग सरकार बनाएगी बीजेपी, शाह ने मेघायल सीएम से की बात

**बीजेपी की बंपर जीत**

= विधानसभा चुनाव नतीजे: पूर्वोत्तर के दो राज्यों में खिला कमल, मेघालय में एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्वोत्तर** के तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों और चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के नतीजे और रुझान स्पष्ट होते नजर आ रहे हैं। त्रिपुरा और नागालैंड में भाजपा सहयोगियों के साथ सत्ता में वापसी कर रही है तो मेघालय में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) सबसे बड़ी पार्टी बन रही है। महाराष्ट्र की कसबा पेठ सीट पर कांग्रेस और चिंचवड सीट पर भाजपा, तमिलनाडु की ईरोड (पूर्व) (एससी) पर डीएमके समर्थन के साथ कांग्रेस, पश्चिम बंगाल की सागरदिघी में कांग्रेस और झारखंड की रामगढ़ विधानसभा सीट पर आजसू उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश की लुमला (एसटी) सीट पर भाजपा उम्मीदवार का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। त्रिपुरा विधानसभा चुनावः 60 सीटों वाले त्रिपुरा विधानसभा में भाजपा- 32, उसकी सहयोगी आईपीएफटी-1 सीपीआई (एम)-11 उनकी सहयोगी कांग्रेस-4, त्रिपुरा मोथा पार्टी-12 सीटों पर आगे चल रही या जीत गई है।



## 5 राज्य उपचुनाव रिजल्ट- 6 में से 3 सीट कांग्रेस ने जीती

**नई दिल्ली/मुंबई/टीम एक्शन इंडिया**
**नॉर्थ** ईस्ट के 3 राज्यों के विधानसभा चुनावों के अलावा 5 राज्यों में हुए उपचुनावों के नतीजे आए। महाराष्ट्र की कस्बापेठ सीट पर कांग्रेस के रवींद्र धंगेकर ने जीत हासिल की है। इस सीट पर 1995 से बीजेपी ही काबिज थी। उधर बंगाल में भी कांग्रेस का खाता खुल गया है। बेरॉन बिस्वास सागरदीघी सीट पर जीत गए हैं। 2021 में हुए चुनाव में यहां कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिल सकी थी। तमिलनाडु में भी कांग्रेस के एलंगोवन जीत गए हैं। अरुणाचल प्रदेश बीजेपी की त्सेरिंग ल्हामू निर्विरोध विधायक चुनी गई हैं।


## प्रद्योत देबबर्मा का जलवा

**त्रिपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**त्रिपुरा** में सबसे ज्यादा चर्चा राजा प्रद्योत देबबर्मा की हो रही है। राजा प्रद्योत देबबर्मा ने चुनाव से ठीक पहले एक नई पार्टी बनाई थी, जिसका नाम रखा गया टिपरा मोथा पार्टी। इस पार्टी को करीब 10 सीटें मिल सकती हैं। तो राजा प्रद्योत देबबर्मा किंगमेकर साबित हो सकते हैं। प्रद्योत ने कुछ शर्तों के साथ भाजपा गठबंधन को समर्थन देने का एलान भी कर दिया है।
चार जुलाई 1978 को दिल्ली में पैदा हुए प्रद्योत बिक्रम मनिक्य देबबर्मा त्रिपुरा के 185वें महाराजा कीर्ति बिक्रम किशोर देबबर्मा के इकलौते बेटे हैं। राजशाही परंपरा खत्म होने के बाद महाराजा कीर्ति



बिक्रम किशोर देबबर्मा भी राजनीति में उतर आए थे। कांग्रेस से जुड़े और सांसद चुने गए। उनकी पत्नी महारानी बीहूबी कुमारी देवी भी कांग्रेस के टिकट पर दो बार विधायक चुनी गई थीं। वह त्रिपुरा सरकार में मंत्री भी रह चुकी हैं। प्रद्योत की पढ़ाई शिलॉन्ग में हुई।

## ऐसी दुनिया को बनते हुए नहीं देख सकते जहां लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं नहीं होः राहुल



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी नए लुक में ब्रिटेन पहुंचे। अपने 7 दिन के ब्रिटेन दौरे की शुरूआत उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में स्पीच से की। राहुल ने बिजनेस स्कूल के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम एक ऐसी दुनिया को बनते हुए नहीं देख सकते, जो लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई न हो। इसलिए, इस बारे में हमें नई सोच की जरूरत है। राहुल का संबोधन लर्निंग टू लिसन यानी सुनने की कला पर फोकस था। उन्होंने कहा कि सुनने की कला बहुत पावरफुल होती है। इस दौरान उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए नई सोच का आह्वान किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि दुनिया में लोकतांत्रिक माहौल को बढ़ावा देने के लिए नई सोच जरूरी है, लेकिन उसे थोपा न जाए।

## रामपुर में शहीद जवान का अंतिम संस्कार



**रामपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**हिमाचल** में रामपुर के पिथ्वी गांव में जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के पदगामपोरा में शहीद हुए जवान पवन धंगल का अंतिम संस्कार हो गया हैं। श्मशानघाट में सेना के जवानों ने 6 तोपों की सलामी के बीच राजकीय सम्मान के साथ शहीद को अंतिम विदाई दी। इस मौके पर पूर्व ठियोग के विधायक राकेश सिंघा, सुरेंद्र मोहन, चंद्र शेखर सहित अन्य लोग शामिल रहे। गुरुवार को चंडीगढ़ से रामपुर पहुंचा। पिथ्वी गांव स्थित श्मशानघाट को भारतीय सेना द्वारा विशेष रूप से सजाया गया था। रामपुर से लेकर किन्नू पंचायत के पिथ्वी गांव तक जगह जगह सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से शहीद पवन को अंतिम विदाई दी। जगह जगह लोगों ने फूलमालाओं से देश के लिए कुर्बान हुए जवान को श्रद्धांजलि दी।

## हैरी-मेगन से छिना रॉयल हाउस



**लंदन/टीम एक्शन इंडिया**
**ब्रिटिश** रॉयल फैमली और प्रिंस हैरी-मेगन मर्केल के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं। अब ड्यूक एंड डचेस ऑफ ससेक्स को रॉयल घर खाली करने को कहा गया है। ये आदेश किंग चार्ल्स ने दिया है। रॉयल फैमली छोड़ने के बाद से हैरी-मेगन अमेरिका में ही रह रहे हैं। इतना ही नहीं ये घर चार्ल्स ने अपने भाई प्रिंस एंड्रयू के लिए खाली करवाया है। यानी अब यहां प्रिंस एंड्रयू रहेंगे। दो महीने पहले किंग चार्ल्स ने प्रिंस एंड्रयू को सेक्स स्कैंडल के मामले में बकिंघम पैलेस से बेदखल कर दिया था। प्रिंस हैरी-मेगन का घर- फ्रॉगमोर कॉटेज, बर्कशायर स्थित विंडसर कैसल के पास है। घर खाली करवाने का ये कदम प्रिंस हैरी की किताब 'स्पेयर' के रिलीज होने के बाद उठाया गया है। प्रिंस हैरी ने किताब 'स्पेयर' में कई खुलासे किए थे किताब 'स्पेयर' से न सिर्फ प्रिंस हैरी की जिंदगी के खुलासे हो हुए बल्कि पूरे ब्रिटिश घराने के राजों पर से पर्दा उठा।

## ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए अमीर देश जिम्मेदारः मोदी



**डेवलपमेंट गोल्स**

= यूएस, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस समेत दुनिया की 20 बड़ी इकोनॉमीज के प्रतिनिधि शामिल हुए है

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**जी20** देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक दिल्ली में शुरू हो गई है। इसमें यूएस, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस समेत दुनिया की 20 बड़ी इकोनॉमीज के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। मीटिंग के इनॉगरल सेशन में पीएम मोदी ने कहा कि कई साल की प्रगति के बाद आज हमारे सामने रिस्क है कि कहीं हम सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स में पीछे की तरफ न चले जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई विकासशील देश इस समय फूड और एनर्जी सिक्योरिटी के लिए ऐसे कर्ज तले दबे हैं, जिन्हें वे संभाल नहीं पा रहे। अमीर देशों ने जो ग्लोबल वॉर्मिंग की है, उससे सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब देश ही हैं। इसी के चलते भारत ने जी20 प्रेसिडेंसी के तहत ग्लोबल साउथ की आवाज बनने की कोशिश की है।
**मोदी ने कहा- ग्लोबल गवर्नेंस फेल हुईः** हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दुनिया में गहरे विभाजन हो चुके हैं। पिछले कुछ साल में हमने आर्थिक संकट, जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और युद्ध देखे हैं। इससे साफ हो गया है कि ग्लोबल गवर्नेंस फेल हो चुकी है। दुनिया के अहम मुद्दों को संभालने के लिए बनी संस्थाएं सबसे बड़ी चुनौतियों को पूरा करने में फेल हुई हैं।
विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- जी20 देशों पर असाधारण जिम्मेदारी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इज मोस्ट लवेबलः मेलोनी

### तारीफ सुनकर हंस पड़े प्रधानमंत्री, रायसीना डायलॉग से पहले दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
रायसीना डायलॉग का 8वां संस्करण दिल्ली में शुरू हो गया है। इसकी चीफ गेस्ट इटली की प्रधानमंत्री जियॉर्जिया मेलोनी हैं। गुरुवार को दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेलोनी ने कहा किप्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे चहेते नेता हैं। ये साबित हो चुका है कि वो कितने बड़े लीडर हैं। इसके लिए उन्हें



बधाई। ये बातें सुनकर दूसरे डायस पर खड़े मोदी हंसते नजर आए। यहां मोदी ने भारत और इटली के बीच स्टार्ट-अप ब्रिज का ऐलान किया। मोदी ने कहा कि हमारे डिप्लोमेटिक रिलेशंस 75 साल से हैं, लेकिन अब तक डिफेंस रिलेशंस नहीं थे। आज इसकी भी शुरूआत कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों देश रिन्यूएबल एनर्जी, हाइड्रोजन, आईटी, टेलिकॉम, सेमीकंडक्टर्स और स्पेस से जुड़े मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे। मेलोनी ने कहा- भारत के साथ हमारे रिश्ते बेहद मजबूत हैं।

**पीएम की तारीफ**


= प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे चहेते नेता हैं। ये साबित हो चुका है कि वो कितने बड़े लीडर हैं।

## फरवरी में बेरोजगारी दर बढ़कर 7.45% हुई

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
देश में फरवरी महीने में बेरोजगारी दर 7.45% रही। जनवरी में 7.14% थी। अहम बात यह है कि शहरी इलाकों में बेरोजगारी दर 8.55% से घटकर 7.93% हो गई। जबकि, ग्रामीण इलाकों में दर 6.45% से बढ़कर 7.23% पहुंच गई। यानी, बेरोजगारी दर अब भी शहरों में ही ज्यादा है। सीएमआई के सर्वे के मुताबिक, देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर राजस्थान और हरियाणा में है। हरियाणा में 29.4% और राजस्थान में 28.3% है।

## चुनाव आयुक्त को पीएम, नेता विपक्ष, सीजेआई का पैनल चुनेगा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य** चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि पीएम, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई का पैनल इनकी नियुक्ति करेगा। पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी। 5 सदस्यीय बेंच ने कहा कि ये कमेटी नामों की सिफारिश राष्ट्रपति को करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में साफ कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगी, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती।




## बंगालः रेस्पिरेटरी इंफेक्शन से 7 बच्चों की मौत

**कोलकाता/टीम एक्शन इंडिया**
**पश्चिम** बंगाल में सांस की नली में इंफेक्शन के चलते 24 घंटे में 7 बच्चों की जान गई है। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इनमें से पांच बच्चों की मौत कोलकाता के सरकारी अस्पतालों में हुई है, जबकि दो की मौत बांकुरा सम्मिलानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई है। सरकार का कहना है कि सभी बच्चों की जान एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन के चलते हुई हैं। इस मौसम में यह इंफेक्शन होना आम बात है।

## हाथरस कांड के चारों आरोपी रेप केस में बरी

**हाथरस/टीम एक्शन इंडिया**
**हाथरस** गैंगरेप कांड में गुरुवार को ढाई साल बाद एससी-एसटी कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 4 आरोपियों में से सिर्फ एक संदीप ठाकुर को दोषी माना है। जबकि 3 आरोपियों लवकुश सिंह, रामू सिंह और रवि सिंह को बरी कर दिया। अदालत ने संदीप को गैर इरादतन हत्या ( धारा-304) और एससी/एसटी एक्ट में दोषी माना है। संदीप को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 4 आरोपियों में से किसी पर भी गैंगरेप का आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। वहीं, पीड़ित



पक्ष के वकील ने कहा है, "वह कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे।" इससे पहले, गुरुवार सुबह चारों आरोपियों को पेशी पर कोर्ट लाया गया था। फैसले को देखते हुए कोर्ट में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था। गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 3 आरोपी को बरी कर दिया। गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 3 आरोपी को बरी कर दिया।
**ढाई साल पहले हुआ था हाथरस कांडः** मामला हाथरस के चंदपा क्षेत्र के एक गांव का है। 14 सितंबर 2020 को दलित युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया था। आरोप गांव के ही चार युवकों पर लगा था। पीड़िता की बेरहमी से जीभ काट दी गई थी।

**आदेश** रिटायर्ड जज सप्रे कमेटी के हेड होंगे, जस्टिस जेपी, ओपी भट, एमवी कामथ, नंदन और सोमशेखर सुंदरेसन शामिल होंगे

# सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी केस में एक्सपर्ट कमेटी बनाई

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**अडाणी**-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 6 मेंबर्स एक्सपर्ट कमेटी बना दी है। रिटायर्ड जज एएम सप्रे इस कमेटी के हेड होंगे। उनके साथ इस कमेटी में जस्टिस जेपी देवधर, ओपी भट, एमवी कामथ, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदरेसन शामिल होंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने गुरुवार को यह आदेश दिया। इस कमेटी को मामले की जांच सौंपने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया, यानी सेबी से भी स्टॉक्स की कीमतों में हेरफेर की जांच रिपोर्ट



तलब की है। सेबी को 2 महीने के भीतर स्टेटस रिपोर्ट देनी होगी। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि कमेटी बनाने से मार्केट रेगुलेटर सेबी की स्वतंत्रता और इसकी जांच प्रोसेस में कोई बाधा नहीं आएगी। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने ट्वीट कर फैसले का स्वागत किया हैं। उन्होंने कहा- 'अडाणी ग्रुप सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करता है। सच की जीत होगी।'
**सुप्रीम कोर्ट की कमेटी इन 2 पहलुओं की जांच करेगीः**
शेयर मार्केट का रेगुलेटरी फ्रेमवर्क मजबूत करने के उपाय सुझाएगी। यानी मार्केट में होने वाली ट्रेडिंग की निगरानी और पुख्ता की जाएगी।
अडाणी ग्रुप के शेयर्स में तेज गिरावट से जुड़े विवादों की जांच करेगी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद ग्रुप के शेयर्स गिरे थे।
क्या सिक्योरिटीज कॉन्ट्रेक्ट रेगुलेशन रूल्स के नियम 19 (ए) का उल्लंघन हुआ?
क्या मौजूदा कानूनों का उल्लंघन कर स्टॉक की कीमतों में कोई हेरफेर हुआ?

# अपनी गारंटी पर बात करने से मुकर रही कांग्रेस सरकार: गोविंद ठाकुर

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**

हिमाचल में कांग्रेस सरकार के द्वारा जो गारंटी को लेकर प्रदेश में होर्डिंग लगाए गए थे। अब होर्डिंग और दीवार लेखन को हटाने का काम कांग्रेस सरकार कर रही हैं। शिमला में कांग्रेस के भवन से ही यह हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे पता चलता है कि सरकार अपनी गारंटी पूरी करने वाली नही है। ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि पिछले कल कैबिनेट की बैठक थी और कर्मचारियों को उम्मीद थी कि इसकी नोटिफिकेशन जारी की जाएगी। लेकिन कर्मचारियों को सिर्फ निराशा मिली हैं। सीएम सुक्खू और अन्य मंत्री ओपीएस को लागू करने की बात तो कर रहे हैं। तो




एनपीएस का पैसा क्यों काटा जा रहा है। उसका जबाव भी सरकार को कर्मचारियों को देना चाहिए। आखिर क्यों नोटिफिकेशन सरकार जारी नही कर पा रही है। इससे पता चलता है कि सत्ता में आने के लिए कांग्रेस ने लोगों से झूठ बोला है। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि सरकार ने कहा था कि 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे। लेकिन सरकार ने चयन बोर्ड को ही भंग कर दिया और हजारों युवाओं का भविष्य भी अंधकार में डूब गया हैं। सरकार को चाहिए था कि घोटालों की जांच की जाती और युवाओं के भविष्य के लिए रोजगार का प्रावधान किया जाता। वहीं महिलाओं के खाते में भी अभी तक 1500 रुपए नही डाले गए हैं। अब उस पर भी सरकार टाल मटोल करने में जुट गई है। महिलाओं को भी कांग्रेस पार्टी ने झूठ बोलकर सत्ता हथियाने का कार्य किया गया हैं। उन्होंने कहा कि वही बागवानों को भी गारंटी दी गई थी कि बागवान खुद अपनी फसल का मूल्य निर्धारित करेंगे। लेकिन उसके बाद बागवानी मंत्री ने बयान दिया कि यह नहीं हो सकता है। ऐसे में प्रदेश के हर वर्ग के साथ कांग्रेस ने झूठ बोला है और अब कांग्रेस सरकार अपनी ही गारंटी पर बात करने से मुकर रही हैं। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जो हिंदू वादी विचारधारा पर बयान दिया हैं वो दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस अलगाव वादी ताकतों को बढ़ावा दे रही है। क्या कांग्रेस को मात्र 3 प्रतिशत जनता ने सत्ता में लाया है और क्या बाकी जनता ने कांग्रेस का साथ नही दिया हैं। इस तरह के बयान निंदनीय है।

## एसएफआई का राज्य सचिवालय के बाहर हल्ला बोल

**शिमला/चमन शर्मा**

छात्र संगठन एसएफ आई ने राज्य सचिवालय के बाहर हल्ला बोला छात्र संगठन अपनी मांगों को लेकर मुखर नजर आया। कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में राज्य सचिवालय के बाहर जुटकर नारेबाजी की। छात्र संगठन एसएफआई के कार्यकर्ता मांग कर रहे हैं कि पूर्व सरकार के वक्त कॉलेज कैडर में हुई भर्तियों की जांच की जाए। एसएफआई का आरोप है कि पूर्व सरकार के वक्त फर्जी तरीके से भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है।छात्र संगठन एसएफ आई के राज्य सचिव अमित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ है। नई सरकार को भर्ती प्रक्रिया की जांच करनी चाहिए। साथ ही एसएफआई ने यह भी मांग की है कि हिमाचल प्रदेश में बीते 10 साल से बंद पड़े छात्र संघ चुनाव को बहाल किया जाए। इसके अलावा छात्र संगठन एसएफआई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को




वापस लेने के साथ एससी-एसटी छात्रवृत्ति में हुए घोटाले की निष्पक्ष जांच करने की भी मांग उठाई है। इसके अलावा छात्र संगठन एसएफआई छात्रवृत्ति को जल्द आवंटित करने की भी मांग कर रहा है। छात्र संगठन एसएफआई ने यह भी मांग उठाई है कि विभिन्न कॉलेजों में रिक्त पड़े टीचरों के पदों को भरा जाए और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भी जल्द स्थाई कुलपति की नियुक्ति हो। इसके अलावा छात्र कॉलेजों में बड़ी हुई पीटीए फ ीस को वापस लेने की मांग की है। एसएफआई ने चेताया है कि अगर सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं देती हैए तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## राजकीय महाविद्यालय कफोटा में शीघ्र भरे जाएंगे प्राध्यापकों के रिक्त पद: डॉ. तोमर

**नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय कफोटा में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. ध्यान सिंह तोमर की अध्यक्षता में शिक्षक-अभिभावक संघ की एक विशेष बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष दाता राम शर्मा व समस्त कार्यकारीणी तथा महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व गैर शिक्षक सभी ने भाग लिया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय काफोटा में पेश आ रही विभिन्न समस्याओं व बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं के विषय में गहन मंथन किया गया। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस तोमर ने कहा कि इस दौरान जमीन दान करने वालो को तथा




राजस्व के कर्मचारियों को पत्र के माध्यम से फिर से सूचित किया जाएगा। इसके अलावा सफ ाई कर्मचारी आशा देवी के वेतन मे वृद्धि किए जाने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि महाविद्यालय में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने के लिए कार्यकारिणी सरकार से अग्रह करेगी। डॉ. तोमर ने बताया कि महाविद्यालय मे रंगीन प्रिंटर पीटीए से खरीदने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा महाविद्यालय में पीने के पानी एवं खेल के मैदान की समस्या पर भी चर्चा की गई। शिक्षक अभिभावक की इस बैठक में प्राचार्य व पीटीए कार्यकारीणी के अलावा प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. विक्रम सिंह ठाकुर, प्रो. दिनेश शर्मा, अधीक्षक दिनेश पुंडीर, विकेश शर्मा व राहुल शर्मा ने भाग लिया।

## नावार्ड के सौजन्य से वितीय एवं डिजिटल जागरुकता कैम्प आयोजित

**फतेहपुर/विजय समयाल**

नावार्ड के सौजन्य से वितीय एवं डिजिटल जागरुकता कैम्प कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैक स्थाना के सहयोग से ग्राम पंचायत स्थाना में लगाया गया, जिसमें शाखा के प्रबंधक विजय सिह व रजनीश सिह की अध्यक्षता में लगाया गया जिसमें किसान कैडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एसामाजिक सुरक्षा बीमा, सेल्फ हैल्प ग्रुप के माध्यम से महिलाओं का जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रेरित किया गया जिसमें इस अवसर पर बैंक के कर्मचारियों द्वारा डिजीटल



टान्जीशन व डिजिटल फरौड के बारे व खाताधारको को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई इस एक दिवसीय शिविर मे करीब 30 लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सरला देवी नरेश कुमार कोसरी देवी, सुनीता देवी, सलोचना देवी सहित गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद रहे।

## बदमाशों ने सिरमौर के 25 वर्षीय युवक को चलती ट्रेन से फेंका, अस्पताल में भर्ती

**नाहन/एसपी जैरथ**

जालंधर-जम्मू रेल मार्ग पर तीन बदमाश ट्रेन में यात्रियों के सामान से छेड़छाड़ कर रहे थे। जब ट्रेन में सवार एक फौजी ने उनका विरोध किया तो उन तीनो बदमाशों ने उसे चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया। घटना के बाद घायल को गंभीर हालत में टांडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्स्कों ने उसे होशियारपुर के सिविल अस्पताल में रेफर किया है। बता दें फ ौजी 25 वर्षीय सचिन शर्मा पुत्र देव स्वरूप निवासी नब्बल गांव उपमंडल पच्छाद जिला सिरमौर का रहने



वाला है। जानकारी के मुताबिक, सचिन डयूटी वापस जाने के लिए सोमवार को अपने घर से निकला था।

इस दौरान ट्रेन में सफ र के दौरान टांडा के नजदीक कुछ बदमाश ट्रेन में चढ़ गए। इस दौरान सचिन से भी लूटपाट की गई। जिसके बाद उन बदमाशों ने सचिन को चलती ट्रेन से बाहर फैंक दिया गया। हालाँकि गनीमत यह रही कि सचिन को हादसे में गंभीर चोट नहीं आई। तकरीबन एक घंटे बाद पंजाब के होशियारपुर जिले में दारापुर फाटक के करीब ट्रेन की पटरी के किनारे सचिन को होश आ गया। बेहोशी की हालत में वो पटरी के किनारे बेसुध पड़ा रहा। घायल को वहां मौजूद लोगों द्वारा तुरंत नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद फौजी को होशियारपुर के सरकारी अस्पताल में रैफ र किया गया। सचिन ने बताया कि उसकी सरकारी वर्दी व अन्य सामान लुटेरे ले गए हैं।

## धौलाकुआं द्वारा प्राकृतिक खेती पर जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन

**नाहन/एसपी जैरथ**

प्राकृतिक खेती अपनाएं-सुधरेगी मिट्टी की सेहत और मिलेगा सुरक्षित भोजनकृषि विज्ञान केंद्र सिरमौर धौलाकुआं द्वारा प्राकृतिक खेती पर जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन केंद्र के परिसर धौलाकुआं में किया गया। जिसमें हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के निदेशक, प्रसार शिक्षा डा. विनोद कुमार शर्मा मुख्य अतिथि थे और उन्होंने दीप प्रज्वलित कर किसान जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया। डा. विपन शर्मा, सह-निदेशक, प्रसार शिक्षा विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिविर में उपस्थित हुए। इस बैठक में डा. सुखदेव पलियाल, सह निदेशक, अनुसंधान केंद्र, धौलाकुआं, डा. विशाल राणा, सह निदेशक, औद्यानिकी अनुसंधान केंद्र, डा. धीरेंद्र सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, डा. साहब सिंह, परियोजना निदेशक, आत्मा सिरमौर, डा. राजेंद्र ठाकुर, उप कृषि निदेशक, सिरमौर, रामभज चौहान, रंजीत सिंह, जसविंदर कौर, मीरा देवी के साथ-साथ जिला सिरमौर के दूरदराज के क्षेत्रों से आए 200 से भी अधिक किसानों ने प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन हेतू आयोजित किए शिविर में किसान-वैज्ञानिक परिचर्चा में भाग लिया। यह गौ आधारित




खेती और इसमें रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों का प्रयोग नहीं होता है। इससे बेहतर उपज होने के साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। मुख्य अतिथि ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने व जहर मुक्त कृषि उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया। डा. विनोद कुमार शर्मा ने किसानों को पोषक अनाज यानी मिलेट्स के उत्पादन व इनके प्रबंधन पर भी किसानों से जानकारी साँझा की। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक तथा विभागाध्यक्ष डा. पंकज मित्तल ने बताया की आज के समय में किसानों की लागत खर्च को कम करने के लिये प्राकृतिक खेती आवश्यक है। यह गाय के ऊपर आधारित खेती हैं, जिसमें रसायनों का प्रयोग नहीं किया जाता है। संगीता अत्री, वैज्ञानिक गृह विज्ञान ने मिलेटस के पकवान बनाने की विधि के बारे में किसानों को जानकारी दी।

## गरीबों के जख्मों पर नमक छिडक रही केंद्र सरकार एलपीजी के रेट बढ़ाकर: अजय सोलंकी

**नाहन/एसपी जैरथ**

पेट्रोलियम मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आज से एलपीजी सिलेंडर में 50 रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में एलपीजी गैस सिलेंडर अब सब्सिडी के बावजूद 50 रुपए और अधिक रेट में मिलेगा। एलपीजी 14.5 किलो का सिलेंडर जहां पहले शिमला में 1098.50 रुपए तथा सिरमौर में 1148 रुपए में मिला करता था अब यह सिलेंडर 1147 रुपए 50 पैसे में मिलेगा। इससे भी ज्यादा दुखदाई यह है कि नॉन सब्सिडी में 19 किलो का गैस सिलेंडर 351 रुपए अधिक महंगा हो गया है। यह सिलेंडर पहले 1866 रुपए में मिला करता था। मगर अब इसका रेट 2217 रुपए हो गया है। केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा 2017 से लेकर 2022 तक करीब 58



बार एलपीजी गैस सिलेंडर के रेट में बढ़ोतरी की गई है। 2017 में जो एलपीजी का सिलेंडर 723 रुपए में मिला करता था वह अब 1147 रुपए 50 पैसे पर पहुंच गया है। हालांकि यह कीमतें क्रूड ऑयल के अंतरराष्ट्रीय मूल्यों पर निर्धारित होती है। बावजूद इसके एलपीजी के दामों में 50 रुपए बढ़ोतरी ग्रहणीयों की रसोई पर भारी पड़ती नजर आ रही है। नाहन से कांग्रेस के विधायक अजय सोलंकी ने इस पर तीव्र प्रतिक्रिया देते हुए इसे गरीबों के साथ बड़ा अन्याय करार दिया है।

उन्होंने कहा देश व प्रदेश की जनता पहले से ही केंद्र सरकार की नीतियों के चलते महंगाई का दंश झेल रही है। वहीं अब गरीबों की रसोई पर भी डाका डालते हुए 50 रुपए गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर उनकी कमर तोड़ दी है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि वह बढ़ाई गई किंतु पर पुनर्विचार करें। उन्होंने यह भी मांग की है कि केंद्र सरकार 50 रुपए बढ़ोतरी के जगह गैस के सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की कमी करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू की कांग्रेस सरकार प्रदेश में महंगाई पर नियंत्रण करते हुए आम आदमी को राहत पहुंचा रही है। तो वही केंद्र सरकार के द्वारा इस प्रकार एलपीजी में दामों की बढ़ोतरी कर गरीबों के जख्मों पर नमक छिडकने का काम किया जा रहा है।

उधर, खबर की पुष्टि करते हुए इंडियन ऑयल कंपनी के स्टेट कोऑर्डिनेटर एपी सिंह ने बताया कि क्रूड ऑयल रेट में अंतरराष्ट्रीय बढ़ोतरी के चलते पेट्रोलियम मंत्रालय के द्वारा 50 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

## वित्तीय एवं डिजीटल साक्षरता पर कार्यशाला आयोजित

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला मुख्यालय केलंग में उपायुक्त कार्यालय सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व पांच दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत आज वित्तीय एवं डिजीटल साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यकारी उपायुक्त डा. रोहित शर्मा ने इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डा. रोहित शर्मा ने महिलाओं से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया।




उन्होंने महिलाओं को बैंकों के नाम से आने वाले संदेशों व फोन कॉल से सतर्क रहने की अपील की। इस कार्यशाला में भारतीय स्टेट बैंकए एचडीएफसी व आईसीआईसीआई के अधिकारियों ने महिलाओं को बैंकों की कार्यप्रणाली के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने महिलाओं को साईबर ठगी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी बैंक कभी भी दूरभाष पर ग्राहक की जानकारी नही मांगता है। उन्होंने कहा कि कभी भी इस प्रकार के फोन आने पर कोई भी जानकारी नहीं देनी चाहिए। कार्यशाला के दौरान खंड विकास अधिकारी डा. विवेक गुलेरिया तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविन्द्र ने भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के विकास के लिए चलाई जा रही बेटी है अनमोल, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, वन स्टॉप सेंटर, मदर टेरेसा असहाय योजना, विधवा पुर्न विवाह योजना, शगुन योजना, प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजनाओं की जानकारी दी।

## उपायुक्त ने परियोजना प्रबंधन को प्रभावित परिवारों के हितों को सुरक्षित करने के निर्देश दिये



**कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने लुहरी जलविद्युत परियोजना प्रथम चरण की पुनर्वास एवं पुनर्विस्थापन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए परियोजना प्रबंधन को प्रभावित परिवारों के हितों को सुरक्षित करने के निर्देश दिये।

उपायुक्त ने परियोजना प्रबंधन को परियोजना निर्माण के लिये भूमि अधिग्रहण के चलते भूमिहीन व मकानहीन हो गये परिवारों को भवन निर्माण के लिए शीघ्र जमीन चिह्नित कर उन्हें उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। ताकि विस्थापित परिवारों का सही प्रकार से पुनर्वास सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने उपमंडलाधिकारी निरमंड की अध्यक्षता में गठित कमेटी को परियोजना के कारण नष्ट हुए पानी के स्त्रोत एकुलह एपानी की पाइप लाइन, आम रास्ते एश्मशान घाट व पुलों को पुन स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि परियोजना प्रभावितों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके और किसी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े । बैठक में समिति द्वारा परियोजना प्रभावितों के लिए बनाई गई रोजगार नीति में संशोधन को भी मंजूरी प्रदान की गई तथा इसे मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने उपमंडलाधिकारी निरमंड को परियोजना निर्माण कार्य के चलते मकानों में आई दरारों व नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिये। ताकि प्रभावितों को उचित मुआवजा उपलब्ध करवाया जा सके। बैठक में बताया गया कि कृषि तथा बागवानी विभाग के अधिकारियों को परियोजना निर्माण के कारण निकली धूल से फसलों को हुए नुकसान का आंकलन पूरा कर लिया गया है तथा नुकसान की राशि भी कुछ प्रभावितो के बैंक अकाउंट में डाल दी गई है।

## आम जन को इलैक्ट्रिक वाहनों के प्रति प्रोत्साहित करने की कवायद: आरके गौतम

**नाहन/एसपी जैरथ**

हिमाचल सरकार को देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने की मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की सोच और नीति को धरातल पर उतारने के लिये तेज प्रयास शुरू हो चुके हैं। प्रदेश परिवहन विभाग ने इलैक्ट्रिक वाहनों को सडकों पर उतारने के लिये तीव्रता से अपना कार्य करना आरम्भ कर दिया है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के अनुसार प्रदेश सरकार ने सरकारी वाहनों को इलैक्ट्रिक वाहनों से बदलने का निर्णय लिया है। राज्य सचिवालय सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में इलैक्ट्रिक वाहनों को सडकों पर देखा जा सकता है। इलैक्ट्रिक वाहनों को पॉपुलर बनाने के लिये



जिला स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। सर्वप्रथम इन वाहनों की चार्जिंग के लिये चार्जिंग स्टेशन चिन्हित किये जा रहे हैं। उपायुक्त इस संबंध में आए दिन बैठकें करके चार्जिंग स्टेशनों को स्थापित कर इन्हें क्रियाशील बनाने पर बल दे रहे हैं। जिला के सभी एसडीएम को अपने अपने क्षेत्रों में विशेषकर राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर स्थापित किये जाने वाले बड़े चार्जिग स्टेशनों को परिवहन विभाग के सहयोग से जल्द स्थापित करने के निर्देश जारी किये गए हैं। इसी तरह विभिन्न विभागों को निजी स्तर पर अपने चार्जिंग स्टेशन कार्यालय परिसरों में निर्मित करने को कहा गया है। प्रदेश सरकार की नीति है कि चार्जिंग स्टेशनों की उपलब्धता के चलते इलैक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहन मिलेगा। चार्जिंग स्टेशन इन वाहनों के लिये एक मूलभूत आवश्यकता रहेगी और आम लोगों का रूझान भी इलैक्ट्रिक वाहनों के प्रति बढ़ेगा। उपायुक्त सिरमौर आर के गौतम के अनुसार प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला में इलैक्ट्रिक कार चार्जिंग के लिए फास्ट एसी चार्जिंज और फास्ट डीसी चार्जिंग स्टेशन तैयार करने के लिए करीब 143 स्थानों को चिन्हित किया गया है। शीघ्र ही इन स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन निर्माण की प्रक्रिया आरम्भ की जाएगी।उपायुक्त आरण्केण गौतम ने इलैक्ट्रिक वाहनों के संबंध में जानकारी सांझा करते हुए बताया कि सिरमौर जिला में परिवहन विभाग में टाटा नेक्सा की पहली इलैक्ट्रिक कार पहुंच गई है। इस इलैक्ट्रिक कार के प्रति क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग इस वाहन की बारीकी के साथ जानकारी हासिल कर रहे हैं। जिला के सभी एसडीएम तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के पास आए दिन अनेक निजी इलैक्ट्रिक वाहन पंजीकरण के लिये आ रहे हैं। इनमें अधिकांश दो पहिया वाहन हैं। इलैक्ट्रिक कार की खासियत यह है कि जहां यह पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी वहीं वाहनों के फयूल यानि पेट्रोल और डिजल पर होने वाला व्यय लगभग नगन्य हो जाएगा।

## आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट की

**शिमला/चमन शर्मा**

स्वास्थ्य एवं जल शक्ति विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की और उन्हें अपनी विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति बनाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार उनकी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए सक्रियता से कार्य कर रही है।

# 22वीं अखिल भारतीय पुलिस जल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज

## उप मुख्यमंत्री ने किया प्रतियोगिता शुभारंभ, देश के 460 प्रतिभागी ले रहे हिस्सा

**ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल बंगाणा के अधीन पड़ते अंदरोली स्थित गोविंद सागर झील में वीरवार को 22वीं अखिल भारतीय पुलिस जलक्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू और हिमाचल पुलिस के महानिदेशक संजय कुंडू समेत तमाम अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर की अनेकों टीमें हिस्सा ले रही है। इसमें देश के 19 विभिन्न



राज्यों व केंद्र पुलिस बलों के 460 प्रतियोगी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 10 टीमें महिलाओं की भी भाग ले रही हैं। इस अखिल भारतीय स्पोर्टस प्रतियोगिता में रोईंग, कैनोईंग व कायकिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इस मौके पर अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स में भाग लेने के लिए पहुंचे सभी खिलाडि?ों ने भव्य मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी। उपमुख्यमंत्री ने वाटर स्पोर्ट्स में हिमाचल प्रदेश की टीम न होने के बावजूद हिमाचल पुलिस द्वारा इतने बड़े आयोजन की मेजबानी स्वीकार करने को बड़ा कदम बताते हुए पुलिस विभाग को शाबाशी दी। उन्होंने कहा कि यह ऊना के साथ-साथ प्रदेश के लिए भी गौरव का विषय है कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन ऊना जिला में हो रहा है। जलक्रीड़ा से जुड़े देश भर के विख्यात खिलाड़ी आज हमारे मध्य है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से अब प्रदेश में भी जलक्रीड़ा के अवसर प्रदान होंगे। उन्होंने कहा की प्रतियोगिताओं से न सिर्फ खेल जगत को बढ़ावा मिलेगा बल्कि यहां के लोगों को स्वरोजगार के साथ-साथ पर्यटन को भी मजबूती प्रदान होंगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से यहां की सुंदरता और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने काह कि प्रदेश को प्रकृति ने कई नदियां एवं जल स्त्रोत दिए है, जिस कारण यहां पर जल क्रीड़ाओं की अपार संभावनाएं है। जल क्रीड़ाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार के स्तर पर हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं प्रतिभा को खोजने में मदद करती है।

# हिमाचल को हेरोइन बेचने वाला मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

## पंडोगा में नाके के दौरान 5 .56 ग्राम चिट्टा संग काबू

**ऊना/राजन पुरी**

हरोली पुलिस ने पंडोगा में नाकेबंदी के दौरान हिमाचल को हेरोइन बेचेन वाले मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान गगनदीप निवासी जिला होशियापुर, पंजाब के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी गगनदीप हिमाचल के करीब 40 युवकों के साथ संपर्क में है।

मुख्य सप्लायर खुद भी करीब 3 वर्षों से चिटटे की गिरफ्त में है। बता दें कि हरोली पुलिस की एक टीम ने तीन दिन पहले पंडोगा चौकी में नाके के दौरान विवेक निवासी हमीरपुर को चिट्टे संग काबू किया था। जिसे पुलिस ने रिमांड के दौरान गहनता से



पूछताछ की। पूछताछ के दौरान हिमाचल के युवकों को हेरोइन बचने वाले मुख्य सप्लायर का पता चला, जिसे पंडोगा से गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य सप्लायर अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का प्रयोग करके ग्राहकों के संपर्क में रहता था। आरोपी पर होशियापुर पुलिस ने 52 ग्राम हेरोइन रखने का मामला दर्ज है। डीएसपी हरोली अनिल पटियाल ने बताया कि पुलिस ने हरोली पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टोलरेस नीति पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य सप्लायर पुलिस थाना बड़सर में भी वाछित बताया जा रहा है, जो वडसर की पुलिस टीम भी आरोपी को अपने केस में ले जाने के लिये सपर्क में है।

## न्यूज फ्लैश

### फायर सीजन के दृष्टिगत 15 मार्च से 30 जून तक ठीकरी पहरा लगेंगा :आरके गौतम

**नाहन/एसपी जैरथ**

उपायुक्त सिरमौर आरके गौतम ने बताया कि फायर सीजन 2023-24 के दृष्टिगत वनों में आगजनी की संभावित घटनाओं को देखते हुए सिरमौर जिला में 15 मार्च से 30 जून, 2023 तक ठीकरी पहरा नाईट पेट्रोलिंग, आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि ठीकरी पहरे के लिए सभी ग्राम पंचायत, अधिसूचित एरिया समिति, नगर परिषद और नगर पंचायतों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आगजनी की घटनाओं की सूचना और इस पर नियंत्रण पाने के लिए वन विभाग के कर्मचारियों की सहायता हेतु सभी सम्बन्धित ग्राम पंचायतें, अधिसूचित एरिया समिति, नगर परिषद और नगर पंचायतों के प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में योग्य व्यस्क पुरूषों की सहायता से ठीकरी पहरा लगाना सुनिश्चित बनाएंगे।

उपायुक्त ने आगामी फायर सीजन के दृष्टिगत जिला के सभी नागरिकों से सचेत रहने और वनों में आगजनी की घटना की तुरंत जानकारी अग्निशमन विभाग को देने का भी आग्रह किया है।

### हिमाचल :एचपीएसएससी में एक और फर्जीवाड़ा, ड्राइंग मास्टर की भर्ती में भी हुई गड़बड़ी

**शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग के पेपर लीक मामले की कड़ियां आगे जुड़ती जा रही हैं। अब विजिलेंस ने चयन आयोग की ओर से आयोजित कला अध्यापक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की पुष्टि भी की है। विजिलेंस जल्द मामले में तीसरी एफआईआर दर्ज करेगी। आयोग ने पोस्ट कोड 980 के तहत कला अध्यापकों के 314 पद भरने की 24 मईए 2022 को अधिसूचना जारी की थी। छंटनी परीक्षा के बाद 971 अभ्यर्थियों का 16 से 22 दिसंबर तक दस्तावेजों के सत्यापन के लिए चयन किया गया था, लेकिन अभी तक इसका अंतिम परिणाम घोषित नहीं हुआ।

एसआईटी के पास दो दर्जन से अधिक विभिन्न पोस्ट कोड की भर्तियों में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जांच में एसआईटी ने पाया कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग में कला अध्यापकों की भर्ती परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ। एसआईटी को इसके पर्याप्त सबूत मिले हैं। अभी तक विजिलेंस थाना हमीरपुर में जेओए आईटी और कंप्यूटर टीचर व जूनियर ऑडिटर भर्ती के पेपर लीक मामले में कुल दो एफआईआर दर्ज हैं।

### सीग्राम के रॉयल स्टैग ने नए भारत के लिए एक नई म्यूजिक प्रोपर्टी रॉयल स्टैकग बूमबॉक्स की शुरूआत की जनरेशन लार्ज का ओरिजनल साउंड



**शिमला:** लिविंग इट लार्ज की स्प्रिट को सेलीब्रेट करते हुए सीग्राम का रॉयल स्टैग रॉयल लाया है अपने किस्मे का पहला संगीतमय अनुभव जिसका नाम है रॉयल स्टैग बूमबॉक्स । यह युवा पीढ़ी की आवाज है एक ऐसा वर्ग जो पुराने ट्रेंड्स पर चलने के बजाय खुद के ट्रेंड्स बनाने में विश्वास रखता है ऐसा वर्गजो आत्मा को तृप्त करने वाले नए अनुभवों की निरंतर खोज में रहत है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स म्यूजिक इंडस्ट्री के दो अलग.अलग शैलियों को एक साथ लाया है जिसमें बॉलीवुड की मेलोडी और हिप.हॉप की गली वाइब को साथ लाया गया है जो ओरिजनल म्यूजिक और नया साउंडस्कोप बनाते हैं।विगत कई वर्षों से ब्रांड के लिए संगीत एक महत्वपूर्ण कंज्यूमर इंगेजमेंट पिलर रहा है। आज के युवा संगीत के नित नए रूपों को तलाश रहे हैं। हिप.हॉप जैसी समकालीन शैली देश के युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है जबकि बॉलीवुड की धुनें उनके सांस्कृतिक परिवेश का अभिन्न अंग बनी हुई हैं। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स इस पीढ़ी की कल्पना को साकार करना चाहता है जो संगीत उन्हें विरासत में मिला है उस शैली के साथ जो उनसे बात करती है वो हिप हॉप है। इस मिश्रण में हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ रचनाओं का स्वैग और इमोशनल हेफ्ट के साथ हिप.हॉप की थ्रोबिंग वाइब और ताकत होगी। कार्तिक मोहिन्द्रा,सीएमओ,पनोर्ड रिकार्ड इंडिया ने कहा, संगीत और अनुभव लोगों को एक साथ लाते हैं जो कोई और नहीं कर सकता और ये मस्ती् के प्राकृतिक इनेब्लंर हैं। रॉयल स्टैग ने हमेशा इस देश के युवाओं के जुनून को पूरा करने का प्रयास किया है और रॉयल स्टैग बूमबॉक्स कल के भारत से जुड़ने के लिए ब्रांड के लिए एकदम सही मंच है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स लिविंग इट लार्ज के रॉयल स्टैग के दर्शन का विस्तार है और एक साथ आने और नए अनुभवों का आनंद लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

# पेखूबेला सडक हादसे में बुलेट चालक की मौत, एक पीजीआई रेफर

**ऊना/राजन पुरी**

थाना ऊना के तहत पेखूबेला पुल के समीप टैंकर की टक्कर से बुलेट चालक की मौत हो गई, जबक साथी युवक गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान सतनात पुत्र रमेश कुमार निवासी नंगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। वहीं मामले की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को सतनाम अपने साथी प्रवेश कुमार के साथ बुलेट पर सवार होकर घर से ऊना की ओर आ रहे थे। पेखूवेला में पहुंचने पर सामने से आ रहे टैंकर के साथ टक्कर हो गई। हादसे में बाईक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे स्थानीय लोगों की सहायता से उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया। जहां पर डाक्टरों ने सतनाम को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रवेश को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के बाद बुलेट चालक के खिलाफ लापरवाही के वाहन चलाने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया गया है।

# जल संरक्षण में महिलाएं भागीदारी करें सुनिश्चित: डॉ लाल सिंह

**ऊना/राजन पुरी**

जल संरक्षण अभियान-3 का आयोजन वीरवार को टाहलीवाल के योगेश्वर ट्रेनिंग संस्थान में किया गया, जिसकी अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र ऊना के उपनिदेशक डॉ लाल सिंह ने की। इस अवसर पर उप निदेशक लाल सिंह ने बताया कि यह सप्ताह महिला दिवस सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य थीम कैच द रेन के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ युवाओं को जल का संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई गई।इस दौरान वोकेशनल प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक सतनाम कौर द्वारा प्रतिभागियों को महिलाओं




से जुड़े अधिकार एवं जल के महत्व के बारे में बताया गया तथा प्रतिभागियों से अपील की गई कि वह जल संरक्षण करके आने वाली पीढ़ी के लिए जल बचाएं। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें यूवीका ने प्रथम, शालू ने द्वितीय व रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा नारा लेखन प्रतियोगिता में मनीषा ने प्रथम, जसविंदर ने द्वितीय व सरोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्थान के एमडी रवि कुमार, प्रशिक्षक स्वर्णजीत कौर, महिमा, मनीषा सहित 50 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# प्रधानाचार्य लता शर्मा 33 वर्ष सेवाएं देने के बाद हुई रिटायर्ड

**ऊना/राजन पुरी**

प्राथमिक पाठशाला कुठार कलां में केंद्रीय मुख्य अध्यापक लता शर्मा 33 वर्ष तक सेवाएं देने के उपरांत वीरवार को सेवानिवृत हो गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब ग्रेटर ऊना द्वारा उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्तम सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया।

क्लब के प्रधान हरीश साहनी ने बताया कि लता शर्मा के अध्यापन कार्य में उत्तम सेवा के लिए उन्हे रोटरी लिटरेसी अवार्ड 2021 से भी सम्मानित किया गया था।



उनके सम्मान में रखे गए विदाई समारोह में शिक्षा विभाग में कार्यरत अध्यापकों ने उनकी कर्मठ सेवा के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। इस मौके पर सचिव अश्वनी ऐरी, महेंद्र वर्मा, रीना वर्मा, अजय, शशि शर्मा समेत अन्य उपस्थित रहे।

## 4 मार्च को होगा दिव्यांगता शिविर का आयोजन

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**

चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू डॉ नरेश चंद ने गत दिवस को बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में 4 मार्च को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिवर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. कल्याण सिंह ठाकुर व डॉ नेहा वर्मा, कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुशांत शर्मा, डा. अभिषेक बदन व डॉ अशोक, शल्य चिकित्सा डॉ कमल दत्ता, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ तेनजिंग मेंटोक, नेत्र विशेषज्ञ डॉ ऋ चा शर्मा, डोला राम डीए डिसेबिलिटी, अपनी सेवाएं देंगे।

# निजी अस्पताल में नाक के आप्रेशन के बाद युवक की मौत

**ऊना/राजन पुरी**

जिला ऊना के मैहतपुर स्थित एक निजी अस्पताल में नाक के आप्रेशन के बाद एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान दविंदर कुमार निवासी सलोनी के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने अस्पताल में आप्रेशन करने वाले चिकित्सक पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत सौंपी है। वहीं पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना मैहतपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार को दविंदर कुमार मैहतपुर के निजी अस्पताल में नाक की बीमारी को लेकर आप्रेशन करवाने गया था,

जिसका आप्रेशन पंजाब के मोहाली स्थित एक निजी अस्पताल के चिकित्सक द्वारा मैहतपुर स्थित निजी अस्पताल में ही किया गया, लेकिन आप्रेशन के बाद युवक की हालत बिगड़ गई और उसे सांस लेने में दिक्कत पेश आने लगी। चिकित्सक ने युवक को तुरंत मोहाली स्थित अपने अस्पताल में शिफ्ट करने का निर्णय लिया और जब तक युवक मोहाली पहुंचा तक तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस पूरे मामले को लेकर मृतक के परिजनों का चिकित्सक के खिलाफ गुस्सा फुट पड़ा और उन्होंने तुरंत इस मामले की सूचना पुलिस को देते हुए कार्रवाई न होने की स्थिति में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दे डाली। मृतक के परिजनों शिव कुमार व रविंद्र कुमार का आरोप है कि चिकित्सक की लापरवाही के चलते ही दविंदर कुमार की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि दविंदर खुद अपनी ही बाइक पर आप्रेशन करवाने गया था और वो बिलकुल तंदरुस्त था।

**युवक का आप्रेशन रहा सफल**

वहीं निजी अस्पताल के संचालक डॉ. कोमल मलिक ने परिजनों द्वारा लगाए जा रहे लापरवाही के आरोपों को खारिज किया है। डॉ. कोमल मलिक ने कहा कि युवक का आप्रेशन सफल हो गया था लेकिन जब आप्रेशन के बाद युवक को शिफ्ट करने लगे तो उसकी सांस रुकने लगी जिसके बाद युवक को मोहाली शिफ्ट भी किया गया लेकिन तक तक युवक की मृत्यु हो चुकी थी।

**चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज**

डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मैड़ी मेले में श्रद्धालु का गुम पर्स लौटाकर दी ईमानदारी की मिसाल

**ऊना/राजन पुरी**

आज के दौर में भी ईमानदारी जिंदा है। इसकी मिसाल मैड़ी मेले में तैनात कर्मियों ने एक श्रद्धालु का पर्स लौटाकर दिखाई है। पार्किगं में तैनात इन कर्मियों की ईमानदारी के आसपास खूब चर्चा हो रही है।

दरअसल वीरवार को मैड़ी मेले में पंजाब से आए एक श्रद्धालु साजन सिंह का पर्स हेवी व्हीकल पार्किंग में गुम हो गया और यह पर्स पार्किंग में तैनात कर्मियों को मिल गया। थोड़ी ही देर बाद जब साजन सिंह अपना पर्स ढुंढता हुआ इन कर्मियों के पास पहुंचा,



तब हेवी व्हीकल पार्किंग के ठेकेदार निरंजन सिंह ने अपने साथी को साथ लेकर पूरी पहचान पूछने के बाद इसके पर्स में रखे हुए डॉक्यूमेंट व 5000 वापस कर दिए। साजन सिंह ने इन लोगों की इस ईमानदारी के लिए प्रदेश सरकार का शुक्रिया अदा किया है।

# जिला परिषद किन्नौर की त्रैमासिक बैठक आयोजित, विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा

**किन्नौर/अनिल**

जिला परिषद किन्नौर की त्रैमासिक बैठक गत दिवस को जिला परिषद अध्यक्ष निहाल चारस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निहाल चारस ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि वह पिछली बैठक में प्रस्तुत हुए प्रस्तावों पर हुए कार्य की प्रगति का ब्योरा समय पर दें ताकि बैठक के दौरान सदस्यों को उनके प्रस्ताव से संबंधित वास्तु स्थिति से अवगत करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिला को विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाना हम सभी का उद्देश्य है और इस उद्देश्य को पूरा करने में सभी का सहयोग आवश्यक है। बैठक के दौरान जिला में बढ़ रही नशे की लत की



रोकथाम बारे चर्चा की गई जिसमें पुलिस विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि विभाग द्वारा ड्रग फ्री एप्प जारी किया गया है जिसमें कोई भी व्यक्ति नशे से सम्बंधित जानकारी दे सकता है और इसमें उसकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रहती है। उन्होंने जिला परिषद सदस्यों से इस एप्प को लेकर लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया। सदस्यों ने पुलिस विभाग से हॉटस्पॉट्स पर गश्त बढ़ाने का आग्रह किया ताकि नशे के कारोबार को जड़ से खत्म किया जा सके।इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा लोगों को साइबर क्राइम के बारे में फेसबुक और ट्विटर के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है तथा समय.समय पर गांव में जा कर भी लोगों को इस बारे में बताया जा रहा है। बैठक में पुलिस विभाग को ग्राम सभा में भी जा कर लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया गया। बैठक में घटिया किस्म के मटर के बीज वितरित कर किसानों को हुए नुकसान बारे प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि विभाग के पास उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध है इसलिए लोग बाहर से बीज न लें। कल्पा पंचायत को एचपीपीसीएल परियोजना से 500 दिन की न्यूनतम दिहाड़ी के बराबर धनराशि उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव पर एचपीसीएल के प्रतिनिधि ने बताया कि कल्पा पंचायत को परियोजना से 500 दिन की दिहाड़ी के समकक्ष वित्तीय राशि प्रदान की जा चुकी है और शेष 200 दिनों की राशि का भुगतान मार्च 2023 तक जारी कर दिया जायेगा। बैठक में रिब्बा कंडे में सम्पर्क सडक का निर्माण कार्य न होने पर अधिशाषी अभियन्ता कल्पा मण्डल ने बताया कि इस सडक का कार्य जिस ठेकेदार को दिया गया था वह कार्य छोड़ गया है तथा अब इसके लिए दोबारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित कर कार्य आरंभ कर दिया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्पीलो में संपर्क सडक पंचायत घर तक का कार्य अभी तक शुरू नहीं होने बारे प्रस्ताव पर अधिशासी अभियंता कल्पा मण्डल लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि इस कार्य के लिए दोबारा निविदाएं आमंत्रित की गई पर हैं।

# राजकीय सीसे स्कूल हरनोड़ा से प्रधानाचार्य राजीव भारद्वाज हुए सेवानिवृत्त

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

कोल डैम क्षेत्र की वादियों में स्थित राजकीय सीसे स्कूल हरनोड़ा में प्रधानचार्य रहे राजीव भारद्वाज सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर स्कूल स्टाफ , प्रबंधन व क्षेत्र के लोगों की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अपने सगे संबंधियों के साथ बतौर मुख्यातिथि स्कूल पहुंचे राजीव भारद्वाज का स्कूल प्रशासन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान समारोह पर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। वहीं मंच संचालक प्रवक्ता ममता ठाकुर की ओर से



राजीव भारद्वाज की शिक्षक यात्रा के बारे में प्रकाश डाला गया। मुख्याध्यापक पद से सेवानिवृत रहे पिता स्वर्गीय परमानन्द भारद्वाज और माता ज्ञान देवी के घर में पैदा हुए है। पढ़ाई कुशाग्रता से अध्ययन करने वाले राजीव भारद्वाज ने 1986 के दौर के आसपास जिले में प्रशिद्ध पंजगाईं की रामलीला में भगवान प्रभु श्री राम का अभिनय कर नाम रोशन किया था।

# कांग्रेस श्वेत पत्र लाए हम चर्चा के लिए तैयार : जयराम

## प्रदेश की जन कल्याणकारी योजनाओं को कांग्रेस ने लगाया ग्रहण

**शिमला/चमन शर्मा**



भाजपा ने शिमला के शेर ए पंजाब पर त्रिपुरा और नागालैंड में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का जश्न मनाया इस जश्न में भाजपा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाजपा कार्यकताओं ने नारे लगाकर वातावरण को भाजपामय कर दिया और इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लड्डू वितरण का कार्यक्रम भी किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि त्रिपुरा और नागालैंड में भाजपा का बेहद अच्छा प्रदर्शन रहा है और इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को शुभकामनाएं। चुनावों में ऐसे राज्य भी हैं जिसमें वामपंथियों का शासन उस राज्य में लंबे समय से था पर भाजपा ने उस पर विराम लगाया। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार जल्द श्वेत पत्र लाने की बात कर रही है हम उसका स्वागत करते हैं और उस श्वेत पत्र पर हम खुली चर्चा करने को तैयार है। एक बार हम फिर स्पष्ट कर देते हैं कि जो आंकड़े कांग्रेस पार्टी ने नेतागण जनता के समक्ष पेश कर रहे हैं वह पूर्ण रूप से गलत है। अगर सत्ता में रहते किसी पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा ऋण लिया है तो वह कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को सरकार चलाते 3 महीने हो गए हैं और अभी तक हिमाचल प्रदेश में कोई भी नया कार्य नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री को भाजपा के ऊपर आरोप लगाने के बजाय हिमाचल प्रदेश में कुछ नया करके दिखाना चाहिए। जब से हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तबसे पूरे प्रदेश में विकास ठप है अभी मैं कांगड़ा के प्रवास पर गया था वहां भी विकास की गति धीमी पड़ गई है। इसी प्रकार अगर शिमला की बात भी करें तो जो विकास कार्य जो यहां चल रहे थे उनको भी रोक दिया गया है। कांग्रेस को आरोप और प्रत्यारोप की राजनीति पर विराम लगाते हुए विकास के बारे में बात करनी चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की थी पर कांग्रेस कि यह सरकार इन योजनाओं में केवल विघ्न डालने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सरकार थी तो कांग्रेस पार्टी हेलीकॉप्टर को लेकर हल्ला मचाती थी पर अब हेलीकॉप्टर का प्रयोग मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और उनके मंत्री कर रहे हैं पर हम चुप हैं, देखना यह है कि कांग्रेस पार्टी के नेता हेलीकॉप्टर का कितना प्रयोग करते हैं। हिमाचल प्रदेश में पूरे देश भर में सबसे कम दरों पर हेलीकॉप्टर को किराए पर लिया गया था देखना यह है कि अब कांग्रेस कितने में हेलीकॉप्टर का सौदा करती है।

इस अवसर पर भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल, रणधीर शर्मा, राकेश जम्वाल, सहित आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं और महिलाओं को कांग्रेस पार्टी में जोड़ने का किया जायेगा काम: शिवकुमार

**सोलन/मनीष**



लोकसभा चुनाव को लेकर अब सभी राजनीतिक दल कमर कसने लगे हैं, इसको लेकर जहां भाजपा बूथ स्तर पर अपने कार्यकताओं को तैयार कर रही है वहीं अब कांग्रेस ने भी इसको लेकर युवाओं और महिलाओं को जोड़ने का अभियान शुरू कर दिया है, ताकि कांग्रेस अपनी पार्टी में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर सके और उन्हें लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए भी तैयार कर सके। सोलन में वीरवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है, इसके लिए 24-26 फरवरी तक रायपुर छतीसगढ़ में कांग्रेस का महाअधिवेशन हुआ है जिसमे ये निकलकर आया है कि कैसे कांग्रेस को मजबूत किया जाए। इसके लिए कई अहम कदम कांग्रेस हाईकमान ने कार्यकताओं से सुझाव भी मांगे है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अब एक अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी हर प्रदेश हर जिले में युवाओं और महिलाओं को जोड़ने के कार्य करने जा रही है जिसमे युवाओं और महिलाओं को जहां कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा, वहीं बेहतर कार्यकर्ताओं को भविष्य में टिकट को लेकर भी आगे किया जाएगा, क्योंकि अधिवेशन में भी इस पर चर्चा की गई है कि युवाओं और महिलाओं को आगे लाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाए। ताकि घर घर तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंच सके। शिवकुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव आने वाले है और प्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह से मजबूत है, उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेनी शुरू कर दी है और इसको लेकर समय समय पर अभियान भी चलाए जा रहे है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बार लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए चारों सीटों पर कब्जा करने वाली है।

## न्यूज फ्लैश

### आईआरसीटीसी ने को ब्रांडेड ट्रेवेल क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी की

**शिमला**: रेल मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी)और भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज भारत के सबसे पुरस्कृत को.ब्रांडेड ट्रेवेल क्रेडिट कार्डों में से एक को लॉन्च करने के लिए साझेदारी की घोषणा की। आईआरसीटीसी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड के नाम से जाना जाने वाला नया कार्ड लॉन्च किया गया को.ब्रांडेड कार्ड एक ही संस्करण में है और विशेष रूप से एनपीसीआई के रुपे नेटवर्क पर उपलब्ध है। पराग राव,ग्रुप हेड पेमेंट्स,कंज्यूमर फाइनेंस,डिजिटल बैंकिंग और आईटी एचडीएफसी बैंक ने कहा एचडीएफसी बैंक देश को सर्वश्रेष्ठ बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आईआरसीटीसी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड हमें देश भर में लाखों भारतीों को अपना कार्ड प्रदान करने में सक्षम करेगा। भारतीय रेलवे देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में से एक है और हमें खुशी है कि हम ट्रेन यात्रियों के लिए टिकट बुक करने के समय से ही ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए आईआरसीटीसी के साथ साझेदारी करने वाले पहले निजी क्षेत्र के बैंक बन गए हैं। देश में सबसे बड़े कार्ड जारीकर्ता के रूप में हमारा प्रयास भारत में भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के पोषण और समर्थन के लिए नए तरीके खोजने का लगातार प्रयास है।इस सहयोग पर टिप्पणी करते हुए आईआरसीटीसी की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी हसीजा ने कहा एचडीएफसी बैंक देश के सबसे बड़े और भरोसेमंद बैंकों में से एक है। हम इस पहल के लिए उनके साथ साझेदारी करके खुश हैं। को.ब्रांडेड कार्ड अधिकांश प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध नए खुले अत्याधुनिक लाउंज तक विशेष पहुंच प्रदान करता है। क्रेडिट कार्ड ऑनलाइन लेन.देन को सुव्यवस्थित करने में मदद करेगा और साथ ही साथ हमारे ग्राहकों को सर्वोत्तम.इन.क्लास लाभ और अनुभव प्रदान करेगा।सुश्री प्रवीना राय चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने कहा रुपे में हमारे सभी प्रस्तावों और नवाचारों के केंद्र में ग्राहक हैं। हम को.ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए आईआरसीटीसी और एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी करके खुश हैं जो ग्राहकों को रेल यात्रा के साथ.साथ उनकी खरीदारी की जरूरतों के लिए निर्बाध भुगतान सुविधा और आकर्षक लाभ प्रदान करेगा।कार्ड यात्रियों को बेहतर मूल्य और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए दो प्रमुख भारतीय ब्रांडों की ताकत को जोड़ता है।

### सैवलॉन स्वस्थ इंडिया ने सचिन तेंदुलकर को हैंड एम्बैसेडर बनाया



**शिमला**: सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन ने एक अनूठा कदम उठाते हुए दुनिया के महान क्रिकेट खिलाड़ियों में से एक सचिन तेंदुलकर को विश्व का पहला हैंड एम्बैसेडर बनाने की घोषणा की है दुनियाभर में क्रिकेट विश्व में अपने योगदान के लिए मास्टर ब्लास्टर का नाम बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है उन्होंने क्रिकेट इतिहास में कई कीर्तिमान स्थापित करते हुए पीढ़ियों को प्रेरित किया है अब एक विशेष सरोकार के लिए वह अपने अनमोल हाथों से एक और उपलब्धि हासिल करने जा रहे हैं सचिन एक हैंड एम्बैसेडर के तौर पर उचित तरीके से हाथ धोने के लिए करोडों लोगों को प्रेरित करेंगे आईटीसी का सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन नए–नए अनुभवों और पहलों के माध्यम से हाथों की साफ–सफाई की दिशा में व्यवहार में बदलावलाने के मामले में सबसे आगे रहा है। रोके जा सकने योग्य संक्रमण हमारे देश पर बड़ा आर्थिक बोझ डालते हैं, लेकिन बीमारियों को फैलने से रोकने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है नियमित रूप से हाथ धोना। पहले हैंड एम्बैसेडर के तौर पर सचिन तेंदुलकर के साथ, सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन एक स्वस्थ राष्ट्र के लिए हाथों को साफ रखने की संस्कृति विकसित करने की अपनी यात्रा में और आगे बढ़ रहा है। समीर सत्पथी, डिविजनल चीफ एक्जीक्यूटिव, पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स बिजनेस, आईटीसी लिमिटेड ने कहा कि साबुन या हैंडवॉश से हाथ धोना दैनिक हाईजीन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो हमें संपूर्ण स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायता करता है। इसके लिए विशेष तौर पर बच्चों में और समाज में इस स्वस्थ आदत का निर्माण करने के लिए लगातार जोर दिए जाने और जुड़ाव बनाने की आवश्यकता है। हाथों की स्वच्छता के मामले में लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए सैवलॉन स्वस्थ इंडिया मिशन सबसे आगे रहा है।

# 3 मार्च को होगा सम्मान समारोह : रजनीश

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश वन विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन मंडी द्वारा 3 मार्च को एक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।

इस सम्मान सामारोह एसोसिएशन के राज्यअध्यक्ष प्रकाश बादल को वन विभाग के कर्मचारियों के लिए किये गए अनेक सराहनीय कार्यों के मद्देनज? दिया जा रहा है। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वन वृत्त मंडी के सीसी एफ अनिल जोशी होंगे। इस आयोजन में वन विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की मंडी इकाई के कर्मचारी भाग लेंगे। यह जानकारी वन विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन मंडी इकाई के अध्यक्ष रजनीश ठाकुर ने दी। रजनीश ने बताया कि एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश बादल के नेतृत्व में वन विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ के लिए अनेक कार्य पिछले चार महीनों के कम समय में पूर्ण किये गए।

रजनीश ने बताया कि प्रकाश बादल के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक सफ लता के रूप में पहला कार्य विभाग में पिछले सैंतीस वर्षों से प्रमोशन का रास्ता देख रहे अधीक्षक ग्रेड-1 के लिए दस पोस्टें सृजित एवं स्तरोन्नत कर एक सराहनीय कार्य किया है।

# राज्य सरकार अंतर-जिला मार्गों पर ई-बसें चलाने की बना रही है योजना

**शिमला/चमन शर्मा**



हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2025 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिएए राज्य सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की डीजल बसों के बेड़े को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों से बदलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंतर-जिला मार्गों पर ई-बसें चलाने की योजना बना रही है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण कंपनियों को पहाड़ी क्षेत्र, भार क्षमता और सामान के लिए जगह जैसे विभिन्न मापदंडों को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध तरीके से हिमाचल स्पेसिफिक प्रोटो टाइप इलेक्ट्रिक बसें डिजाइन करने को कहा। उन्होंने कंपनियों से आधुनिक तकनीक युक्त गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का निर्माण सुनिश्चित करने को भी कहा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रोटो टाइप ई-बसों के लिए सभी तौर-तरीके और विनिर्देश तय करने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को श्रेष्ठ एवं आरामदायक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए दृढ़ प्रयास किए जा रहे हैं। ई-वाहनों को अपनाना इस दिशा में एक मील पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार परवाणू-नालागढ़-ऊना-हमीरपुर-नादौन-देहरा राजमार्ग को क्लीन एंड ग्रीन कॉरिडोर बनाने की योजना बना रही है और इसके लिए आवश्यक अधोसंरचना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन विभाग देश का पहला ऐसा विभाग है जिसने पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया है। उन्होंने कहा कि अन्य विभागों को भी चरणबद्ध तरीके से ई.वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार, सहित आदि उपस्थित रहे।

# नेहरू युवा केंद्र कुल्लू द्वारा आयोजित किया गया आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**



नेहरु युवा केन्द्र कुल्लू युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डा. सुजाता प्राचार्य इंचार्ज राजकीय महाविद्यालय कुल्लू द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, अपने संबोधन में उनके द्वारा उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना एक गर्व का विषय है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के साथ नरेंद्र शर्मा जिला लोक संपर्क अधिकारी कुल्लू, विवेक शर्मा विकास अधिकारी खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड, जिला भाषा अधिकारी सुनिला ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम जी-20 के बारे में वेद राम ठाकुर सीडब्लूसी के अध्यक्ष ने सत्र लिया, साथ ही डॉ रतनेश प्रोफेसर इकोनोमिक्स राजकीय महाविद्यालय कुल्लू द्वारा जी-20 पर जानकारी दी गई, जी-20 समिट हर साल की जाती है जिसमें सभी 20 देश सोशियोइकोनॉमिक इशूज पर चर्चा करते है। हर साल इसकी अध्यक्षता करने का मौका एक अलग देश को दिया जाता है, जोकि इस बार भारत के पास है। द्वितीय सत्र में डॉ चंद्रकांता कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा द्वारा मोटे अनाज पर जानकारी दी गई।

# मशीन की चपेट में आने से कामगार झुलसा

**ऊना/राजन पुरी**

मैहतपुर स्थित एक निजी उद्योग में कार्यरत कामगार मशीन की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गया, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया। जहां पर उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार निवासी बहड़ाला मैहतपुर स्थित एक निजी उद्योग में काम करता था। गत रात को दिनेश कुमार फैक्टरी में काम कर रहा था, तो इस दौरान एकाएक मशीन की चपेट में आ गया। जिससे दिनेश कुमार बुरी तरह से झुलस गया। साथी कामगारों द्वारा दिनेश कुमार को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता: विक्रमादित्य सिंह



**शिमला/चमन शर्मा**

प्रदेश सरकार हिमाचल के सभी शैक्षणिक संस्थानों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने तथा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जानकारी आज लोक निर्माण व युवा सेवाएं एवं खेल विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शोघी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के उपरांत उपस्थित बच्चों, अभिभावकों तथा पंचायत क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों व खेलकूद अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे कल का भविष्य है इसलिए बच्चों को खूब मेहनत कर अपना भविष्य उज्जवल कर अपने माता-पिता एवं अध्यापकों का नाम रोशन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य द्वारा स्कूल से संबंधित ध्यान में लाई गई समस्याओं सहित अध्यापकों के खाली पदों को भी शीघ्र भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल के बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम निर्माण के लिए शीघ्र ही प्राक्लन तैयार कर एक मुश्त राशि स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने स्कूल परिसर में सीसीटीवी स्थापित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से राशि मुहिया करवाने का भी आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र समाप्ति के उपरांत पूरे विधासभा क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आनंदपुर क्षेत्र में 9 करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से निर्मित किया गया साइंस लर्निंग एंड क्रियेटिव सेंटर बनकर तैयार है।

# चंबा से चामुंडा रूट पर बस सेवा शुरू: विधायक नीरज नैय्यर

**चंबा/हामिद**



विधानसभा क्षेत्र चंबा के सदर विधायक नीरज नैय्यर ने जानकारी देते हुए बताया कि चंबा से चामुंडा रूट पर हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस सेवा शुरू कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 1 दिन छोडकर चंबा से कटड़ा के लिए भी बस सेवा निगम द्वारा आरंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि चंबा से कटड़ा रूट कोरोना की वजह से बंद कर दिया गया थाए अब इस रूट को बहाल कर दिया गया है। इन दोनों बस रूटों के सुचारू होने से समस्त जिला के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि चंबा-चामुंडा रूट पर निगम की बस चंबा से सुबह 4:35 बजे रवाना होगी और चामुंडा 11:20 बजे पहुंचेगी तथा चामुंडा से दोपहर 2:40 बजे से रवाना होकर रात 10 बजे चंबा पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि 1 दिन छोडकर चंबा से कटड़ा जाने वाली बस चंबा से सुबह 7:30 चलेगी और कटड़ा शाम 7 बजे पहुंचेगी तथा दूसरे दिन सुबह कटड़ा से 6 बजे से रवाना होकर शाम 5:30 चंबा पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार लोगों एवं पर्यटकों को सुविधाजनक, सुरक्षित, आरामदेय एवं पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर छोर को बेहतर रोड़ कनेक्टिविटी एवं परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार यात्रियों को शानदार यात्रा अनुभव प्रदान करने और बस अड्डों पर आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# करुणामूलक आश्रितों की पॉलिसी में बदलाव करे सरकार, बजट में करें प्रावधान: सोनी

**सोलन/मनीष**




सोलन में वीरवार को करुणामूलक संघ जिला सोलन द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला के अध्यक्ष राहुल सोनी द्वारा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी कैबिनेट में पहुंची संशोधन व बजट में करुणामूलक आश्रित परिवारों के लोगों के लिए बजट में प्रावधान किया जाए वही सभी विभागों बोर्डों निगमों और यूनिवर्सिटी में करुणामूलक नियुक्तियां की जाएं। उन्होंने कहा कि की करुणामूलक के आधार पर दी जाने वाली नौकरियां पिछले 15 सालों से लटकी हुई है उनके बारे में आश्रित परिवार लगातार मांगे बिक रहे हैं जिला सोलन में भी ढाई सौ मामले लटके पड़े हैं, राहुल सोनी ने कहा कि आगामी कैबिनेट में पॉलिसी संशोधन किया जाए संघ की बातों का ध्यान रखा जाए जिजमे 5 लाख आय सीमा निर्धारित की जाए जिसमें एक व्यक्ति सालाना आय शर्त को हटाया जाए, वहीं वित विभाग के द्वारा रेजेक्टेड कैसों को कंसिडेर न करने की नोटिफिकेशन को तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया जाए और रेजेक्टेड केसों को दोवारा कंसिडेर करने की नोटिफिकेशन जल्द की जाए। राहुल सोनी ने कहा कि क्लास-सी व क्लास-डी में 5 प्रतिशत कोटे की शर्त को हमेशा के लिए हटा दिया जाए। वहीं योग्यता के अनुसार क्लास -सी व क्लास-डी के सभी श्रेणियों के सभी पदों में नोकरियां दी जाए ताकि एक पद पर बोझ न पड़े, वहीं जिन विभागों में खाली पोस्टें नही है उन केसों को अन्य विभाग में शिफ्ट करके नोकरियाँ दी जाए। राहुल सोनी ने कहा कि बजट सत्र में करुणामूलक आश्रितों के लिए अलग से स्पेशल बजट का प्राबधान किया जाए। समस्त करुणामूलक परिवारों को क्लास-सी व क्लास-डी में अप्रेल माह से नियुक्तियाँ दी जाए, इन सभी मांगो पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए ताकि सब परिवारों के तहत नोकरी मुहैय्या हो सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हमेशा से ही कर्मचारियों के हित की बात करती आई है और जिस तरह से ओपीएस को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पहल की है उसी तरह करुणामूलक संघ की मांगों की तरफ ध्यान देते हुए उन्हें पूरा किया जाए।

# जिला पर्यावरण प्रबंधन योजना का प्रभावी कार्यान्वयन बनाएं सुनिश्चित: डीसी राणा

**चंबा/हामिद**

उपायुक्त डीसी राणा ने कहा है कि सभी स्थानीय निकाय एवं संबंधित विभाग जिला पर्यावरण प्रबंधन योजना का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि यह भी सुनिश्चित बनाया जाए की राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी द्वारा निर्धारित मापदंडों और नियमों का अक्षरशः पालन हो। उपायुक्त आज जिला पर्यावरण प्रबंधन योजना को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। जिला में विभिन्न विभागीय परियोजनाओं और अवसंरचनाओं के निर्माण के दौरान निकलने वाले व्यर्थ मलबे के उचित समायोजन को लेकर उपायुक्त ने निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित एजेंसी या विभाग को उचित स्थल चिन्हित कर सूची एसडीएम को उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए। डीसी राणा ने नगर परिषद चंबा के अधिकार क्षेत्र में व्यर्थ पदार्थों का उचित निपटारा सुनिश्चित बनाने के लिए चंबा शहर के साथ लगते भगोत क्षेत्र में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी स्थापित करने को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश जारी किए। नगर परिषद के ठेकेदार द्वारा कूड़े-कचरे को रावी नदी एवं सहायक नालों में गिराए जाने पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने जिला पुलिस को जल संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई करने को निर्देशित किया। उपायुक्त ने प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी के बनीखेत कस्बे में व्यर्थ पदार्थ निष्पादन संयंत्र लगाने के लिए राष्ट्रीय जल विद्युत निगम को सहयोग करने को कहा। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बनीखेत कस्बे में होटल-रेस्टोरेंट और स्थानीय घरों से निकलने वाली सीवरेज की गंदगी को नाले में फेंकने वालों लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी जारी किए।

## न्यूज फ्लैश

### दु:ख भंजन दरबार में होली महोत्सव 4 व 5 को

**पानीपत:** ऊं गुरू शरणम परिवार पानीपत द्वारा 25वां वार्षिक होली महोत्सव 4 व 5 मार्च मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कोचर ने बताया कि तहसील कैंप के सुभाष नगर स्थित दुःख भंजन दरबार में आनंद प्रकाश महाराज के सानिध्य में होली महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें 4 मार्च को भजन संध्या सांय 6 बजे, प्रवचन सांय 8:30 बजे व भंड़ारा रात 9 बजे होगा। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी संजय सहगल द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया जाएगा। भजन नरेश सहगल प्रस्तुत करेंगे। जबकि 5 मार्च को प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरिन्द्र बुल्ले शाह करेंगे ज्योत प्रज्जवलित छोटा गोयल माधव व पालकी सेवा छोटा कश्यप अर्थ करेंगे। शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः11 बजे समाजसेवी श्रीराम चुटानी करेंगे। वहीं श्री महाकाली जी की महाआरती दोपहर 1 बजे फतेहपुरी चौक पर होगी। जिसमें अतिथिगण दशहरा कमेटी सनौली रोड के प्रधान रमेश माटा, समाजसेवी सोमनाथ कपूर, नवजीवन चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामनाथ मोगा,समाजसेवी सन्नी मदान होंगे। आरती के बाद विशाल लंगर लगाया जाएगा।

### भाजपा पीड़ितों की सुनने की बजाए दमन करती है: सुनील दत्त

**पानीपत: मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी के जिला सचिव सुनील दत्त ने चंडीगढ़ में प्रदर्शनकारी सरपंचों को पुलिस द्वारा दौड़ा-दौड़ा कर पीटने की घटना की निंदा की और जनता पर और ज्यादा महंगाई की मार डालने के लिए घरेलू गैस सिलेंडर में 50 रुपए की वृद्धि और कमर्शियल सिलेंडर में 350 रुपए की वृद्धि जनता के जनजीवन पर गहरा प्रभाव डालेगी। हर दूसरे तीसरे महीने इसी तरह से गैस के दाम बढ़ रहे हैं जिसका सीधा असर खाद्य वस्तुओं पर बढ़ती महंगाई के रूप में जनता पर पढ़ रहा है। सुनील दत्त ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली तानाशाह सरकार जनता व जनता के चुने गए जनप्रतिनिधियों कि लोकतंत्र अधिकारों को ही पुलिस दमन से छीन रही है। पिछले 1 महीने से ज्यादा समय से हरियाणा के सरपंच अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से राज्यव्यापी आंदोलन चला रहे हैं लेकिन जैसे चंडीगढ़ में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर किए गए बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज से यह पता चलता है की सरकार जो भी अपनी मांग उठाता है तो सरकार सुनने की बजाय आंदोलन को कुचलने के लिए पुलिस दमन का प्रयोग करती है।

### करीना ने बच्चों का समयबद्ध टीकाकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया

**गाजियाबाद।** ग्लैक्सोस्मिथक्लीन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने आज प्रतिष्ठित अभिनेत्री और दो बच्चों की मां करीना कपूर खान को अपने नवीनतम डिजिटल अभियान फैसला सही, जिंदगी सही से जोड़ने का एलान किया है। इस अभियान के तहत जीएसके ने माता-पिता से बच्चों के लिए बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा बताए गए टीके समय पर लगवाने का आह्वान किया है। नवजात शिशुओं के लिए ही नहीं, बल्कि एक साल और उससे आगे की उम्र में भी टीकाकरण का उतना ही ध्यान रखा जाना चाहिए। इस डिजिटल फिल्म में करीना जीवन के उन पलों के बारे में बात करती हैं, जो सही समय पर टीका नहीं लगवाने के कारण बच्चे अक्सर गंवा देते हैं। इस अभियान के बारे में करीना कपूर खान ने कहा, ह्यमैं जीएसके जैसी भरोसेमंद कंपनी के साथ मिलकर बच्चों के टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल का हिस्सा बनकर खुश हूं। एक मां के रूप में मैं अपने बच्चों को स्वस्थ एवं खुश देखना चाहती हूं। जब मैं बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा बताए हुए टीके अपने बच्चों को सही समय पर लगवाती हूं तो असल में मैं उन्हें कई बीमारियों से बचाने का प्रयास करती हूं। बचपन में होने वाले फ्लू, मेनिंजाइटिस, चिकन पॉक्स और हेपेटाइटिस ए जैसे संक्रमण बच्चों के लिए खतरनाक हो सकते हैं और कुछ मामलों में बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराने की स्थिति भी हो जाती है। इससे बच्चों के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। टीकाकरण बच्चों को इन खतरनाक संक्रमणों से बचाने और उनके जीवन को स्वस्थ रखने में सहायता कर सकता है। ग्लैक्सोस्मिथक्लीन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट-मेडिकल अफेयर्स डॉ. रश्मि हेगड़े ने कहा, ह्यपिछले साल देश में कुछ ऐसी बीमारियों के मामले सामने आए थे, जिनसे टीका लगाकर बचना संभव होता है। उदाहरण के तौर पर पिछले साल मई से नवंबर के बीच देशभर में खसरा के 11,000 से ज्यादा मामले सामने आए थे। इसी तरह अगस्त, 2022 में महाराष्ट्र में स्वाइन फ्लू और अक्टूबर, 2022 में कोटा में हेपेटाइटिस ए के मामले देखे गए थे।

# राजीव-कविता जैन से मिले गृह मंत्री विज

**सोनीपत/संजीव कौशिक**

**गृह मंत्री अनिल** विज अचानक पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा नेता राजीव जैन एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की और कहा कि कार्यकर्ता हमारी जान है, और कार्यकर्ताओं के दम पर ही सरकारें बनती व चलती है। गृहमंत्री विज गुड़गांव जी-20 सम्मेलन में भाग लेने के बाद अंबाला लौटते समय सोनीपत पहुंच गए, जहां जैन दंपत्ति ने परिवार सहित पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड में भाजपा गठबंधन की जीत पर बधाई दी। विज एक घंटा तक रुके और कविता जैन से विधानसभा कार्रवाई के पुराने दिनों की याद ताजा की। जैन





दंपत्ति ने सोनीपत को कमिश्नरी बनाने के लिए धन्यवाद किया और पुत्र दिव्यांक जैन के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विज ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कमिश्नरी बनने से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होगी और धीरे-धीरे सभी साधन उपलब्ध करवाकर पुलिस तंत्र को मजबूत किया जाएगा ताकि अपराधी पंख न मार सके। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में जो भी डॉक्टर मरीज का इलाज करने की बजाय दूसरे अस्पताल में रेफर करेगा उसे रेफर करने के कारण देने होंगे अन्यथा उस चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही होगी। मौके पर पहुंचे पार्षद हरीश सैनी, सुरेंद्र मदान, बबीता कौशिक तथा संजीव वलेचा ने नगर निगम की कार्यप्रणाली में सुधार का आग्रह किया ताकि विकास कार्य तेजी से हो सके। सहायक पुलिस आयुक्त विरेंद्र राव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयकिशोर तथा सेक्टर 27 थाना प्रभारी रविंदर कुमार उपस्थित रहे।

## खरखौदा में करीब 45 एकड़ अवैध कॉलोनी में चला बुलडोजर



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**वीरवार** को ए टी पी अंजू की अगुवाई में खरखौदा के बाईपास के 4 पॉइंट्स पर बुलडोजर चला, जहाँ सबसे पहले मटिण्डू रोड बाईपास पर करीब साढ़े 3 एकड़ जमीन पर कार्रवाई की गई, ए टी पी अंजू ने बताया कि यहाँ पर साढ़े 3 एकड़ जमीन प्लाटों चार की दिवारी के साथ साथ मैनहोल को ध्वस्त किया गया। उसके बाद दूसरी कार्रवाई में खांडा रोड बायपास पर कार्रवाई की गई, जहाँ करीब 15 एकड़ में कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा तीसरी जगह सोनीपत रोड रिलायंस पेट्रोल पंप से आगे कार्रवाई की गई। यहाँ पर करीब 26 एकड़ जमीन पर कच्चे रास्ते को ध्वस्त किए गए। इसके अलावा खरखौदा के गोपालपुर रोड बायपास पर 1 प्लाट की चार दीवारी को ध्वस्त किया गया।

इस दौरान एटीपी अंजू ने बताया कि खरखौदा में जो तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई उसमे सभी को पहले इस बारे नोटिस भी दिए गए थे।

## प्लेयरजपॉट ने स्मृति मंधाना के साथ अपनी नयी मुहिम सेलिब्रेशन का सीजन शुरू किया

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

प्लेयरजपॉट देश भर में ऑनलाइन गेमिंग की पहुंच को बढ़ाने के लिए क्रांतिकारी क्रम पर है। मुख्य फैंटेसी गेमिंग प्लेटफॉर्म ने आज सेलिब्रेशन का सीजन को लॉन्च किया, यह एक मुहिम है जो बड़े पुरस्कार जीतने और प्लेटफॉर्म पर बड़े समारोहों में शामिल होने का मौका प्रदान करता है। आने वाली महिला प्रीमियर लीग में अपनी ब्रांड एंबेसडर भारतीय महिला क्रिकेटर और अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की एक प्रतिनिधि के साथ, स्मृति मंधाना अपनी नई मुहिम सेलिब्रेशन का सीजन में ब्रांड के पारंपरिक और डिजिटल चैनलों में दिखाई देंगी। मुहिम में विभिन्न दर्शकों को लक्षित करने वाली चार रोमांचक डिजिटल फिल्में हैं। प्रत्येक फिल्म में स्मृति मंधाना को 4 अलग-अलग मूड में दिखाया गया है ताकि यह बताया जा सके कि यह हमेशा प्लेयरजपॉट के साथ उत्सव मनाने का समय है। गेमिंग प्लेटफॉर्म में इन-गेम ऑफर और सुविधाओं की एक सीरीज है जो क्रिकेटर के स्पिरिट को ऊपर उठाती है और उसे खेलने, जीतने और जश्न मनाने में सहायता करती है। तुरंत निकासी, सबसे कम कमीशन, दूसरी पारी का अवसर और रेफर एंड अर्न मुहिम की मुख्य विशेषताएं हैं जो युवा गेमर्स को आकर्षित करती हैं।

लॉन्च पर बात करते हुए, प्लेयरजपोट के सीईओ सुनील यादव ने बताया, ह्लस्मृति के साथ इस नई मुहिम को लेकर हम बहुत उत्साहित हैं। उनका हमारे साथ ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़ना पिछले दो साल से बहुत फायदेमंद रहा हैं। सच में, इस समय में भी हमारा उपयोगकर्ता आधार लगभग सात गुना बढ़ा है। यह ऑफर्स, अनूठी विशेषताओं और पुरस्कारों के मामले में प्लेयरजपॉट के चल रहे नवाचारों की वजह से भी रहा है।

## सरपंच ने पूर्व सरपंच द्वारा पंचायत का रिकार्ड न देने पर एसडीएम को दी शिकायत

**गन्नौर:** नवनियुक्त सरपंचों को पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत का रिकार्ड न देने के मामले सामने आ रहा है। इससे पहले खेड़ी तगा के सरपंच ने एसडीएम को पंचायत का रिकार्ड पूर्व सरपंच द्वारा न देने की शिकायत की थी। अब गांव बड़ी की सरंपच नीरज की तरफ से सरपंच प्रतिनिधि अरूण त्यागी ने एसडीएम डा. अनुपमा मलिक से मिलकर ग्राम पंचायत का रिकार्ड पूर्व सरपंच राशू त्यागी द्वारा न देने का आरोप लगाते हुए रिकार्ड को दिलाने की मांग की। सरपंच की तरफ से एसडीएम को दी शिकायत में बताया कि मु-े ग्राम पंचायत का कार्यभार संभालने पर ग्राम सचिव के द्वारा रजिस्ट्र दिए गए है। जो पूर्व सरपंच का पुराना रिकार्ड है। लेकिन रिकार्ड में 20 जून 2021 से फार्म नम्बर की रसीद नही है।

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना किसानों व युवाओं के लिए फायदेमंद: नगराधीश

**पानीपत/टीम एकशन इंडिया**

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा मत्स्य पालन के कार्य को बढावा दिया जा रहा है। किसानों को मत्स्य पालन के प्रति और ज्यादा जागरूक करने और विभिन्न योजनाओं के बारे में नगराधीश राजेश सोनी ने मत्स्य पालन विभाग तथा अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय स्थित प्रथम तल पर कॉन्फ्रैंस हॉल में समीक्षा बैठक की। बैठक उपरान्त नगराधीश ने स्वयं सम्बंधित अधिकारियों के साथ निम्बरी गांव स्थित एक किसान के मत्स्य पालन फार्म पर निरीक्षण भी किया और फार्म का अवलोकन करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए।



नगराधीश ने कहा कि मछली पालन व्यवसाय के लिए नई तकनीकों को विस्तार किया जाएगा। जोकि किसानों और युवाओं के लिए वरदान साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत किसानों को नए तालाब बनाने के लिए, मछली को घर.घर सप्लाई करने के लिए मोटर साईकिल में आईस बॉक्स की खरीद करने संबंधी, मीनी टीषू फीड मील आदि के प्रोजेक्ट लगाने आदि के लिए यूनिट कास्ट का सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत व एससी एसटी महिलाओं व उनकी सहकारी संस्थाओं के लिए यूनिट कास्ट का 60 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मत्स्य पालन अधिकारी यशपाल सेतिया, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ.वजीर सिंह, एलडीएम तुलाराम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# विश्व पुस्तक मेले में पेन डाउन की पुस्तकों का हुआ विमोचन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**विश्व** पुस्तक मेला विभिन्न पुस्तक लॉन्च, लेखक चर्चा और साहित्यिक कार्यक्रमों के लिए एक मंच है। प्रगति मैदान में विश्व पुस्तक मेला जोरों पर है, ऐसे में पुस्तक विमोचन कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है।

सबसे चर्चित पुस्तक विमोचन में पेन डाउन की पुस्तकें थीं। इस पब्लिशिंग हाउस की पुस्तकें ड्राइविंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, डोंट डिले एक्ट टू प्ले, 'व्हाई नो वन केयर फॉर योर ब्रांड' ए माइंडफुल मिराकल्स, रीच प्रैक्टिशनरकैसे बनें और पशुपालक अपनी आमदनी कैसे बढाएं का




विमोचन किया गया। ड्राइविंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में है। इसे रक्तिम सिंह ने लिखा है। भुवन पंत ने डोंट डिले एक्ट टू प्ले लिखा है, जबकि 'व्हाई नो वन केयर फॉर योर ब्रांड' की रचना अजय अदलाका ने की है। डॉ. तारा मल्होत्रा ने 'ए मइंडफुल मिराकल्स' लिखा है और श्री संजय नारवाल ने रीच प्रैक्टिशनर कैसे बनें और पशुपालक अपनी आमदनी कैसे बढाएं इन दो पुस्तकों की रचना की। प्रगति मैदान का ऑथर कॉर्नर इन पुस्तकों के विमोचन से ठीक पहले और उसके दौरान खचाखच भरा हुआ था। जैसे ही मेहमानों ने अपनी सीट ग्रहण की, कार्यक्रम के मेजबान ने सभी का स्वागत किया और इन पुस्तकों के लेखकों को संक्षिप्त लेकिन प्रभावी तरीके से पेश किया। सबसे पहले पेनडाउन प्रेस के संस्थापक और सीएमडी दिनेश वर्मा को एंकर ने मंच पर बुलाया गया और दर्शकों को संबोधित करने के लिए कहा गया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच, श्री वर्मा ने अपनी सर्वोत्कृष्ट मुस्कान के साथ एकत्रित लोगों का अभिवादन किया और कहा, "प्रगति मैदान में ऑथर कॉर्नर के प्रतिष्ठित स्थान के माध्यम से पुस्तकों का विमोचन वास्तव में हमारे लिए गर्व का क्षण है। पेनडाउन प्रेस के लेखकों ने इसको को संभव बनाया है। और इसके लिए मैं अपने तमाम लेखकों का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा कर रहा हूँ। आज लॉन्च की जा रही सभी पुस्तकें पाठकों के लिए बहुत ही ज्यादा वैल्यू देने वाली हैं और यही पेनडाउन प्रेस का उद्देश्य है।" उसके तुरंत बाद एंकर ने पुस्तकों का संक्षिप्त लेकिन असरदार वर्णन किया।

## सोनीपत पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार



**पुलिस** आयुक्त सोनीपत बी. सतीश बालन ने अपने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबन्धक थाना एवं यूनिट प्रभारियों को अपराधियो एवं असामाजिक तत्वो की धरपकड़ के सख्त निर्देश दिये हुये है। इन्हीं निदेर्शों की पालना करते हुये जिला के थाना मुरथल की पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर दीपक उर्फ हड्डी पुत्र दलबीर निवासी मेहंदीपुर जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 04 नवंबर 2022 को विशाल पुत्र दिलबाग निवासी बख्तावारपुर जिला सोनीपत ने थाना मुरथल में शिकायत दी थी कि दिनांक 03 नवंबर 2022 को मैं अपने खेत में घुमने गया था जहाँ दीपक उर्फ हड्डी उपरोक्त ने पुरानी रंजिश रखते हुए अपने दोस्तों के साथ मिलकर मुझे लाठी-डंडो से बुरी तरह से पीटा। इस घटना का भारतीय दंड संहिता की धाराओं के अंतर्गत थाना मुरथल में अभियाग दर्ज किया गया था। थाना मुरथल की अनुसन्धान टीम में नियुक्त ल्उ राजपाल ने आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी दीपक उर्फ हड्डी पुत्र दलबीर निवासी मेहंदीपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायलय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

## जेटसिंथेसिस के ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन ने पेश किया महामृत्युंजय मंत्र

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन जेटसिंथेसिस की डिजिटल मनोरंजन शाखा ने महामृत्युंजय मंत्र के लिए संगीत वीडियो लॉन्च किया। इस महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा दर्शकों को वीडियो में गतिशील दृश्यों के साथ सोनू निगम द्वारा किए गए इस महान शक्तिशाली मंत्रोच्चारण में डूबने का मौका मिलेगा। महामृत्युंजय मंत्र एक मोक्ष मंत्र माना जाता है जो अमरता और दीर्घायु प्रदान करता है, ऐसा माना जाता है कि महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और गहरा प्रभाव पड़ता है।

## 110 एनएसएस स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता का सन्देश

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**एसडी पीजी** कॉलेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के एनएसएस पाठ्यक्रम के अनुसार 1 से 7 मार्च तक चलने वाले सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप का आज दूसरा दिन रहा। आज के प्रातकालीन सत्र में सभी एनएसएस कार्यकर्ताओं को योग और ध्यान शिविर के साथ आध्यात्म की शिक्षा दी गयी। कॉलेज प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर एवं वाईआरसी अधिकारी डॉ. राकेश गर्ग, डॉ.संतोष कुमारी और




डॉ.दीपिका मदान अरोड़ा की अगुआई में एनएसएस स्वयंसेवकों को गांव काबड़ी के लिए हरी झंडी दिखा कर विदा किया गया। गांव काबड़ी के सरपंच सोनू कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों और प्राध्यापकों के प्रयासों की प्रशंसा की। वहीं एनएसएस कार्यकर्ताओं ने पीएचसी, सामुदायिक केंद्र और ग्रामीण चौपाल में जाकर न सिर्फ स्वच्छता का पाठ पढ़ाया बल्कि खुद सफाई करके ग्रामीणों को जागरूक और प्रेरित किया। सरपंच सोनू कुमार ने कहा कि देश हित के छोटे से छोटे कार्य को करने में हमें कोई भी झिझक और शर्म महसूस नहीं करनी चाहिए। एसडी कॉलेज के युवा एनएसएस कार्यकताओं पर उन्हें नाज है कि वे बिना किसी संकोच और भेदभाव के हर व्यक्ति की मदद को तत्पर हैं। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने स्वच्छता का साधारण भाषा में अर्थ मनुष्य के तन, मन और उसके आस-पास की सभी चीजों को स्वच्छ रखने से है। कालेज के प्रधान पवन गोयल ने अपने सन्देश में कहा कि स्वच्छता मनुष्य को शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखती है।

# 'जरूरतमंद लोगों की सेवा करना एक नेक और पुण्य का कार्य'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मानवता** जन शक्ति फाउंडेशन ने अपना स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया, जिसमें करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने की। इसके अलावा हरियाणा ग्रंथ अकेडमी व भाजपा प्रवक्ता वीरेन्द्र चौहान मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वामी प्रेममूर्ति ने सभी प्रबुद्धजनों को अपना आशीर्वाद दिया।

मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा व उनकी टीम ने आए सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस



अवसर पर सांसद संजय भाटिया ने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मानवता जनशक्ति फाउंडेशन लगातार समाजसेवा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहा है। जरूरतमंद लोगों की सेवा करना एक नेक और पुण्य कार्य है। जब हम किसी की मदद करते है तो भगवान भी किसी न किसी रूप में हमारी मदद जरूर करता है। इसलिए हम सभी कर्तव्य बन जाता है कि हम आसपास किसी असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद अवश्य करें। उन्होंने मानवता जनशक्ति फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा को बधाई देते हुए कहा कि मानव की भलाई के लिए आपका और आपकी टीम का कार्य सराहनीय है। हरदीप राणा ने जानकारी देते हुए कहा कि जो लोग मानव की भलाई के लिए कार्य कर रहे है, उन्हें आज सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में राजकुमार अरोड़ा को सम्मानित किया गया, जो लाखों लावारिस डेड बॉडी का संस्कार व नेत्रदान, देहदान करवाते हैं और साथ में अपना आशियाना चलाते हैं। वहीं सरदार प्रगट सिंह गोताखोर, अनु मदान जो लावारिस लाचार बेसहारा लोग जिनमें कीड़े भी पड़ जाते हैं, उनकी ड्रेसिंग करती है उन्हें सम्मानित किया गया।

इसके साथ-साथ अपना आशियाना से चरणजीत बाली, थैलेसीमिया के रोगियों के लिए काम कर रहे हैं संदीप सचदेवा व शिवपुरी अर्जुन गेट के प्रधान श्याम सुंदर मदान, एमडीडी बाल भवन से पीआर नाथ, 128 बार रक्तदान कर चुके और 700 से अधिक ट्री गार्ड मुक्त करवा चुके दिनेश बक्शी, जनसेवा दल से दीपक सचदेवा, 36 बार रक्तदान कर चुकी रूबी अग्रवाल के साथ-साथ मरणोपरांत संजय बत्तरा को लाइफ टाइम अचीवमेंट से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उनकी बेटी सिमरन बत्तरा को दिया गया।

## परिवर्तन यात्रा से कार्यकर्ताओं ने स्व.देवीलाल द्वारा चलाए गए न्याय युद्ध जैसा जोश: देशवाल

**8 1986 में चौधरी देवी लाल ने भी हरियाणा में न्याय युद्ध चलाया था और 1987 के चुनाव में हरियाणा में बड़ा बदलाव आया था**

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**इनेलो की** चल रही हरियाणा परिवर्तन पदयात्रा में पदल चल रहे इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के जिला पानीपत अध्यक्ष रणबीर देशवाल ने कहा कि 1986 में चौधरी देवी लाल ने भी हरियाणा में न्याय युद्ध चलाया था और 1987 के चुनाव में हरियाणा में बड़ा बदलाव आया था। अब परिवर्तन पदयात्रा में भी वैसा ही जोश और उत्साह नजर आ रहा है। जनता के मूड से यह



जाहिर हो गया है कि अब बदलाव आने वाला है। जनता इस बेरहम और तानाशाह सरकार को जल्द ही सत्ता से दूर कर देगी। देशवाल ने कहा कि यात्रा के दौरान विधायक अभय चौटाला ने घोषणा की है कि पार्टी से गैर.राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए ऊजार्वान एवं काबिल नौजवानों को टिकट देकर हरियाणा में 2024 में युवाओं की सरकार बनाएगी। देशवाल ने हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला के मुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा का बजट एक हजार करोड़ रुपए था। उस समय युवाओं को बेरोजगारी भत्ता व बुजुर्गों को समय पर पैंशन दी जाती थी। आज स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति खराब है।

# संपादकीय

## भाषा: गुजरात से सीखें सभी प्रांत

**गुजरात** की विधानसभा ने सर्वसम्मति से जैसा प्रस्ताव पारित किया है, वैसा देश की हर विधानसभा को करना चाहिए। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि गुजरात की सभी प्राथमिक कक्षाओं में गुजराती भाषा अनिवार्य होगी। पहली कक्षा से आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए गुजराती पढ़ना अनिवार्य होगा। जो स्कूल इस प्रावधान का उल्लंघन करेंगे, उन पर 50 हजार से 2 लाख रु. तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। जो स्कूल इस नियम का उल्लंघन एक साल तक करेंगे, राज्य सरकार उसकी मान्यता रद्द कर देगी। गुजरात में बाहर से आकर रहने वाले छात्रों पर उक्त नियम नहीं लागू होगा। मेरी राय यह है कि गैर-गुजराती छात्रों पर भी यह नियम लागू होना चाहिए, क्योंकि भारत के किसी भी प्रांत से आनेवाले छात्र-छात्राओं के लिए गुजराती सीखना बहुत आसान है। उसकी लिपि तो एक-दो दिन में ही सीखी जा सकती है और जहां तक भाषा का सवाल है, वह भी कुछ हफ्तों में ही सीखना कठिन नहीं है। यह बात सभी भारतीय भाषाओं के बारे में लागू होती है, क्योंकि सभी भारतीय भाषाएं संस्कृत की पुत्री हैं। यह ठीक है कि जिन अफसरों और व्यापारियों को अल्प समय में ही अपना प्रांत बदलना पड़ता है, क्या उनके बच्चों की मुसीबत नहीं हो जाएगी? वे कितनी भाषाएं सीखेंगे? इस तर्क का जवाब यह है कि बचपन में कई भाषाएं सीख लेना काफी आसान होता है। मैंने फारसी लिपि कुछ ही घंटों में सीख ली थी और अंग्रेजी, रूसी, जर्मन जैसी विदेशी भाषाएं सीखने में भी मुझे कुछ हफ्ते ही लगे थे। यदि हमारे देश के बच्चों पर स्थानीय भाषा सीखना अनिवार्य कर दिया जाए तो भारत के करोड़ों बच्चे बहुभाषाविद बन जाएंगे। आधुनिक भारत में करोड़ों लोग एक-दूसरे के प्रांतों में रहते और आते-जाते हैं। यह प्रक्रिया राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाएगी और हमारे युवकों की बौद्धिक प्रतिभा को नई धार देगी। यदि भारत में स्थानीय भाषा की अनिवार्य पढ़ाई का नियम लागू हो जाए तो हमारे पड़ोसी देश भी उसका अनुकरण करने लग सकते हैं।

नेपाल में नेपाली और हिंदी, श्रीलंका में सिंहली और तमिल, अफगानिस्तान में पश्तो और दरी तथा पाकिस्तान में पंजाबी, पश्तो, सिंधी और बलूच भाषाओं को एक साथ जानने वालों की संख्या बढ़ेगी। ऐसा होने पर उन देशों की एकता तो मजबूत होगी ही, उनमें पारस्परिक सद्भाव भी बढ़ेगा। जब मातृभाषाओं के प्रति प्रेम बढ़ेगा तो प्रत्येक राष्ट्र की राष्ट्रभाषा या संपर्क भाषा को भी उसका उचित स्थान मिलेगा। भारत में अंग्रेजी की गुलामी क्यों बढ़ती जा रही है? क्योंकि हमने अपनी मातृभाषाओं को अपनी पढ़ाई में नौकरानी का दर्जा दे रखा है। इसीलिए भारत में आज भी अंग्रेजी महारानी बनी हुई है। हमारे बच्चे बी.ए., एम.ए. की पढ़ाई और पीएच.डी. के शोध-कार्य में एकमात्र अंग्रेजी ही नहीं, बल्कि विविध विदेशी भाषाओं का फायदा उठाएं, यह भी जरूरी है लेकिन बचपन से ही मातृभाषा और राष्ट्रभाषा की उपेक्षा किसी भी राष्ट्र को महाशक्ति या महासंपन्न नहीं बना सकती।

# फीके पड़ते होली के रंग



-प्रियंका सौरभ

> होली रोपण के बाद से होली की मस्ती शुरू हो जाती थी। छोटी बच्चियां गोबर से होली के लिए वलुडिये बनाती थी। उसमें गोबर के गहने, नारियल, पायल, बिछिया आदि बनाकर माला बनाती थी। अब यह सब नजर नही आता है। होली से पूर्व घरों में टेशु व पलाश के फूलों को पीस कर रंग बनाते थे। महिलाएं होली के गीत गाती थी। होली के दिन गोठ भी होती थी जिसमें चंग की थाप पर होली के गीत गाते थे। होली रोपण से पूर्व बसंत पंचमी से फाग के गीत गूंजने लगते थे। आज के समय कुछ मंदिरों में ही होली के गीत सुनाई देते हैं। होली के दिन कई समाज के लोग सामूहिक होली खेलने निकलते थे। साथ में ढोलक व चंग बजाई जाती थी, अब वह मस्ती-हुड़दंग कहां अब होली केवल परंपरा का निर्वहन रह गया है

**२पहले** की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधनों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्योहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली। जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही है, रिश्तों का मिठास खत्म होता जा रहा है। होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते रहे हैं। होली के दिन सभी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते थे। लेकिन सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम और मेलजोल का होली का यह त्यौहार भी अब बदलाव का दौर देख रहा है। फाल्गुन की मस्ती का नजारा अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुछ सालों से फीके पड़ते होली के रंग अब उदास कर रहे हैं। शहर के बुजुर्गों का कहना है कि न हंसी- ठिठोली, न हुड़दंग, न रंग, न ढप और न भंग ऐसा क्या फाल्गुन न पानी से भरी खेळी और न ही होली का .....रे का शोर। अब कुछ नहीं, कुछ घंटों की रंग-गुलाल के बाद सब कुछ शांत। होली की मस्ती में अब वो रंग नहीं रहे। आओ राधे खेला फाग होली आई....तांबा पीतल का मटका भरवा दो...सोना रुपाली लाओ पिचकारी...के स्वर धीरे धीरे धीमे हो गए हैं। फाल्गुन लगते ही होली का हुड़दंग शुरू हो जाता था। मंदिरों में भी फाल्गुन आते ही फाग शुरू हो जाता था। होली के लोकगीत गूंजते थे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ जगह-जगह फाग के गीतों पर पारंपरिक नृत्य की छटा होली के रंग बिखेरती थी। होली खेलते समय पानी की खेली में लोगों को पकडकर डाल दिया जाता था। कोई नाराजगी नहीं, सब कुछ खुशी-खुशी होता था। वसंत पंचमी से होली की तैयारियां करते थे। चौराहे पर समाज के नोहरे व मंदिरों में चंग की थाप के साथ होली के गीत गूंजते। रात को चंग की थाप पर गैर नृत्य का आकर्षण था। बाहर से फाल्गुन के गीत व रसिया गाने वाले रात में होली की मस्ती में गैर नृत्य करते थे। पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधनों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्योहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली। जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही है, रिश्तों का मिठास खत्म होता जा रहा है। जहां तक होली का सवाल है तो अब मोबाइल और इंटरनेट पर ही हैप्पी होली शुरू होती है और खत्म हो जाती है। अब पहले जैसा वो हर्षोल्लास नहीं रह गया है। पहले बच्चे टोलियां बनाकर गली-गली में हुड़दंग मचाते थे। होली के 10-12 दिन पहले ही मित्रों संग होली का हुड़दंग और गली-गली होली का चंदा इकट्ठा करना और किसी पर बिना पूछे रंग उड़ेल देने से एक अलग प्यार दिखता था। इस दौरान गाली देने पर भी लोग उसे हंसी में उड़ा देते थे। अब तो लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पहले परायों की बहू-बेटियों को लोग बिल्कुल अपने जैसा समझते थे। पूरा दिन घरों में पकवान बनते थे और मेहमानों की आवभगत होती थी। अब तो सबकुछ बस घरों में ही सिमट कर रह गया है। आजकल तो मानों रिश्तों में मेल-मिलाप की कोई जगह ही नहीं रह गई हो। मन आया तो औपचारिकता में फोन पर हैप्पी होली कहकर इतिश्री कर लिए। अब रिश्तों में वह मिठास नहीं रह गया है। यही वजह है कि लोग अपनी बहू-बेटियों को किसी परिचित के यहां जाने नहीं देते। पहले घर की लड़कियां सबके घर जाकर खूब होली की हुल्लड़ मचाती थीं। अब माहौल ऐसा हो गया है कि यदि कोई लड़की किसी रिश्तेदार के यहां ही ज्यादा देर तक रुक गई तो परिवार के लोग चिंतित हो जाते हैं कि क्यों इतना देर हो गया। तुरंत फोन करके पूछने लगते हैं कि क्या कर रही हो, तुम जल्दी घर आओ। क्यों अब लोगों को रिश्तों पर भी उतना भरोसा नहीं रह गया है। दूसरी ओर, होली के दिन खान-पान में भी अब अंतर आ गया है। गुझिया, पूड़ी-कचौड़ी, आलू दम, महजूम (खोवा) आदि मात्र औपचारिकता रह गई है। अब तो होली के दिन भी मेहमानों को कोल्ड ड्रिंक्स और फास्ट फूड जैसी चीजों को परोसा जाने लगा है। वहीं, होलिका के चारों तरफ सात फेरे लेकर अपने घर के सुख शांति की कामना करना, वो गोबर के विभिन्न आकृति के उपले बनाना, दादी-नानी का मखाने वाली माला बनाना, रंग-बिरंगे ड्रेस में अपनी सखी-सहेलियों संग घर-घर मिठाई बांटना, गेहूं के पौधे भूनना और होली के लोकगीतों को गाना। अब यह सब परंपराएं तो मानो नाम की ही रह गए हैं।

होली रोपण के बाद से होली की मस्ती शुरू हो जाती थी। छोटी बच्चियां गोबर से होली के लिए वलुडिये बनाती थी। उसमें गोबर के गहने, नारियल, पायल, बिछिया आदि बनाकर माला बनाती थी। अब यह सब नजर नही आता है। होली से पूर्व घरों में टेशु व पलाश के फूलों को पीस कर रंग बनाते थे। महिलाएं होली के गीत गाती थी। होली के दिन गोठ भी होती थी जिसमें चंग की थाप पर होली के गीत गाते थे। होली रोपण से पूर्व बसंत पंचमी से फाग के गीत गूंजने लगते थे। आज के समय कुछ मंदिरों में ही होली के गीत सुनाई देते हैं। होली के दिन कई समाज के लोग सामूहिक होली खेलने निकलते थे। साथ में ढोलक व चंग बजाई जाती थी, अब वह मस्ती-हुड़दंग कहां

अब होली केवल परंपरा का निर्वहन रह गया है। हाल के समय में समाज में आक्रोश और नफरत इस कदर बढ़ गई है कि संभ्रांत परिवार होली के दिन निकलना नहीं चाहते हैं। लोग साल दर साल से जमकर होली मनाते आ रहे हैं। इस पर्व का मकसद कुरीतियों व बुराइयों का दहन कर आपसी भाईचारा को कायम रखना है। आज भारत देश मे समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। बात सामाजिक असमानता की करें, इसके कारण समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, मानवता, नैतिकता खत्म होती जा रही हैं। कभी होली पर्व का अपना अलग महत्व था, होलिका दहन पर पूरे परिवार के लोग एक साथ मौजूद रहते थे। और होली के दिन एक दूसरे को रंग लगा व अबीर उड़ा पर्व मनाते थे। लोगों की टोली भांग की मस्ती में फगुआ गीत गाते व घर-घर जाकर होली का प्रेम बांटते थे।

अब हालात यह है कि होली के दिन 40 फीसदी आबादी खुद को कमरे में बंद कर लेती है। हर माह, हर ऋतु किसी न किसी त्योहार के आने का संदेशा लेकर आती है और आए भी क्यों न, हमारे ये त्योहार हमें जीवंत बनाते हैं, ऊर्जा का संचार करते हैं, उदास मनों में आशा जागृत करते हैं।

अकेलेपन के बोझ को थोड़ी देर के लिए ही सही, कम करके साथ के सलोने अहसास से परिपूर्ण करते हैं, यह उत्सवधर्मिता ही तो है जो हमारे देश को अन्य की तुलना में एक अलग पहचान, अस्मिता प्रदान करती है। होली पर समाज में बढ़ते द्वेष भावना को कम करने के लिए मानवीय व आधारभूत अनिवार्यता की दृष्टि से देखना होगा।

# कविता

## सागर और कविता

कविता में क्या चाहिए
लय चाहिए
संदेश चाहिए
पंक्तियों में उचित मेल चाहिए
और बातों में गहराई चाहिए

तो सागर की लहरों में एक श्रेष्ठ लय है
किनारे पड़ी बोतले एक श्रेष्ठ संदेश है
हर लहर का दुसरी लहर से एक उचित मेल है
और इनकी बातें तो गहराई से ही निकलती है
फिर तो बेशक ये लहरें कविता ही कहती हैं

किनारों पर खड़े जोड़ो को श्रृंगार रस
पर्यावरणीय ज्ञानी को करुण रस
और ना जाने कितनों को रौद्र रस
का पान कराती हैं
एक ही पंक्ति में इतनी विविधता
बेशक तुम अच्छे शायर हो
पर पहले तुम यह बतलाओ
तुम किस से ठोकर खाए हो।

प्रभुनाथ

## डर अच्छा लगता है

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर हर देश में बने हजारों कानूनों का विशेष मकसद उस विशेष अपराध के अंजामका प्रक्रियागत दस्तावेज है,जो अपराधों को रोकने में सहायक होता है।उसी प्रकार अनेक अंतरराष्ट्रीय कानून, ट्रिटीयां भी बनी है जो अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने में सहायक होती है। परंतु मेरा मानना है कि यह प्रक्रियागत दस्तावेज अपनी जगह बिल्कुल ठीक है, परंतु कुछ ऐसा प्रैक्टिकल कानूनी अस्त्र भी होना जरूरी है जिसका डर अपराधी,आपराधिक मानसिकता वाले व्यक्तियों को बहुत गहराई से हो क्योंकि इन कानून रूपी प्रक्रिया के दस्तावेजों के माध्यम से कार्रवाई केलीकेजेस का फायदा उठाकर, न्याय के लिए निचली अदालत से उपरी अदालत तक में लड़ाई लड़ी जाती है जिसमें वर्षों लग जाते हैं, तबतक अपराधी अपना पूरा मकसद सहित उम्र बिता देते हैं, जिसमें जनता हलकान होती है।इसलिए भारत ने पिछले एक दो वर्षों से जो बुलडोजर, इनकाउंटर त्वरितएक्शन जैसे कुछ अस्त्रों का कानूनी प्रयोग किया जा रहा है,वह ठीक निशाने पर लग गए हैं।जिसका परिणाम यह हुआ हैकि आपराधिक मानसिकता में खौफ का मंजर नजर आने लगा है। अब अपराधियों पर इन अस्त्रों का प्रैक्टिकल रूप देख नए अपराधियों आपराधिक मानसिकता धारित व्यक्तियों की कमर टूटते जा रही है। वह डर के मारे पुलिस प्रशासन को खुद को जेल में रखने की विनती कर रहे हैं, याफिर एक जेल से दूसरे जेल में ट्रांसफर नहीं करने की मिन्नतें और न्यायालय में अर्जी दाखिल कर रहे हैं,ताकि उनकाएनकाउंटर ना हो जाए। याने अब जनता कह रही है डर अच्छा लगता है!!

साथियों बात अगर हम एक राज्य में पार्किंग विवाद में पुलिस कर्मी की हत्या पर सदन में सीएम के हम माफिया को मिट्टी मिला में मिला देंगे के बयान के दिनांक 1 मार्च 2023 को असर की करें तो, एक हत्याकांड में पूर्व सांसद के करीबियों पर एक्शन शुरू हो गया है। उनके करीबी बिल्डर के घर पर बुलडोजर चल गया है। पूर्व संसद के घर के बगल में रहने वाले बिल्डर की अवैध संपत्ति पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चल गया है। इस दौरान बिल्डर के घर से दो विदेशी बंदूक और एक तलवार बरामद हुई है। हालांकि यह साफ नहीं है कि दोनों बंदूक लाइसेंसी है या नहीं। इस दो मंजिला इमारत में ही हत्याकांड के बाद शूटर, की पत्नी से मिलने आए थे और मिलने के बाद फरार हो गए थे। गौरतलब है कि हत्याकांड के बाद सीएम ने सदन में कहा था कि हम माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। उनके इस बयान का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। शूटर के पनाहगारों पर एक्शन तंग गली में बुलडोजर पहुंच गया है और बिल्डर के घर से कीमती सामान को बाहर निकालकर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की गई है।

# विचार

## अब एडोनावायरस की दस्तक नई चिंता का

**ऋतुपर्ण दवे**

**कोरोना** की रफ्तार सुस्त पड़ते ही एक नए एडोनावायरस की धमक ने एक बार फिर चिन्ता बढ़ा दी है। इसका अब तक ज्यादा असर केवल प.बंगाल में ही दिखा है। लेकिन पुणे और दूसरी जगहों से ऐसे ही लक्षणों के मरीज मिलना मेडिकल विशेषज्ञों के लिए नई परेशानी का सबब बन सकता है। हालाकि यह सच है कि हर वक्त किसी न किसी वायरस के साथ जीना पड़ता है जो आम है लेकिन जब ये खतरनाक रूप या महामारी में तब्दील होकर घातक हो जाते हैं तो स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाते हैं। हमने कोविड के दौरान वायरस के ऐसे ही रूप को देखा जिसने सौ साल में आने वाली महामारी बनकर कैसी तबाही मचाई। आगे चलकर यह कितना फैलेगा और कैसे रोक पाएंगे इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। लेकिन जैसा कि अमूमन हर संक्रामक बीमारी में होता है कि बचाव ही सुरक्षा है वाला तरीका अपनाना होगा। इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों में पड़ता है जिसकी एक खास वजह भी सामने आई लेकिन सभी उम्र के लोगों को भी प्रभावित करता है। हाँ, जद में छोटे-छोटे बच्चे इसलिए आसानी से आते हैं क्योंकि वो खुद दूसरे बड़े या छोटे के संपर्क में रहते हैं और मुंह में कुछ भी डाल लेना तथा हाथ न धोना ज्यादा तेज असर करता है। जन्म के समय कम वजन और हृदय रोग के पीड़ित भी जल्द शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सांस की बीमारी वाले बच्चों पर भी एडोनावायरस का तेज असर देखा गया है। वैसे भी बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है इसीलिए उनके लिए घातक होता सकता है।

एडोनावायरस के लक्षण भी कोरोना से काफी कुछ मिलते हैं लेकिन सुकून की बात है कि यह उसका वैरिएण्ट नहीं है। इसे वायरल फ्लू की तरह माना जाता है जिसका कोई विशेष इलाज नहीं है। जरा सी सतर्कता और सावधानी से इससे डरे बिना घर पर भी इसके हल्के लक्षणों का कोरोना की तरह इलाज किया जा सकता है। जीवन रक्षक घोल यानी ओआरएस और अच्छे, ताजे व स्वस्थ आहार के साथ इसके इलाज की सलाह दी जाती है। लेकिन सतर्कता ज्यादा जरूरी है। जब तीन दिनों तक बुखार न उतरे और रोगी में सुधार न दिखे बल्कि जल्दी-जल्दी सांस लेने लगे, भूख भी कम हो जाए पेशाब भी रोजाना की तुलना में कम लगे तो जरूर चिन्ता की बात है। इस रोग को फैलने से रोकने के लिए मास्क बेहतर बचाव का साधन है। चिकित्सक भी मास्क के अलावा स्वच्छता संबंधी वो सारे उपाय के लिए कहते हैं जो कि कोविड के दौरान जरूरी थे। जैसे बार-बार हाथ धोना, संक्रमण की स्थिति में दूरी बनाए रखना और प्रभावित होने पर क्वारंटीन होना। अब तक लक्षणों से जो सामने आया है उसमें 3 दिन से ज्यादा समय तक बुखार व खांसी चलते रहना, गले में खराश, नाक बहना, उल्टी, दस्त पेट दर्द, तेज-तेज सांस लेना, गुलाबी आंखें हो जाना, कान के संक्रमण यानी ओटिटिस मीडिया जिसमें कान के परदे के पीछे हवा वाले स्थान जो कान के बीचों बीच होता है में संक्रमण होना, सूजी हुई लसीका ग्रंथियां, सीने में ठंड यानी ब्रोंकाइटिस, न्यूमोनिया भी एडोनावायरस का कारण हो सकता है। इसका असर 3 से 5 दिनों तक दिखता है लेकिन पर दो सप्ताह तक भी मरीज बीमार रह सकता है। ऐसे में लगातार खांसी या किसी भी संभावित लक्षण की दशा में तुरंत चिकित्सक की सलाह लेना जरूरी है। एडेनोवायरस संक्रमण के इलाज के लिए कोई सटीक एंटीवायरल दवा भी अब तक नहीं होने से इसको रोकने के लिए आम दवाएं ही दी जाती हैं। लेकिन गंभीरता की स्थिति में चिकित्सक तेज असरकारक दवाएं लक्षण के हिसाब से देते हैं। ऐसे में लक्षणों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की श्रंखला में चौथे क्रम पर शुमार क्लीवलैंड क्लिनिक जिसे कोरोनरी धमनी बाईपास सर्जरी और पहले चेहरा प्रत्यारोपण करने का श्रेय भी प्राप्त है के अनुसार एडेनोवायरस एक सामान्य वायरस है जो कई प्रकार के सर्दी या फ्लू जैसे संक्रमण का कारण बनते हैं। यह मध्यम आकार का एक अल्प विकसित वायरस है जो कई तरह के संक्रमण पैदा कर सकता है। इसमें एक आइकोसाहेड्रल न्यूक्लियोकैप्सिड यानी वायरल प्रोटीन का कोट है जिससे जीनोम यानी आनुवांशिक संरचना का पता लग सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## प्रकाश और रंगों का गहरा संबंध है जैसे होली और दिवाली का

**विजय गर्ग**

**रंगों** की अपनी रंगत होती है। रंग हमें विविधता देते हैं। रंग से व्यक्ति, वस्तु, परिस्थिति की पहचान होती है। रंग कुछ भी कर लेने के बावजूद हमारे अंतस से जुड़े हैं। वे हमें मोहित कर सकते हैं, तो वितृष्णा से भी भर देते हैं। सफेद को जहां शांति, तो काले रंग को विरोध, शोक का प्रतीक बनाया गया है। कालांतर में रंग से मजहब भी जुड़ गए। यह रंग का ही वैविध्य है कि वे जीवन की नीरसता को तोड़ते हैं, जीवन के स्वाद को बेस्वाद होने से बचा लेते हैं। हमें रंग भी दिए हैं तो प्रकृति ने। तमाम तरह के रंग-बिरंगे फल-फूल-पौधे, नीला आसमान, बहुरंगी इंद्रधनुष, स्वर्णिम आभा लिए सूरज, विभिन्न रंग लिए पशु-पक्षी। यहीं कहीं से लिया होता है हमने रंग। और इन्ही रंगों को अपने परिधानों पर सजा देते हैं, वंदनवारों, रंगोली, मांडणों में उतार देते हैं। विज्ञान भी दूर नहीं रहा है रंगों से। कहता है कि प्रिज्म से गुजरने पर रंग सात हिस्सों में बंट जाता है। यहां तक कहा जाता है कि उससे सौ के आसपास रंग निकलते हैं, लेकिन हमारी आंखें उनमें से सात ही देख पाती हैं। यानी रंगों से परे भी रंग हैं। अनेक पशु तो रंग को देख ही नहीं पाते। वे रंगों के प्रति अंधे होते हैं यानी वर्णांध। ये जानवर हैं बिल्ली, कुत्ता, बैल और खरगोश।

मगर मधुमक्खी, पक्षी, सांप आदि रंगों को देख-पहचान सकते हैं। प्रकाश और रंगों का गहरा संबंध है जैसे होली और दिवाली का। बगैर प्रकाश के रंगों का कोई अस्तित्व नहीं रहता है। इस जगत में किसी भी चीज में रंग नहीं है। पानी, हवा, अंतरिक्ष और पूरा जगत ही रंगहीन है। यहां तक कि जिन चीजों को आप देखते हैं वे भी रंगहीन हैं। रंग केवल प्रकाश में होता है। रंग वह नहीं है, जो वह दिखता है, बल्कि वह है जो वह त्यागता है। आप जो भी रंग बिखेरते हैं, वही आपका रंग हो जाएगा।

आप जो अपने पास रख लेंगे, वह आपका रंग नहीं होगा। ठीक इसी तरह जीवन में जो कुछ भी आप देते हैं, वही आपका गुण हो जाता है। अगर आप आनंद देंगे, तो लोग कहेंगे कि आप एक आनंदित इंसान हैं। भौतिक स्वरूप में एक व्यक्ति जितना भोजन करता है वही उसका है, बाकी सब तो वह सिर्फ दूसरों के लिए ही करता है। कपड़े हम कहने को अपने लिए पहनते हैं, लेकिन वे होते दूसरों के लिए हैं।

## चिरकुटलाल की मस्टराई

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**एक** दिन चिरकुटलाल मास्टर बन बैठा। कक्षा में बच्चों के सामने जा धमका। उसने सभी बच्चों से पुस्तकें निकालने के लिए कहा। सभी बच्चों ने पुस्तकें निकालीं। चिरकुटलाल ने कहा झ आज हम दि कंट्री माउस एंड दि सिटी माउस पाठ पढ़ने जा रहे हैं। इसलिए सबसे पहले मुझे यह बताओ कि गाँव और शहर में क्या अंतर है? सभी बच्चे अपनी-अपनी खोपड़ी खुजलाने लगे। जब सवाल पूछा है तब उसका उत्तर भी तो देना पड़ेगा! ऊपर से मास्टर जी की धमकी अलग से! जो बच्चे गलत उत्तर देंगे उन्हें मुर्गा बनाया जाएगा। अब मास्टर जी को कौन बताए कि जब से शिक्षा का अधिकार कानून बना है तब से शिक्षकों के पाले में कोई अधिकार बचा ही नहीं है। सब के सब बच्चों के अधिकार हैं। बच्चे चाहें तो मास्टर को मुर्गा न बना दें तो वही कम है। जो भी हो बच्चे उत्तर देने के लिए तैयार थे। सभी हाथ उठाने लगे। चिरकुटलाल ने पहले एक बैक बेंचर को यह समझकर उत्तर देने के लिए उठाया कि शायद वह कुछ न बता पाये। लेकिन आजकल के बच्चे, बच्चे नहीं घूमते-फिरते आफत हैं। उनसे जितना कम पाला पड़े उतना अच्छा है। मास्टर जी के प्रश्न का उत्तर देते हुए बच्चे ने कहा - मास्टर जी! गाँव और शहर में बहुत छोटा सा अंतर है। गाँवों में कुत्ते बेकार घूमते हैं और गायों की पूजा की जाती है। वहीं शहर में कुत्तों की पूजा की जाती है और गायें बेकार घूमती हैं। गाँवों में जो अनपढ़, गंवार, अंगूठा छाप होता है वह गाय, बैल, भैंस बकरी चराता है, वहीं शहर में पढ़े-लिखे, बड़े-बड़े आफिसर के कुत्तों को घुमाते फिरते हैं। कभी-कभी तो लगता है कि वे कुत्तों को नहीं कुत्ते उन्हें घुमा रहे हैं। मास्टर जी! जिंदगी की सबसे कड़वी सच्चाई यह है कि गाँवों में वृद्धाश्रम नहीं होते। इसलिए बूढ़े-बुजुर्ग अपने घर पर पड़े सड़ते हैं जबकि शहर में अनाथाश्रम की भरमार है। यहाँ गली-गली में वृद्धाश्रम दिखायी देंगे, जिसमें चर्बी चढ़े, अमीर खानदान के बुजुर्ग माता-पिता रहते हैं। इतना सुनना था कि चिरकुटलाल की सारी की सारी मास्टरी बच्चे के सामने पानी माँग रही थी। इतना सब होने के बाद भी उसने एक और लड़के को उठाने की हिम्मत की। लड़के ने जो जवाब दिया उसकी गूँज आने वाले दिनों तक सुनायी देने वाली थी। उसने कहा झ गाँव के लोग जितना भी पढ़-लिख लें लेकिन शहर वाले उन्हें गंवार ही कहते हैं, जबकि सबसे ज्यादा गंवार तो शहर में रहते हैं, जिनकी बुराई के लिए समाचार पत्र के पन्ने, न्यूज चैनल और सोशल मीडिया कम पड़ जाते हैं। गाँवों में बच्चों को भगवान सा पूजा जाता है जबकि शहर में छोटी-छोटी बच्चियों को कामुकता की नजर से देखा जाता है। गाँव में जितना हो पाता है उसी में खुश रहना यहाँ की आदत होती है जबकि शहर में घर-परिवार के लिए समय न देने वाले उसे अमीरी का नाम देते हैं।



# अनुष्का शर्मा

## को इंस्पिरेशन मानते हैं विराट, एक्ट्रेस ने मां बनने के बाद दी बड़ी कुर्बानियां, बोले –'कई.. '

अनुष्का शर्मा (Anushka Sharma) और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली (Virat Kohli) बॉलीवुड और क्रिकेट जगत के सबसे पॉपुलर कपल्स में से एक हैं. इन दोनों के देश और विदेश में लाखों चाहने वाले हैं. अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी को 5 साल बीत चुके हैं और इस दौरान इस कपल का रिश्ता पहले से भी ज्यादा मजबूत हुआ है. विराट कोहली और अनुष्का शर्मा अक्सर एक-दूसरे की तारीफों के पुल बांधते नजर आते हैं. हाल ही में भी कुछ ऐसा ही हुआ है.विराट कोहली ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में अपनी पत्नी अनुष्का को अपनी इंस्पीरेशन बताया है.

दरअसल, विराट कोहली ने हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पॉडकास्ट के दौरान कहा किपिछले दो सालों में उनकी जिंदगी में काफी चीजें बदली हैं, अब इस कपल के साथ उनकी बेटी भी है और एक मां के रूप में अनुष्का ने जो सैक्रिफाइस किए हैं वह काफी बड़े हैं.विराट आगे कहते हैं, उन्हें देखकर मुझे एहसास हुआ कि मुझे जो भी समस्याएं हैं वो तो कुछ भी नहीं हैं. जहां तक उम्मीदों का सवाल है, तो जब तक आपका परिवार आपको उसी रूप में स्वीकारता है और प्यार करता है जो आप हैं, तब तक आप ज्यादा उम्मीद नहीं करते क्योंकि यही बेसिक जरूरत है.



ये स्टार बल्लेबाज आगे अपनी पत्नी की तारीफ करते हुए कहते हैं, जब आप इंस्पिरेशन की तलाश करते हैं तो आप इसकी शुरुआत घर से ही करते हैं और जाहिर है कि अनुष्का मेरे लिए एक बहुत बड़ी प्रेरणा रही हैं. मेरा लाइफ को लेकर एकदम ही अलग नजरिया था. लेकिन जब आपको किसी से प्यार होता है तो आप उन बदलावों को अपने अंदर भी प्रोसेस करना शुरू कर देते हैं. लाइफ के प्रति उनका (अनुष्का का ) नजरिया बिल्कुल अलग था. उनके नजरिए ने मुझे बेहतर के लिए बदलने और चीजों को स्वीकार करने के लिए इंस्पायर किया है.



# उशना शाह

## ने अपनी शादी में इंडियन ब्राइड की तरह पहना था लाल सुर्ख जोड़ा, ट्रोल करने वालों की पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने लगाई क्लास

पाकिस्तानी एक्ट्रेस उशना शाह ने हाल ही में गोल्फ प्लेयर हमजा अमीन से शादी की है. न्यूली वेड कपल की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं. अपनी शादी में उशना दुल्हन के आउटफिट में बला की खूबसूरत दिख रही हैं. एक्ट्रेस ने अपने बिग डे पर पाकिस्तानी ब्रांड वर्दा सलीम द्वारा डिजाइन किया गया एक लाल लहंगा पहना था.शादी के एक वीडियो में उशना को अपने दूल्हे हमजा अमीन और अन्य लोगों के साथ दिल खोलकर नाचते हुए देखा जा सकता है. हालांकि सोशल मीडिया यूजर्स के एक सेक्शन ने शादी पर इंडियन ब्राइड की तरह लाल जोड़ा पहनने पर एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया. साथ ही कुछ ने उशना के अपनी शादी में डांस करने पर भी आपत्ति जताई है.

**उशना शाह ने ट्रोल्स की लगाई जमकर क्लास**

रविवार को उशना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर उन लोगों की जमकर क्लास लगाई जो उनकी और उनकी शादी के आउटफिट की आलोचना कर रहे थे. अपनी लहंगा पहने और अपनी मेहंदी की एक झलक देते हुए तस्वीर शेयर कर एक्ट्रेस ने लिखा, मिसेज अमीन....उन लोगों के लिए जिन्हें मेरे आउटफिट से प्रॉब्लम है. आपको इनवाइट नहीं किया गया था और न ही आपने मेरे रेड शेड के लहंगे के लिए पेमेंट किया है. मेरी ज्वैलरी, मेरा जोड़ा (शादी का पहनावा) प्योरली पाकिस्तानी है. मेरा दिल, हालांकि, आधा-ऑस्ट्रियन (अपने पति की ओर इशारा करते हुए) है, अल्लाह हमें खुश रखे आमीन. उन्होंने आगे लिखा, बेगानी शादी में जो इन बिन बुलाए फोटोग्राफर घुस गए, उनको सलाम.

**उशना शाह ने दिसंबर में की थी इंगेजमेंट**

बता दें कि उशना शाह ने पिछले साल दिसंबर में इंस्टाग्राम पर गोल्फर हमजा अमीन की तस्वीर शेयर कर अपनी सगाई की अनाउंसमेंट की थी. अब ये जोड़ी शादी के बंधन में बंध गई है और एक दूसरे के साथ बेहद खुश है.

## 26 साल बाद बोले अनिल कपूर, जुदाई में काम करना नहीं था आसान, खुद बताया क्यों हो रहे थे नर्वस



अनिल कपूर ने अपने दौर वो एक्टर हैं, जिन्होंने एक्शन, कॉमेडी सहित हर जॉनर की फिल्में की है. अपने दौर में उन्होंने लगभग हर एक्ट्रेस के साथ फिल्म की अनिल कपूर की फिल्म को हाल ही में 26 साल पूरे हो गए हैं. इस फिल्म का नाम 'जुदाई' है, जिसमें उनके साथ दो एक्ट्रेसेस नजर आई थीं. श्रीदेवी और उर्मिला मातोंडकर जैसी दिग्गज स्टार के साथ काम करना अनिल कपूर के लिए बिलकुल आसान नहीं था. 26 साल बाद उन्होंने बताया कि फिल्म को करते वक्त वह क्यों नर्वस हो रहे थे.अनिल कपूर की फिल्म 'जुदाई' रोमांटिक-कॉमेडी मूवी है, जिसको लोगों ने खूब पसंद किया था. हाल ही में एक्टर ने बयां कि ये फिल्म करना उनके लिए बिलकुल आसान नहीं था. ये फिल्म 28 फरवरी 1997 को रिलीज हुई थी और फिल्म 26 साल का सफर पूरा कर चुकी है.अनिल ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउट पर दो तस्वीरों को शेयर किया है. इसमें एक फिल्म का पोस्टर है और दूसरी तस्वीर में वह श्रीदेवी, उर्मिला और अपने भाई और फिल्म के प्रोड्यूसर बोनी कपूर के साथ नजर आ रहे हैं. तस्वीरों को साथ उन्होंने लिखा- 'उस वक्त जुदाई में काम करने का फैसला लेना मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने इसे चुना. मेरी जोड़ी दो बेहद खूबसूरत महिलाओं के साथ बनायी गयी थी- श्री और उर्मिला, और मुझे अभी भी याद है कि श्रीजी और उर्मिला के साथ नाचते वक्त मैं कितना नर्वस था. दोनों ही अद्भुत डांसर हैं. आज 26 साल बाद जब मैं फिल्म और उन सभी यादों के बारे में सोचता हूं, तो मेरे चेहरे पर स्माइल आ जाती है'.

फिल्म 'जुदाई' साल 1997 में रिलीज हुई थी. इसकी कहानी एक शादीशुदा महिला पर आधारित है. जो पैसों की लालच में आकर अपने पति की दूसरी महिला के साथ शादी करवा देती है. इसमें अनिल कपूर ने एक मिडिल क्लास इंजीनियर का रोल निभाया था, जो मूवी में पहले श्रीदेवी और फिर मजबूरी में उर्मिला मातोंडकर के साथ शादी करते हैं.

## 14 साल की उम्र से की एक्टिंग की शुरुआत, कैसे फातिमा बनीं तब्बू? शबाना आजमी से भी है खास कनेक्शन!



तब्बू (Tabu) आज बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. इस एक्ट्रेस ने 'भूल भुलैया 2', 'दृश्यम 2', 'अंधाधुन', 'हैदर', 'चांदनी बार' और 'माचिस' जैसी फिल्में कर इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है. तब्बू को फिल्मों में 3 दशक से ज्यादा समय हो चुका है. यूं तो तब्बू की प्रोफेशनल लाइफ के बारे में आप बहुत कुछ ही जानते होंगे, लेकिन इस एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ से जुड़ी बहुत सी ऐसी बातें हैं जिससे शायद आप वाकिफ नहीं होंगे. तो चलिए आज आपको इस एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ से जुड़ी कुछ बेहद खास बातें बताते हैं-

तब्बू का असली नाम तबस्सुम फातिमा हाश्मी है, लेकिन फिल्मों की दुनिया में इस एक्ट्रेस को तब्बू के नाम से ही जाना जाता है. तब्बू ने सिमी ग्रेवाल के फेमस टॉक शो में बताया था कि स्कूल के दिनों में वह अपना नाम तबस्सुम फातिमा लिखती थीं. फातिमा उनका सरनेम नहीं बल्कि मिडिल नेम था. इस एक्ट्रेस ने कहा था कि उनके माता-पिता के तलाक के बाद वह हमेशा अपनी मां के साथ ही रहीं.

**पिता का नाम इस्तेमाल करना नहीं जरूरी –**

ये एक्ट्रेस आगे कहती हैं कि उन्होंने कभी अपने पिता को देखा भी नहीं है और वह देखना भी नहीं चाहती हैं. तब्बू ने बताया था कि उन्हें पिता का नाम इस्तेमाल करना जरूरी नहीं लगता है और वह हमेशा से ही अपनी मां के साथ खुश रही हैं. हालांकि, उनकी बड़ी बहन और एक्ट्रेस फराह नाज कभी-कभी अपने पिता से मिलती थीं.

**फिल्में देखना नहीं था पसंद-**

तब्बू ने 14 साल की उम्र से ही फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था. ये एक्ट्रेस पहली बार साल 1985 में रिलीज हुई फिल्म 'हम नौजवान' में नजर आई थीं. इस फिल्म में तब्बू ने देव आनंद की बेटी का किरदार निभाया था. दिलचस्प बात तो ये है कि एक फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद तब्बूको फिल्में देखना पसंद नहीं था और न ही वो खुद कभी अभिनय की दुनिया में आना चाहती थीं, लेकिन इस एक्ट्रेस की किस्मत को कुछ और ही मंजूर था.

## भारत मोबाइल डाटा स्पीड में रूस-अर्जेंटीना से आगे. 49वें पायदान पर पहुंचा देश

**नई दिल्ली।** भारत में मोबाइल डाटा की डाउनलोड रफ्तार 115त्न बढ़ गई है। पिछले साल सितंबर में 13.87 एमबीपीएस थी, जो जनवरी में 29.85 एमबीपीएस रही। अब भारत जी20 देशों जैसे रूस, अर्जेंटीना, पाकिस्तान, बांग्लादेश व इंडोनेशिया सहित अन्य देशों से आगे निकल गया है। ऊकला की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 5जी रॉकेट की गति से दौड़ रहा है। जनवरी 2023 में भारत 69वीं पायदान पर था लेकिन अब 5जी की वजह से भारत 49वें स्थान पर पहुंच गया है। सितंबर, 2022 में यह 118वें स्थान पर था। रिपोर्ट में बताया, जनवरी 2023 में जियो 5जी सेवा को इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को हिमाचल प्रदेश में 246.49 एमबीपीएस की औसत डाउनलोड गति मिली। वहीं, कोलकाता में 506.25 एमबीपीएस तक की रफ्तार दर्ज की गई।

एयरटेल 5जी ग्राहकों को कोलकाता में 78.13 एमबीपीएस की औसत डाउनलोड स्पीड और दिल्ली में 268.89 एमबीपीएस की रफ्तार मिली थी। रिपोर्ट के अनुसार, औसत 5जी डाउनलोड गति 512.57 एमबीपीएस (गुजरात) और 19.23 एमबीपीएस (उत्तर प्रदेश पश्चिम) के बीच रही है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के मुताबिक, दूरसंचार कंपनियों ने तीन साल के 5जी लक्ष्य को छह महीने के भीतर ही पूरा कर लिया है। अब सरकार विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में 5जी को अपनाने के लिए प्रयास कर रही है। दूरसंचार विभाग के अतिरिक्त सचिव वीएल कांता राव ने मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में बताया कि सरकार ने भारतीय पवेलियन में 50 से अधिक कंपनियों की मेजबानी की है और प्रतिनिधिमंडल यहां स्वदेश में विकसित 4जी और 5जी तकनीक का प्रदर्शन करने के लिए आया है।

## जल्दी ही पटरी पर दौड़ती नजर आएंगी 200 वंदे भारत ट्रेन!

**नई दिल्ली।** भारत में जल्दी ही 200 नई वंदे भारत ट्रेन पटरियों पर दौड़ती नजर आने वाली हैं। रेलवे ने इनके विनिर्माण और रखरखाव के लिए बोली पूरी कर ली है। सूत्रों ने बताया कि 200 वंदे भारत ट्रेनों के लिए लगाई गई बोली में रूस और भारत की सीजेएससी ट्रांसमाशहोल्डिंग एंड रेल विकास निगम लिमिटेड ने सबसे कम बोली लगाई है। अधिकारियों ने बताया कि 200 वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण और रखरखाव का ये पूरा सौदा सौदा 58,000 करोड़ रुपये का है। इसके तहत निविदा उठाने वाली कंपनी को अगले 35 वर्षों तक ट्रेनों का रखरखाव करना है। अधिकारियों ने बताया कि इस सौदे के लिए दूसरा सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड और टीटागढ़ वैगन्स का कंसोर्टियम है। भेल और टीटागढ़ वैगन्स के गठजोड़ को निविदा का एक हिस्सा हासिल करने के लिए सबसे कम बोली लगाने का मौका दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि रूस और भारत के गठजोड़ ञ्जरूाऋ्रुहरु ने प्रति ट्रेन सेट के लिए 120 करोड़ रुपये की बोली लगाई है, जो आईसीएफ-चेन्नई द्वारा बनाई गई अंतिम वंदे भारत ट्रेनों की लागत से कम है। आईसीएफ-चेन्नई ने 128 करोड़ रुपये प्रति सेट की लागत से इन ट्रेनों का निर्माण किया था। इस सौदे के लिए बोली लगाने वालों में फ्रांसीसी रेलवे कंपनी एल्सटॉम, स्विटजरलैंड की रेलवे रोलिंग स्टॉक विनिर्माता स्टैडलर रेल और हैदराबाद स्थित मीडिया सर्वो ड्राइव्स का गठजोड़ मेधा-स्टैडलर, बीईएमएल और सीमेंस का गठजोड़ और एक भारतीय फर्म के साथ रूसी रोलिंग स्टॉक विनिर्माता ट्रांसमाशहोल्डिंग (टीएमएच) का गठजोड़ शामिल हैं।

## गूगल भारतीय प्रोप्टेक कंपनी में करेगी 40 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** भारतवंशी सुंदर पिचाई अगुवाई वाली कंपनी गूगल ने एक भारतीय कंपनी में 40 करोड़ रुपये (5 मिलियन डॉलर) के निवेश का फैसला लिया है। यह निवेश हुआ है प्रोपर्टी खरीद-बिक्री



से जुड़ी (प्रोप्टेक) स्टार्टअप नोब्रोकर डॉट कॉम में।

नोब्रोकर के सहसंस्थापक अखिल गुप्ता ने बताया है कि सीरीज श्च फंडिंग राउंड में गूगल ने पांच मिलियन डॉलर यानी करीब 40 करोड़ रुपये निवेश किया है। इसके साथ ही गूगल नो ब्रोकर में निवेश करने वाले समूहों जनरल अटलांटिक, टाइगर ग्लोबल और मुरी स्ट्रेटेजिक की लिस्ट में शामिल हो गया है। इस नई फंडिंग का इस्तेमाल कंपनी वर्तमान शहरों और नए जुड़ने वाले में ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए करेगी।

## देश में अप्रैल से फरवरी के दौरान 784.41 एमटी कोयले का हुआ उत्पादन

**वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल से फरवरी के दौरान उत्पादन 15 फीसदी बढ़ा**

**नई दिल्ली।** देश में कोयले का उत्पादन अप्रैल 2022 से फरवरी 2023 के दौरान 15.10 फीसदी बढ़कर 784.41 मिलियन टन (एमटी) पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान 681.5 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हुआ था।

कोयला मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। मंत्रालय के अनंतिम आंकड़ों के मुताबिक कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने वित्त वर्ष 2022-23 के फरवरी तक 619.70 मिलियन टन कोयले का उत्पादन दर्ज किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 542.38 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हुआ था, जो कि 14.26 फीसदी की वृद्धि है।

मंत्रालय के मुताबिक कोयले की तेजी से निकासी सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय पीएम गति



शक्ति के तहत सभी प्रमुख खानों के लिए रेल संपर्क से संबंधित बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए कदम उठा रहा है। इसके परिणामस्वरूप कुल कोयले की ढुलाई चालू वित्त वर्ष के अप्रैल 2022 से फरवरी 2023 के दौरान 793.86 मिलियन टन था जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान यह 740.96 मिलियन टन रहा था। यह 7.14 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है, जो कि विभिन्न क्षेत्रों में कोयले के ढुलाई की स्थिर और कुशल मात्रा को दर्शाता है।

## पंकज कुमार ओएनजीसी के उत्पादन निदेशक के पद पर नियुक्त

**नई दिल्ली।** देश में सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने पंकज कुमार को निदेशक (उत्पादन) के पद पर नियुक्त किया है। पंकज कुमार की नियुक्ति ओएनजीसी के निदेशक मंडल में व्यापक फेरबदल के बाद गठित निदेशक उत्पादन के पद पर की गई है।

तेल एवं गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओएनजीसी ने शेयर बाजार को जानकारी में बताया कि पंकज कुमार कंपनी के पहले निदेशक (उत्पादन) होंगे। ओएनजीसी के मुताबिक पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने निदेशक (अपतटीय) पद पर कार्यरत पंकज कुमार को एक मार्च से नवगठित पद पर तैनात करने के प्रस्ताव की संस्तुति दे दी है। वह जून, 2026 तक इस पद पर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि ओएनजीसी के निदेशक मंडल ढांचे में फेरबदल के तहत ही निदेशक (तटवर्ती) और निदेशक (अपतटीय) पदों को मिलाकर निदेशक (उत्पादन) का एक नया पद बनाया गया है। इस पद पर नियुक्त होने वाला निदेशक कंपनी की तटीय एवं अपतटीय दोनों तरह की उत्पादन गतिविधियों के लिए उत्तरदायी होगा। इसके अलावा निदेशक (रणनीति एवं कॉरपोरेट मामले) का भी एक नया पद सृजित किया गया है।

## सर्राफा बाजार: सोना 56 हजार रुपये के पार, चांदी 1400 रुपये उछली

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से लगातार करेक्शन का दौर झेल रहा सर्राफा बाजार भी घरेलू शेयर बाजार की तरह ही बाउंस बैक करता नजर आया। के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं ने मजबूती का रुख दिखाया, जिससे सोने की कीमत एक बार फिर 56 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गई। चांदी का भाव भी 64 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार करने में सफल रहा। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को सोना का आखिरी बंद भाव 55,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। इसकी कीमत में 535 रुपये प्रति 10 ग्राम का उछाल आ गया। सोने की अलग-अलग श्रेणी में 535 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 313 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी के कारोबार में 1,400 रुपये प्रति किलोग्राम उछल गई।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक घरेलू सर्राफा बाजार में कारोबारी यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 535 रुपये की तेजी के साथ चढ़ कर 56,085 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत 532 रुपये की मजबूती के साथ 55,860 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की



कीमत में भी 510 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 51,374 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 401 रुपये मजबूत होकर 42,064 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई। 14 कैरेट (585) सोना 313 रुपये तेज होकर 32,810 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी शानदार तेजी दर्ज की गई। के कारोबार में चांदी (999) की कीमत में 1,400 रुपये प्रति किलोग्राम की उछाल दर्ज की गई। की मजबूती के कारण इस चमकीली धातु की कीमत बढ़ कर 64,407 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर आ गई।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि वैश्विक हालात की वजह से फिलहाल कुछ दिनों तक सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रह सकती है। के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं में तेजी का रुख जरूर बना है, लेकिन इस तेजी को स्थाई नहीं माना जा सकता। वैश्विक अर्थव्यवस्था की चाल की वजह से आने वाले दिनों में भी बाजार में उलटफेर जारी रह सकता है। हालांकि बाजार के विशेषज्ञों का ये भी मानना है कि वैश्विक स्तर पर गोल्ड मार्केट के लिए सकारात्मक संकेत बने हुए हैं। इसलिए कुछ दिन के उतार-चढ़ाव के बाद वैश्विक स्तर पर सोने के भाव में तेजी का रुख बन सकता है। दावा किया जा रहा है कि अगर अंतरराष्ट्रीय हालात में कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो इस साल के अंत तक सोना 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक भी जा सकता है।

## जीएसटी राजस्व संग्रह फरवरी में 1.50 लाख करोड़ रुपये के करीब

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह फरवरी महीने में 1,49,577 करोड़ रुपये (1.50 लाख करोड़ रुपये) के करीब रहा है। पिछले साल फरवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,33,026 करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 12 फीसदी की वृद्धि हुई है। हालांकि, जनवरी के जीएसटी राजस्व संग्रह 1.56 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले फरवरी में इसमें कमी आई है।

वित्त मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि फरवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,49,577 करोड़ रुपये रहा है। पिछले महीने जनवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,55,922 करोड़ रुपये यानी 1.55 लाख करोड़ रुपये रहा था, जो अब तक दूसरी



सबसे बड़ी बढ़ोतरी थी। मंत्रालय के मुताबिक ये लगातार 12वां महीना है, जब जीएसटी राजस्व संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा है। सालाना आधार पर फरवरी में जीएसटी संग्रह में 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक फरवरी महीने में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 27,662 करोड़ रुपये है, जबकि राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 34,915 करोड़ रुपये है। एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) के मद में 75,069 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ है। इसके अलावा 11,931 करोड़ रुपये का उपकर भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल, 2022 में 1.68 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व संग्रह का सर्वोच्च स्तर है। इसके बाद जनवरी, 2023 में 1.57 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व का संग्रह हुआ था, जो अब तक का दूसरा सर्वोच्च स्तर है।

## आईसीआईसीआई, बीओआई व बंधन के कर्ज महंगे, आरबीआई अप्रैल में भी बढ़ा सकता है रेपो दर

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष खत्म होने से पहले ही कर्ज लेने वालों को झटका लगा है। आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और बंधन बैंक ने अपने-अपने कर्ज महंगे कर दिए हैं। दो बैंकों की नई दरें एक मार्च से और बंधन बैंक की नई दर 28 फरवरी से लागू हो गई है। इससे पहले पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी लि. ने भी कर्ज पर ब्याज दरें 0.25 फीसदी तक बढ़ा दी थीं। इनकी भी नई दर एक मार्च से लागू हो गई है। आरबीआई अप्रैल के पहले हफ्ते में फिर से रेपो दर 0.25 फीसदी बढ़ा सकता है। ऐसे में अगले महीने भी सभी तरह के कर्ज महंगे होने के आसार हैं। मई, 2022 से इस साल फरवरी तक आरबीआई रेपो दर में 2.50 फीसदी की बढ़ोतरी कर चुका है।

**बैंक ऑफ इंडिया**

कर्ज 0.10फीसदी तक महंगा कर दिया है। बैंक ने बताया कि एक साल की अवधि का कर्ज अब 8.50फीसदी पर मिलेगा, जो पहले 8.40त्न था। तीन साल के कर्ज की दर 8.70फीसदी हो गई है।

**बंधन बैंक**

एक साल से लेकर तीन साल तक की अवधि वाले कर्ज पर ब्याज दर बढ़कर अब 10.96फीसदी हो गई है। इससे कम अवधि की दर 8.21फीसदी होगी।

**आईसीआईसीआई बैंक**

सभी अवधि के कर्ज पर ब्याज 0.10फीसदी बढ़ा दिया है। एक साल के कर्ज की ब्याज दर अब 8.75फीसदी होगी।

## मूडीज ने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 5.5 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोंचे पर अच्छी खबर आई है। रेटिंग एजेंसी मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस ने वर्ष 2023 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 4.8 फीसदी से बढ़ाकर 5.5 फीसदी कर दिया है। मूडीज ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ के अनुमान में यह बढ़ोतरी केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय में तेज वृद्धि और बेहतर आर्थिक हालात के मद्देनजर की है। मूडीज ने जारी वैश्विक व्यापक परिदृश्य 2023-24 में वर्ष 2023 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ 5.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। इससे पहले यह अनुमान 4.8 फीसदी रहने का था। वहीं, एजेंसी ने वर्ष 2024 में 6.5 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया है। हालांकि, मूडीज ने वर्ष 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी से घटाकर 6.8 फीसदी कर दिया है।




एजेंसी ने वैश्विक व्यापक परिदृश्य 2023-24 के ताजा अपडेट में अमेरिका, कनाडा, यूरोप, भारत, रूस, मैक्सिको और तुर्किये सहित कई जी-20 अर्थव्यवस्थाओं के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान को बढ़ाया है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने वर्ष 2022 के मजबूत अंत के चलते जीडीपी ग्रोथ में यह बढ़ोतरी की है।

मूडीज ने कहा है कि भारत के मामले में वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय के लिए आवंटन में (जीडीपी का 3.3 फीसदी) की तेज बढ़ोतरी की गई है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2022-23 के 7,500 अरब रुपये से बढ़कर 10,000 अरब रुपये हो गया है। ऐसे में वर्ष 2023 में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 0.70 फीसदी अधिक यानी 5.5 फीसदी हो सकती है, जबकि वर्ष 2024 में इसके 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत सहित कई बड़े उभरते बाजार वाले देशों में आर्थिक गति पिछले साल के अनुमान से अधिक मजबूत रही है। मूडीज ने कहा कि 2022 की दूसरी छमाही में मजबूत आंकड़े इस बात की उम्मीद जताते हैं कि 2023 में प्रदर्शन मजबूत रहेगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक दिन पहले जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

## विमान ईंधन चार फीसदी हुआ सस्ता, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी के चलते देश में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में कटौती की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र के तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने एटीएफ की कीमत 4 फीसदी घटा दी है। पिछले महीने एटीएफ के दाम में 4,218 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 3.9 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। नई दरें लागू हो गई हैं।

सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी मूल्य अधिसूचना के मुताबिक विमान ईंधन कीमत में चार फीसदी की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद दिल्ली में एटीएफ की कीमत 4,606.50 रुपये प्रति किलोलीटर घटी है, जिसके बाद अब यह 1,07,750.27 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। कोलकाता में अब एटीएफ की कीमत कम होकर 1,15,091.33 रुपये प्रति किलोलीटर होगी। इसी तरह मुंबई



में इसकी कीमत घटकर 1,06,695.61 रुपये प्रति किलो लीटर हो गई है जबकि चेन्नई में यह 1,12,497.99 रुपये प्रति किलोलीटर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नवंबर, 2022 से लेकर फरवरी तक एफटीएफ के दाम तीन बार घटाए गए थे। एक नवंबर, 2022 को इसकी कीमत में 4.19 फीसदी की कटौती हुई थी, जबकि एक दिसंबर को इसकी कीमत 2.3 फीसदी घटी थी। एक जनवरी, 2023 को इसका दाम 1,17,587.64 रुपये प्रति किलोलीटर से घटाकर 1,08,138.77 रुपये प्रति किलोलीटर किया गया था लेकिन फरवरी में इसकी कीमत में 4,218 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 3.9 फीसदी की बढ़ोतरी कर 1,12,356.77 रुपये प्रति किलोलीटर किया गया था।

*सार्वजनिक क्षेत्र के तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने एटीएफ की कीमत 4 फीसदी घटा दी है। पिछले महीने एटीएफ के दाम में 4,218 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 3.9 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। नई दरें लागू हो गई हैं।*

## बेरोजगारी दर फरवरी में बढ़कर 7.45 फीसदी पर, विनिर्माण व खपत में गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में बेरोजगारी दर एक बार फिर बढ़ी है। फरवरी में यह 7.45 फीसदी रही जो जनवरी में 7.14 फीसदी थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इन इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) ने बताया कि गांवों से ज्यादा शहरों में बेरोजगारी रही है। गांवों 7.23 और शहरों में 7.93 फीसदी बेरोजगारी रही है। आंकड़ों के मुताबिक, हालांकि, जनवरी की तुलना में शहरों में बेरोजगारी दर घटकर 7.93 फीसदी रही जो जनवरी में 8.55 फीसदी थी। गांवों में यह 6.48 फीसदी से बढ़कर 7.23 फीसदी पर पहुंच गई है। फरवरी में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर 18 फरवरी को थी जो 7.84 फीसदी थी। हरियाणा में 29.4 और यूपी में 4 फीसदी बेरोजगारी दर आंकड़ों के मुताबिक, हरियाणा में बेरोजगारी की दर 29.4 फीसदी रही है जबकि जम्मू एंड कश्मीर में 17.1, राजस्थान में 28.3, हिमाचल में 13.9 और बिहार में 12.3 फीसदी रही है। उत्तराखंड में 2.3फीसदी, यूपी में चार , मप्र में दो और छत्तीसगढ़ में सबसे कम 0.8 फीसदी बेरोजगारी दर रही है। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि 2022-23 की दिसंबर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र और निजी खपत खर्च का प्रदर्शन अधिक आधार प्रभाव के कारण घटा हुआ लग रहा है। उन्होंने कहा, पिछले तीन वित्त वर्षों के आंकड़ों में संशोधन से जीडीपी वृद्धि का आधार बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने मंगलवार को पिछले तीन वित्त वर्षों 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के आंकड़ों को संशोधित किया। साथ ही, 2022-23 के लिए जीडीपी का दूसरा अग्रिम अनुमान भी जारी किया। उन्होंने कहा कि अगर आधार प्रभाव नहीं बढ़ा होता तो दिसंबर तिमाही में विनिर्माण 3.8 फीसदी व निजी खपत खर्च 6 फीसदी की दर से बढ़ता। मूडीज ने देश की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ा दिया है। इसने कहा, 2023-24 में जीडीपी की वृद्धि दर 5.5 फीसदी रह सकती है।

# चीन की चुनौती से निपटने की तैयारी, ताइवान मिलिट्री को अमेरिका ने बेचे खतरनाक हथियार

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ताइवान को 619 मिलियन डॉलर कीमत के हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। इसके तहत ताइवान को अब एफ-16 फ्लीट की मिसाइलें मिल सकेंगी। अमेरिका का यह कदम ऐसे समय आया है, जब चीन की वायुसेना द्वारा हाल ही में ताइवान की वायु सीमा का उल्लंघन किया। चीन और अमेरिका के रिश्ते भी तनावपूर्ण चल रहे हैं, ऐसे में ताइवान को ताजा हथियारों की बिक्री से दोनों देशों के रिश्तों में और कड़वाहट बढ़ सकती है। दरअसल ताइवान पर चीन दावा करता है और इसी वजह से वह ताइवान को किसी भी तरह की हथियारों की बिक्री का कड़ा विरोध करता है।



अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने बताया कि अमेरिकी सरकार ने ताइवान को 200 एंटी एयरक्राफ्ट एडवांस्ड मीडियम रेंज की एयर टू एयर मिसाइलों और 100 एजीएम-88बी एचएआरएम मिसाइलों की बिक्री करने का फैसला किया है। ताजा सौदे से ताइवान को अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा करने में मदद मिलेगी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि इन मिसाइलों के मिलने से हम अपने हवाई क्षेत्र की सुरक्षा कर सकेंगे और चीनी सेना के उकसावे वाली कार्रवाई का जवाब दे सकेंगे।

ताइवान के साथ हुए सौदे के तहत रेथियोन टेक्नोलॉजीज और लॉकहीड मार्टिन को कॉन्ट्रैक्ट मिले हैं। वहीं चीन द्वारा ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के कारण चीन द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है। गुरुवार को भी चीन की वायुसेना ने ताइवान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। ताइवान के रत्रा मंत्रालय का कहना है कि बीते 24 घंटे में चीन के 21 एयरक्राफ्ट्स ने ताइवान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। चूंकि चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है इसलिए उसका दावा है कि संप्रभुता की रक्षा के लिए ऐसा करता है।

## कांगो में कई बच्चों समेत 22 का अपहरण

**किन्शासा।** उत्तरी कांगो के तीन गांवों से कई बच्चों समेत 22 लोगों का बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया है। क्षेत्रीय प्रशासक एम. लेकाबुसिया ने बताया कि सेना की वर्दी पहने सात बंदूकधारियों ने मंगलवार को अंगो क्षेत्र के तहत आने वाले गांवों में धावा बोला और कुछ लोगों का अपहरण कर लिया। इनमें कुछ बच्चे भी शामिल हैं। अब तक किसी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। उल्लेखनीय है कि मध्य अफ्रीकी देश का पूर्वी हिस्सा कई दशकों से हिंसा का सामना कर रहा है, जहां लगभग 120 सशस्त्र समूह सत्ता और प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे के लिए लड़ रहे हैं।

## संयुक्त राष्ट्र में एनजीओ की हैसियत से शामिल हुआ था कैलासा

**संयुक्त राष्ट्र।** यौन शोषण मामले में आरोपित भगोड़े नित्यानंद की प्रतिनिधि विजयप्रिया के संयुक्त राष्ट्र में भारत के खिलाफ बयान को किसी भी तरह की तवज्जो नहीं दी जाएगी। इसका कारण यह है कि इस बैठक में एनजीओ की तरफ से भाग लेने पहुंचीं थीं, न कि किसी देश की तरफ से। यह बात संयुक्त राष्ट्र ने अपने एक वक्तव्य कही है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि विजयप्रिया के बयान पर न तो विचार नहीं किया जाएगा और ना ही संबंधित समिति के समक्ष विचार के लिए भेजा जाएगा।

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र की बैठक में नित्यानंद की प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुईं विजयप्रिया ने भारत के खिलाफ जहर उगला था और नित्यानंद को हिंदू धर्म का सर्वोच्च गुरु बताया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र की समिति ने कहा कि यूएन की बैठक में नित्यानंद का देश 'कैलासा' एक एनजीओ के रूप में शामिल हुआ था। समिति ने कहा कि नित्यानंद की प्रतिनिधि विजयप्रिया ने यहां जो कुछ भी कहा, उस पर विचार नहीं किया जाएगा और ना ही संबंधित समिति के समक्ष भेजा जाएगा। कैलासा की प्रतिनिधि विजयप्रिया ने 24 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर आयोजित एक बैठक में हिस्सा लिया था। नित्यानंद ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी। उसने संयुक्त राष्ट्र बैठक में शामिल विजयप्रिया की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, 'यूनाइटेड स्टेट ऑफ कैलासा की प्रतिनिधि ने संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर आयोजित एक बैठक में हिस्सा लिया।

बता दें कि भगोड़ा नित्यानंद पर भारत में रेप और अपहरण के आरोप हैं। 2019 में वह देश छोड़कर भाग गया था। इसके बाद उसने यूनाइटेड स्टेट ऑफ कैलासा बनाने का दावा किया।

## नेपाल के प्रांत 1 को कोसी नाम दिया गया

**काठमांडू।** नेपाल में तीन प्रमुख पार्टियों ने प्रांत 1 के नाम पर निर्णय लेकर छह साल से नाम को लेकर चल रहे विवाद को सुलझा लिया है। रात यहां कोसी नदी के पूर्व के इलाके का नाम कोसी प्रदेश तय किया गया है। कोसी नाम रखने का प्रस्ताव प्रांतीय विधानसभा के दो-तिहाई से अधिक मतों द्वारा पारित किया गया था। प्रस्ताव को यूएमएल सांसद राम बहादुर राणा, कांग्रेस सांसद भूमि प्रसाद राजवंशी और यूएमएल के नीरन राय ने समर्थन दिया था। पक्ष में 82 मत पड़े जबकि विरोध में महज चार वोट पड़े। राज्य विधानसभा में कुल 93 सांसद हैं। कुछ दल मांग करते रहे थे कि प्रांत 1 का नाम जातीयता व क्षेत्रवाद के आधार पर रखा जाना चाहिए। हालांकि, इसे खारिज कर दिया गया। कोसी एक नदी है जो तिब्बत से निकलती है और नेपाल के पूर्वी क्षेत्र से होते हुए भारत में बिहार की ओर बहती है। कोसी नदी कोशी प्रांत ही नहीं बल्कि नेपाल और उत्तर भारत के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जाती है।

नेपाल में कुल 7 प्रांत हैं। प्रांतीय विधानसभा द्वारा पहली बार में ही 6 प्रांतों के नाम चुने जा चुके थे। प्रांत 1 का नाम द्वितीय प्रांत विधानसभा द्वारा दिया गया है। नेपाल के 7 प्रांतों में मधेश को छोड़ कर सभी प्रांतों के नाम भूगोल के आधार पर रखे गए हैं।

## नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह अपने परिवार के साथ भारत में

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह अपने परिवार के साथ भारत में हैं। भारत दौरे पर उनके साथ पूर्व महारानी कोमल, बेटी प्रेरणा और पूर्व राजघराने के सदस्य भी मौजूद हैं। पूर्व राजा के एक सहयोगी ने बताया कि वह पूर्वी नेपाल में काकड़विट्टा सीमा से सिलीगुड़ी पहुंचे। उनके साथ करीबी और निजी सचिवों समेत 19 लोग हैं। उनके करीबी सूत्रों ने बताया कि पूर्व राजा शाह का दार्जिलिंग और सिक्किम के इलाकों का दौरा करने का कार्यक्रम है। राजशाही की समाप्ति के बाद पूर्व राजा शाह पहली बार राजनीतिक रूप से सक्रिय होने लगे हैं। एक महीने पहले उन्होंने सार्वजनिक रूप से पूर्वी नेपाल के झापा में एक राजनीतिक कार्यक्रम में भाग लिया था।

## दो साल से भारत में अमेरिकी राजदूत का पद खाली

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत में अमेरिका के नए राजदूत के नाम का एलान कर दिया है। इस एलान के मुताबिक एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के नए राजदूत हो सकते हैं। हालांकि उनके नाम पर अमेरिकी कांग्रेस की होने वाली अहम वोटिंग स्थगित हो गई है। अब यह वोटिंग आठ मार्च को होनी है और इसके बाद ही तय होगा कि एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के नए राजदूत होंगे या फिर किसी नए नाम पर विचार किया जा सकता है।

**जानिए क्यों हो रहा है विरोध?**

व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा है कि एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के राजदूत बनने के लिए पूरी तरह योग्य हैं। जुलाई 2021 में राष्ट्रपति जो बाइडन ने एरिक गारसेट्टी के नाम तय किया था। हालांकि एरिक गारसेट्टी के नाम



का पार्टी के ही कुछ नेताओं और विपक्ष द्वारा विरोध किया जा रहा है। बता दें कि गारसेट्टी लॉस एंजेलेस के पूर्व मेयर रह चुके हैं और मेयर रहने के दौरान उन पर अपने स्टाफ से छेड़छाड़ का आरोप लगा था। यही वजह है कि विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी के ही कुछ सांसदों द्वारा गारसेट्टी के नाम का विरोध किया जा रहा है। जिसके चलते पिछली कांग्रेस द्वारा एरिक गारसेट्टी के नाम पर अंतिम मुहर नहीं लगाई गई थी।

बीती जनवरी में जो बाइडन ने एरिक गारसेट्टी के नाम का फिर से एलान कर दिया। ऐसे में सीनेट की फॉरेन रिलेशन कमेटी के चेयरमैन बॉब मेन्डेज ने 28 फरवरी को कांग्रेस में एरिक गारसेट्टी के नामांकन को अंतिम करने के लिए बैठक बुलाई। अब यह बैठक स्थगित हो गई है और कमेटी आगामी आठ मार्च को वोटिंग करेगी। इसके बाद ही एरिक गारसेट्टी का नाम अंतिम हो सकेगा। आरोपों के बावजूद व्हाइट हाउस ने एरिक गारसेट्टी का समर्थन कर रहा है।

भारत में बीते दो साल से अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति नहीं हो सकी थी। जिस पर सीनेट की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ बॉब मेनेंदेज ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि इन पदों का लंबे समय तक खाली रहना अमेरिका के हितों में नहीं है। भारत के साथ ही अमेरिका ने जर्मनी, पाकिस्तान में भी अपने नए राजदूतों के नाम का एलान किया है।

## ईरान ने मृत्युदंड पर जर्मनी के दो राजनयिकों को निलंबित किया

**तेहरान।** ईरान ने कहा कि उसने अपने आंतरिक मामलों में जर्मनी के कथित हस्तक्षेप पर उसके दो राजनयिकों को निष्कासित कर दिया गया है। इससे पहले घातक हमलों के आरोप में ईरान सरकार के एक आलोचक को मृत्युदंड दिए जाने के बाद जर्मनी ने दो राजनयिकों को निलंबित कर दिया था।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने अत्यधिक मांगों को लेकर जर्मन राजदूत को तलब किया था। हालांकि इस बारे में विस्तार से नहीं बताया गया। ईरान ने हाल के महीनों में कई बार यूरोपीय राजनयिकों को तलब किया है। ईरान ने पश्चिमी देशों पर देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया है। सितंबर में ईरान की नैतिक पुलिस की हिरासत में एक युवती की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन भड़क उठे थे। ईरान सरकार के आलोचक जमशीद शर्मांद को मृत्युदंड दिए जाने के विरोध में जर्मनी ने उसके दो राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। ईरान ने शर्मांद पर 1979 की इस्लामिक क्रांति से पहले ईरान पर शासन करने वाले पश्चिम समर्थित राजशाही को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध एक समूह के सशस्त्र विंग का नेतृत्व करने का आरोप लगाया। शर्मांद के परिवार का कहना है कि वह केवल विपक्षी समूह के प्रवक्ता थे और किसी भी हमले में उनके शामिल होने से इंकार किया।

जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने ईरान दूतावास के प्रभारी को पिछले हफ्ते तलब कर कहा कि जर्मन नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन हुआ। बेयरबॉक ने कहा कि कैलिफोर्निया के ग्लेनडोरा में रह रहे शर्मांद को निष्पक्ष मुकदमे का भी मौका नहीं दिया गया।

## भारतीय मूल के प्रोफेसर को प्रतिष्ठित मार्कोनी पुरस्कार से नवाजा जाएगा

**न्यूयॉर्क।** मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के भारतीय मूल के प्रोफेसर हरि बालकृष्णन को तार और बेतार वाले नेटवर्क, मोबाइल सेंसिंग और वितरण प्रणालियों से संबंधित अपनी मौलिक खोज के लिए प्रतिष्ठित मार्कोनी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

एमआईटी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर साइंस विभाग में कम्प्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के फुजित्सू प्रोफेसर बालकृष्णन के नाम की घोषणा 22 फरवरी को की गई। द मार्कोनी सोसायटी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। मार्कोनी सोसायटी हर साल ऐसे नवेन्मेषकों को मार्कोनी पुरस्कार प्रदान करती है, जिन्होंने आधुनिक सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल समावेश को बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार, बड़े स्तर पर समाज की समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग संबंधी अनुसंधान पर ध्यान देते हुए बालकृष्णन के कार्य ने लाखों लोगों को सुरक्षा प्रदान की है तथा इंटरनेट एवं बेतार संचार को और अधिक प्रभावशाली व मजबूत बनाया है। मार्कोनी पुरस्कार चयन समिति की अध्यक्ष एंड्रिया गोल्डस्मिथ ने कहा, प्रौद्योगिकी के लिए हरि के योगदान का नवाचार उल्लेखनीय है। बालकृष्णन ने आईआईटी मद्रास से बीटेक की डिग्री प्राप्त करने के बाद बर्कले स्थित कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय से पीएचडी की। उन्हें 27 अक्टूबर, 2023 को वाशिंगटन में एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## निक्की हेली बोलीं- पाकिस्तान कम से कम एक दर्जन आतंकी संगठनों का घर, उसे आर्थिक मदद नहीं मिलनी चाहिए

**वाशिंगटन।** कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का एलान करने वालीं रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने पाकिस्तान पर अपने हमलों को जारी रखा है। भारतवंशी हेली ने अब कहा है कि पाकिस्तान कम से कम एक दर्जन आतंकी संगठनों का घर है और उसे अमेरिका से बिल्कुल भी आर्थिक मदद नहीं मिलनी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिका की राजदीत और दो बार दक्षिण कैरोलाइना जिले से गवर्नर रह चुकीं 51 वर्षीय हेली ने पिछले महीने ही 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी का एलान किया था। इसके बाद से ही वे अमेरिका के दुश्मन के तौर पर देखे जाने वाले देशों के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए हैं। एक ट्वीट में उन्होंने पाकिस्तान को घेरते हुए हैशटैग CutEveryCent यानी 'पूरी



रकम रोक दो' ट्वीट किया।

**पहले भी पाकिस्तान पर हमलावर रही हैं निक्की हेली**

इससे पहले भी हेली ने पाकिस्तान पर हमलों को धार देते हुए कहा था कि अमेरिका ने पिछले साल विदेशी मदद पर 46 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए। यह मदद चीन, पाकिस्तान और इराक जैसे देशों को गई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी करदाताओं को यह जानने का हक है कि यह पैसा कहां जा रहा है। हेली के मुताबिक, बाइडन प्रशासन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता फिर से शुरू कर दी है। यह देश कम से कम एक दर्जन आतंकवादी संगठनों का घर है और इसकी सरकार चीन के साथ गहरे संपर्क में है।

उन्होंने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के तौर पर उन्होंने पाकिस्तान को दी जाने वाली करीब दो अरब डॉलर की सैन्य सहायता में कटौती के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले का पुरजोर समर्थन किया था, क्योंकि उस देश ने अमेरिकी सैनिकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों का समर्थन किया था। यह हमारे सैनिकों, हमारे करदाताओं और हमारे महत्वपूर्ण हितों के लिए एक बड़ी जीत थी। हम अभी भी उन्हें अन्य सहायता दे रहे हैं। राष्ट्रपति के तौर पर मैं हर पैसे को ब्लॉक कर दूंगी।

## प्रिंस हैरी, मेगन को शाही महल से किया गया बेदखल, शादी में महारानी एलिजाबेथ ने दिया था गिफ्ट

**लंदन।** प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन को ब्रिटेन के शाही महल विंडसर एस्टेट से बेदखल कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया है। अब प्रिंस हैरी के पास ब्रिटेन में कोई ठिकाना नहीं रह गया है। फिलहाल प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन अमेरिका में रह रहे हैं। बता दें कि विंडसर एस्टेट में स्थित फ्रोगमोर कॉटेज को दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने प्रिंस हैरी को शादी में बतौर तोहफा दिया था। फ्रोगमोर कॉटेज के पुनर्निर्माण पर 2.4 मिलिनय पाउंड की राशि खर्च की गई थी। ब्रिटिश मीडिया के अनुसार, अब यह महल प्रिंस एंड्रयू को देने की पेशकश की गई है। प्रिंस एंड्रयू को मिलने वाली सालाना ग्रांट में ढाई लाख पाउंड की कटौती की जा सकती है। जिसके चलते प्रिंस एंड्रयू को



अपने मौजूदा 30 कमरों वाले रॉयल लॉज को मजबूर हो सकते हैं। ड्यूक और डचेज ऑफ ससेक्स प्रिंस हैरी और मेगन मर्केल को जनवरी में ही इस महल को खाली करने के निर्देश दे दिए गए हैं। बता दें कि प्रिंस हैरी अपनी पत्नी मेगन के साथ साल 2020 में अमेरिका के कैलिफोर्निया में शिफ्ट हो गए थे और प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी ने शाही दर्जा भी छोड़ दिया था। इसके बाद प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन नेटफ्लिक्स की एक डॉक्यूमेंट्री में दिखाई दिए। इस डॉक्यूमेंट्री में प्रिंस हैरी ने राजशाही को लेकर कई खुलासे किए थे, जिसे लेकर काफी हंगामा हुआ था। बीते दिनों प्रिंस हैरी की बायोग्राफी स्पेयर बाजार में आई। इस किताब की रिकॉर्ड प्रतियां बिक चुकी हैं लेकिन इस किताब में प्रिंस हैरी ने कई ऐसे खुलासे किए, जिसे लेकर उनकी आलोचना भी खूब हुई। बकिंघम पैलेस ने अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। प्रिंस हैरी की तरफ से भी इस मामले में अभी तक कुछ नहीं कहा गया है।

## भारतीय मूल के इंजीनियर निषाद ने क्रिप्टो एक्सचेंज धोखाधड़ी में गुनाह कबूला

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के 27 वर्षीय इंजीनियर निषाद सिंह को क्रिप्टो ट्रेडिंग फर्म में धोखाधड़ी के मामले में अपना गुनाह कबूल कर लिया है। निषाद सिंह FTX Trading Ltd में पूर्व चीफ इंजीनियर के पद पर तैनात थे। निषाद सिंह पर आरोप है कि उन्होंने कंपनी में मल्टीलेयर स्कीम के जरिए इक्विटी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की गई। निषाद सिंह, सैमुअल बैकमेन-फ्राइड और गैरी वेंग के साथ एक क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म एफटीएक्स के संस्थापक हैं। बीते साल दिसंबर में फेडरल अथॉरिटीज ने बैंकमेन-फ्राइड के खिलाफ एक स्कीम की मदद से निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के आरोप तय किए थे। अब निषाद सिंह ने भी अपना गुनाह कबूल कर लिया है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की शिकायत के



अनुसार, निषाद सिंह ने एक सॉफ्टवेयर कोड बनाया था, जिसकी मदद से एफटीएक्स के ग्राहकों के फंड को एक क्रिप्टो हेज फंड अलमेडा रिसर्च में स्थानांतरित किया था। क्रिप्टो हेज फंड का मालिकाना हक बैकमेन-फ्राइड के पास है। बैकमेन फ्राइड ने निवेशकों से झूठा वादा किया कि एफटीएक्स एक सुरक्षित क्रिप्टो एसेट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है। आरोप है कि निषाद सिंह को पता था कि बैकमेन फ्राइड का यह वादा झूठा था। आरोप है कि निषाद सिंह ने निवेशकों को धोखा देने में सक्रिय भूमिका निभाई। निषाद सिंह पर ये भी आरोप है कि उन्होंने एफटीएक्स से करीब 6 मिलियन डॉलर की राशि अपने निजी इस्तेमाल के लिए निकाली। इस राशि से निषाद ने आलीशान बंगला और विभिन्न चैरिटी के लिए दान दिया। बता दें कि निषाद सिंह अमेरिका के नागरिक हैं और अल्मेडा रिसर्च में इंजीनियरिंग हेड के पद पर थे, बाद में वह एफटीएक्स से जुड़ गए थे। मई 2019 से नवंबर 2022 तक वह हॉन्ग-कॉन्ग और बहामास में भी रहे। निषाद सिंह का बचपन कैलिफॉर्निया में बीता और वह बैकमेन-फ्राइड भाईयों के बचपन के दोस्त रहे हैं। साल 2017 में बैकमेन-फ्राइड और वेंग ने अल्मेडा रिसर्च की शुरुआत की। इसमें इंजीनियरिंग के काम के लिए निषाद सिंह को शामिल किया गया। साल 2019 में निषाद सिंह और वेंग ने एफटीएक्स की स्थापना की। इसके साथ ही निषाद अल्मेडा रिसर्च से बतौर हेड इंजीनियर भी जुड़े रहे। जब नवंबर 2022 में एफटीएक्स में धोखाधड़ी का खुलासा हुआ तो उस वक्त निषाद कंपनी में बतौर सीनियर एग्जीक्यूटिव, इंजीनयिरिंग डायरेक्टर और शेयर होल्डर के तौर पर कंपनी के साथ जुड़े थे।

## इमरान खान की पार्टी का जेल भरो आंदोलन स्थगित

**लाहौर।** पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में एसेम्बली भंग किए जाने के 90 दिनों के अंदर चुनाव कराने के चुनाव आयोग के आदेश के बाद इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने बुधवार को अपनी जेल भरो तहरीक (गिरफ्तारियां देने का आंदोलन) स्थगित कर दिया है। देश में समयपूर्व आम चुनाव की स्थिति उत्पन्न करने की अपनी कोशिश के तहत 14 और 18 जनवरी को क्रमशः पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा भंग कर दी थीं। प्रधान न्यायाधीश अता बंदियाल की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया, जिससे इन दोनों प्रांतों में चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो गया है। फिलहाल इन प्रांतों में अंतरिम सरकार सत्तासीन है।कोर्ट ने यह भी व्यवस्था दी कि 9 अप्रैल को चुनाव कराने का राष्ट्रपति आरिफ अल्वी का आदेश खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के लिए नहीं, लेकिन पंजाब विधानसभा के लिए बाध्यकारी होगा। उसने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा को गवर्नर ने भंग किया था, जबकि पंजाब विधानसभा के सिलसिले में ऐसा नहीं हुआ था। इस पर



इमरान खान ने ट्वीट किया कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। संविधान को अक्षुण्ण रखना सुप्रीम कोर्ट की जिम्मेदारी है और उसने आज अपने फैसले के मार्फत उसे बड़ी बहादुरी से किया है। यह पाकिस्तान में कानून के शासन को अभिपुष्टि है। हम अपना जेल भरो आंदोलन स्थगित कर रहे हैं और हम खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब में चुनाव अभियान के साथ आगे बढ़ेंगे। क्रिकेट से राजनीति में आए इमरान के अब तक छह सौ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। पिछले दो दिनों में ही 280 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए। खान ने मौलिक अधिकारों के उल्लंघन, संविधान के दुरूपयोग और आर्थिक संकट का आरोप लगाते हुए 22 फरवरी को लाहौर से जेल भरो तहरीक शुरू की थी।

## उमेश यादव ने की विराट कोहली के टेस्ट रिकॉर्ड की बराबरी

**इंदौर।** इंदौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट मैच के भारतीय पारी केवल 109 रनों पर सिमट गई, वहीं तेज गेंदबाज उमेश यादव ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली। उमेश ने 13 गेंदों पर दो छक्कों सहित 17 रन बनाए थे, इसी के साथ उन्होंने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारुप में विराट कोहली के छक्कों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।



उमेश द्वारा लगाए गए दो छक्कों ने उन्हें टेस्ट क्रिकेट में कोहली के 24 छक्कों की बराबरी करने में मदद की। इसके अलावा उमेश टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने के मामले में भारत के पूर्व ऑलराउंडर रवि शास्त्री (22) को पीछे छोड़ दिया। उमेश वर्तमान में सबसे अधिक टेस्ट छक्के लगाने वाले भारतीय क्रिकेटरों की सूची में 17 वें स्थान पर हैं। सूची में 91 छक्कों के साथ वीरेंद्र सहवाग शीर्ष पर हैं, जबकि पूर्व कप्तान एमएस धोनी (78) दूसरे स्थान पर हैं।

## प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक हाकी प्रतियोगिता 10 मार्च से होगी

**लखनऊ।** प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक हाकी प्रतियोगिता वाराणसी में 10 मार्च से शुरू होने जा रही है, जो 15 मार्च तक चलेगी। इसके लिए जिला व व मंडल स्तरीय टीम का चयन शुक्रवार



व शनिवार को होगी। इसका आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने बताया कि तीन मार्च दिन शुक्रवार को सुबह 11 बजे से केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में जूनियर बालक वर्ग के जिला स्तरीय टीम का चयन होना है। वहीं चार मार्च दिन शनिवार को 11 बजे से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ही मंडल स्तरीय टीम का चयन होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी खिलाड़ियों की जन्मतिथि एक जनवरी 2004 के बाद होनी चाहिए। खिलाड़ियों को आधार कार्ड एवं जन्मतिथि प्रमाण पत्र की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। पात्रता प्रमाण पत्र एवं जन्मतिथि प्रमाण पत्र सक्षम स्तर से निर्गत एवं प्रमाणित होना चाहिए।

## भारत के अभिजीत गुप्ता नें जीता ग्राज इंटरनेशनल शतरंज



**ग्राज , औस्ट्रिया।** भारत के पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियन और 5 बार के कॉमनवैल्थ विजेता ग्रांड मास्टर अभिजीत गुप्ता नें ग्राज इंटरनेशनल शतरंज का खिताब जीत लिया है । बड़ी बात यह रही की अभिजीत प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में 47वे वरीय स्लोवेनिया के मैटिक लवरेनवीक से पराजित हो गए थे और उसके बाद उन्होने लगातार सात मुक़ाबले जीतकर पहला स्थान हासिल किया । अंतिम राउंड में उन्होने पोलैंड के टॉप सीड खिलाड़ी बार्टोस्ज़ सोको को पराजित किया और 9 राउंड के बाद 8 अंक बनाकर सबसे आगे रहे । 7 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर जर्मनी के हागेन पोत्स्क दूसरे और औस्ट्रिया के फेलिक्स ब्लोह्बेर्गर तीसरे स्थान पर रहे । इस जीत से अभिजीत को 10 रेटिंग अंको का फायदा हुआ ।

# ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 197 रनों पर सिमटी, 88 रनों की ली बढ़त

**इंदौर।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां के होल्कर स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 197 रनों पर सिमट गई। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 88 रनों की बढ़त मिली है। ऑस्ट्रेलिया के लिए उस्मान ख्वाजा ने सर्वाधिक 60 रन बनाए। ख्वाजा के अलावा मार्नस लाबुशेन ने 31 और स्टीव स्मिथ ने 26 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की शुरुआत खराब रही और केवल 12 रनों के कुल स्कोर पर रवींद्र जडेजा ने ट्रैविस हेड (09) को चलता कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। 108 के कुल स्कोर पर जडेजा ने लाबुशेन को बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। जडेजा ने इसके बाद ख्वाजा को पवेलियन भेज




भारत को बड़ी सफलता दिलाई। ख्वाजा ने 60 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। 146 के स्कोर पर जडेजा ने स्मिथ को आउट कर मैच में अपना चौथा विकेट लिया। इसके बाद पीटर हैंड्सकॉम्ब और कैमरून ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 40 रन जोड़े। 186 के कुल स्कोर पर अश्विन ने हैंड्सकॉम्ब (19) को अय्यर के हाथों कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई पारी लड़खड़ा गई पूरी टीम 197 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के आखिरी 6 विकेट केवल 11 रनों पर गिर गए। भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा ने 4 और उमेश यादव व रविचंद्रन अश्विन ने 3-3 विकेट लिया।

इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। केएल राहुल की जगह टीम में शामिल किये गए शुभमन गिल ने रोहित के साथ पारी की शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 27 रन जोड़े। 27 के कुल स्कोर पर मैथ्यू कुह्नमैन ने कप्तान रोहित शर्मा को एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट कराया। रोहित ने 12 रन बनाए। इसके बाद कुह्नमैन ने गिल को आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। चेतेश्वर पुजारा कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर नाथन ल्योन की गेंद पर बोल्ड हो गए। जडेजा भी कुछ खास नहीं कर सके और 4 रन बनाकर ल्योन का दूसरा शिकार बने। श्रेयस अय्यर बिना खाता खोले कुह्नमैन की गेंद पर बोल्ड हो गए।

## मेसी और पुटेलस फीफा पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

**पेरिस।** विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने किलियन एम्बाप्पे और करीम बेंजेमा को पछाड़ कर फीफा (फुटबॉल संघों का अंतरराष्ट्रीय महासंघ) सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी (2022) का पुरस्कार अपने नाम किया। महिला वर्ग में स्पेन की अलेक्सिया पुटेलस ने लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। कतर में एम्बाप्पे की टीम फ्रांस के खिलाफ रोमांचक फाइनल में अर्जेंटीना को विश्व कप का खिताब दिलाने वाले मेसी ने सोमवार रात को आयोजित कार्यक्रम में पिछले 14 साल में सातवीं बार फीफा पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने अपने रिकॉर्ड पांचवें प्रयास में विश्व कप का खिताब जीता था। फीफा के 211 सदस्य देशों के कोच और कप्तान के साथ चुने पत्रकारों और प्रशंसकों की समिति ने इन तीन खिलाड़ियों की अंतिम सूची को चुना था। फीफा पुरस्कार के मतदान में मेसी को 52 अंक, विश्व कप के गोल्डन बॉल विजेता एम्बाप्पे को 44 और बेंजेमा को 34 अंक मिले। पिछले दो साल में फीफा पुरस्कार जीतने वाले रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो को इस साल के पुरस्कार के लिए 14 खिलाड़ियों की शुरुआती सूची में जगह नहीं मिली थी। मेसी ने इसके साथ ही 16वीं बार पुरुषों की सर्वश्रेष्ठ एकादश में जगह बनाकर रोनाल्डो के साथ साझा किए गए रिकॉर्ड को तोड़ा दिया।

इस टीम में बेल्जियम के थिबाउट कोर्टोइस, मोरक्को के अशरफ हकीमी, पुर्तगाल के जोआओ कैंसेलो, नीदरलैंड के वर्जिल वैन डिज्क, बेल्जियम के केविन डी ब्रुइन, क्रोएशिया के लुका मोड्रिच, ब्राजील के कासेमीरो, नॉर्वे के एर्लिंग हालांड और फ्रांस के एम्बाप्पे तथा बेंजेमा शामिल है। पुटेलस ने अमेरिका की एलेक्स मॉर्गन और इंग्लैंड की बेथ मीड को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता।

## पीठ की सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जा सकते हैं जसप्रीत बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी तकलीफदेह पीठ की सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जा सकते हैं। बुमराह पिछले पांच महीनों से क्रिकेट से दूर हैं।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रबंधकों ने कीवी सर्जन पर ध्यान केंद्रित किया है, जिन्होंने जोफ्रा आर्चर पर काम किया था। बुमराह को जल्द से जल्द ऑकलैंड ले जाने की तैयारी है। क्राइस्टचर्च में रहने वाले सर्जन रोवन शाउटन बुमराह का ऑपरेशन करेंगे। शाउटन ने पूर्व में, ग्राहम इंगलिस के साथ काम किया था, जो आर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध सर्जन थे। इंगलिस ने मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड सहित न्यूजीलैंड के कुछ खिलाड़ियों का ऑपरेशन किया था, जिन्होंने



शाउटन के नाम का सुझाव दिया था। शाउटन ने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन की सर्जरी में इंगलिस की सहायता की थी, जबकि उन्होंने बेन द्वारसुइस और जेसन बेहरेनडॉर्फ की सर्जरी भी की थी, जो निश्चित रूप से आर्चर के अलावा पीठ के मुद्दों से भी जूझ रहे थे। बुमराह के ठीक होने की अवधि 20 से 24 सप्ताह के बीच होगी। तत्काल निहितार्थ यह है कि वह सितंबर तक क्रिकेट से दूर हो सकते हैं। वह आईपीएल और लंदन में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर रहेंगे। हालांकि भारत को अभी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करनी है।

## दुबई में जीते नोवाक जोकोविच, लगातार 18वीं जीत दर्ज की

**दुबई।** शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में यहां चेक गणराज्य के क्वालीफायर टॉमस मचेक को हराया जो ऑस्ट्रेलियाई ओपन का 10वां खिताब जीतने के बाद उनका पहला मुकाबला था। किसी भी पुरुष या महिला खिलाड़ी के पेशेवर टेनिस रैंकिंग में सबसे अधिक समय शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद जोकोविच ने पहले दौर में 6-3 3-6 7-6 से जीत दर्ज की। रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 22वां एकल ग्रैंडस्लैम जीतने के कुछ हफ्तों बाद वापसी करते हुए जोकोविच को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। दूसरे सेट गंवाने के बाद वह तीसरे सेट में 4-1 से आगे थे लेकिन 130वें नंबर के खिलाड़ी मचेक वापसी करते हुए निर्णायक सेट को टाईब्रेकर में खींचने में सफल रहे। जोकोविच ने हालांकि टाईब्रेकर में



उन्हें कोई मौका नहीं दिया। अगले दौर में टेलोन ग्रीक्सपूअर से खेलने वाले जोकोविच ने मौजूदा सत्र में सभी 13 मुकाबले जीते हैं। वह लगातार 18 जीत दर्ज कर चुके हैं। जोकोविच एटीपी रैंकिंग में 378 हफ्ते शीर्ष पर रह चुके हैं। उन्होंने इस तरह स्टेफी ग्राफ को पीछे छोड़ा जो डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 377 हफ्ते तक शीर्ष पर रहीं थी। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने भी माटियो अर्नाल्डी को 6-4 6-2 से हराकर लगातार 10वीं जीत दर्ज की। चौथे वरीय फेलिक्स ऑगर आलियासिम ने मैक्सिम क्रेसी को 7-6 3-6 6-3 से हराया जबकि बोटिक वान डि जेंड्सशुल्प ने छठे वरीय करेन खचानोव को 7-5 6-2 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## रिकी पोंटिंग को डर, वार्नर के टेस्ट करियर का हो सकता है दुखद अंत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को डर है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे डेविड वार्नर पर एशेज श्रृंखला से बाहर होने का खतरा है और लंबे समय से बल्ले से नाकाम रहने के बाद उनके टेस्ट करियर का दुखद अंत हो सकता है। पोंटिंग को लगता है कि वार्नर इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली एशेज टीम में जगह पाने के लिए संघर्ष करेंगे और उनका टेस्ट करियर शायद उनकी शर्तों पर खत्म नहीं होगा। वार्नर का भारत दौरे पर प्रदर्शन निराशाजनक रहा जहां उन्होंने कोहनी में फ्रेक्चर के कारण स्वदेश लौटने से पहले तीन पारियों में एक, 10 और 15 रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2019 में पिछले इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ 9.5 के औसत से रन बनाए थे। पोंटिंग ने कहा, 'मैंने उन्हें अपने चक्र के बारे में बात करते हुए सुना है। मौजूदा चक्र विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बाद समाप्त हो जाएगा जो स्पष्ट रूप से पहले एशेज टेस्ट से एक सप्ताह पहले है और मुझे लगता है कि सब कुछ ठीक रहा तो वह कम से कम इस टेस्ट मैच के अंत तक डेविड को अपने साथ रखना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, 'हालांकि यह उस पर निर्भर करेगा। एक बल्लेबाज के रूप में आप सिर्फ रन



ही बना सकते हैं और अगर आप रन नहीं बनाते तो मुश्किल स्थिति में फंस जाते हैं। पोंटिंग ने कहा, 'यह हम सभी के साथ हुआ है, यह मेरे साथ हुआ है। जब आप एक निश्चित उम्र तक पहुंच जाते हैं और ऐसा लगता है कि आपका फॉर्म थोड़ा सा गिर रहा है, तो आलोचक हावी हो जाते हैं और

> पोंटिंग को लगता है कि वार्नर इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली एशेज टीम में जगह पाने के लिए संघर्ष करेंगे और उनका टेस्ट करियर शायद उनकी शर्तों पर खत्म नहीं होगा।

फिर ज्यादा समय नहीं लगता। पोंटिंग को लगता है कि वार्नर को पिछली गर्मियों में मेलबर्न में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में दोहरा शतक बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट छोड़ देना चाहिए था जो उनका 100वां मैच भी था या फिर सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर अगले मैच के बाद उन्हें ऐसा करना चाहिए था। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'वह जिस तरह चाहता था उस तरह खत्म करने के लिए मेरे हिसाब से शायद सिडनी टेस्ट के बाद उसे ऐसा करना चाहिए था। उसने मेलबर्न में 200 रन बनाए, अपना 100वां टेस्ट खेला, अपना 101वां टेस्ट सिडनी में खेला जो उसके घरेलू मैदान पर था और शायद वहीं खत्म कर देता।

## जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रो लीग मैचों में भारत की अगुवाई करेंगे हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह आगामी एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) हॉकी प्रो लीग मैचों में मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी और विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। टीम में अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और युवा पवन शामिल हैं, जिन्होंने कृष्ण बहादुर पाठक की जगह ली है। पाठक अपनी शादी के कारण टीम से बाहर रहेंगे। हरमनप्रीत के साथ जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, जरमनप्रीत सिंह, सुमित, मंजीत और मनप्रीत सिंह टीम की रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे जबकि मिडफील्ड में हार्दिक, विवेक सागर प्रसाद, मोइरंगथम रबीचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, दिलप्रीत सिंह, शमशेर सिंह और राज कुमार पाल जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। युवा एस कार्थी, सुखजीत सिंह, अभिषेक और गुरजंत अग्रिम पंक्ति को मजबूती प्रदान करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड जॉन और बीजे करियप्पा को शिवेंद्र सिंह के



साथ आगामी मैचों के लिए अंतरिम कोच के रूप में नामित किया गया है। जिन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम में चयन नहीं हुआ है, उन्हें रविवार से बेंगलुरु में शुरू हुई तीसरी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 में खेलने के लिए राष्ट्रीय कोचिंग शिविर से मुक्त कर दिया गया है। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने टीम में ऐसे युवा खिलाड़ियों को तरजीह दी है जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर अच्छी प्रगति कर रहे हैं। इन युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव रखने वाले दिग्गज खिलाड़ियों का मार्गदर्शन मिलेगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने यहां जारी बयान में कहा, ''राउरकेला में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में टीम अंतरिम कोच के देख रेख में खेलेगी। टीम तब तक अंतरिम कोच के देखरेख में खेलेगी जब तक हॉकी इंडिया नए मुख्य कोच की घोषणा नहीं कर देता। भारत पहले मैच में 10 मार्च को जर्मनी जबकि 12 मार्च को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। टीम इसके बाद 13 मार्च को दूसरी बार जर्मनी जबकि 15 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। इस बीच 12 और 14 मार्च को इसी स्थल पर ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी का मुकाबला होगा।

## मैं जडेजा और अश्विन का बड़ा प्रशंसक हूं और उनको देख गुर सिख रहा हूं; कुहनेमैन

**इंदौर।** आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन से कुछ महत्वपूर्ण 'गुर' सीखने के लिए सीरीज के खत्म होने का इंतजार करना होगा और उनके लिए क्रीज पर भारत के इन चैम्पियन स्पिनरों को देखना ही क्रिकेट की जानकारी हासिल करने वाला साबित हो रहा है। दो हफ्ते पहले यह 26 साल का खिलाड़ी शेफील्ड शील्ड के मैच खेल रहा था और उन्हें दिल्ली टेस्ट से पहले ही आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया। वह आस्ट्रेलियाई स्टार जैसे मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और स्टीव स्मिथ के साथ खेल रहे हैं। वह जडेजा और आर अश्विन के भी बड़े प्रशंसक हैं और उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखकर कुछ महत्वपूर्ण गुर सीख रहे हैं।कुहनेमैन ने अपने



दूसरे ही टेस्ट में कुहनेमैन ने 16 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे वह तीसरे टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। चेन्नई में छह महीने पहले एक 'स्पिन क्लिनिक' में खेलने से भी कुहनेमैन काफी बेहतर गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने कहा, ''मैं जडेजा और अश्विन का बड़ा प्रशंसक हूं, इसलिए पिछले कुछ वर्षों में उन्हें गेंदबाजी करते हुए देख रहा हूं। यहां भारत में दर्शकों के निपटना और कितनी जल्दी चीजें बदलती हैं, यह देखना मानसिक तौर पर काफी कुछ सीखने वाला है।' उन्होंने कहा, ''मैं और टॉड (मर्फी) शायद छह महीने पहले चेन्नई में एमआरएफ के दौरे पर आए थे और उसकी बदौलत ही मैं इन मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर पाया। 'जडेजा ने इस श्रृंखला से वापसी की है और वह नागपुर और दिल्ली दोनों टेस्ट में 'मैन ऑफ द मैच' रहे। कुहनेमैन ने कहा, ''जिस तरह से वह अपनी क्रीज का इस्तेमाल करते हैं और मैंने दिल्ली में उनसे यह सीख ली कि जब गेंद थोड़ी पुरानी हो जाती है तो वह फिर से अपनी लेंथ पर गेंदबाजी करने लगते हैं। '

उन्होंने कहा, ''दूसरे टेस्ट से मैंने मुख्यतः यही चीज सीखी और इस टेस्ट में इसका इस्तेमाल किया। नीची रहती पिच पर फुल लेंथ नहीं जाना चाहता। 'क्या उन्हें जडेजा से सीख लेने का मौका मिला है? तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ''मैंने उनसे पिछले टेस्ट के बाद कहा था कि क्या आप मुझे कोई 'टिप्स' दे सकते हो? तो उन्होंने कहा, ''हां, इस श्रृंखला के अंत म'।'

टेस्ट में पहली बार पांच विकेट झटकने और अभी तक अपनी सबसे स्पिन की मददगार पिच पर खेलने के बारे में बात करते हुए कुहनेमैन ने कहा, ''आज पिच बहुत स्पिन ले रही थी। हमने उसी हिसाब से गेंदबाजी करने के बारे में बात की। नाथन लियोन ने कहा कि हर दिन तुम्हें ऐसा विकेट नहीं मिलेगा इसलिये इसका लुत्फ उठाओ। आस्ट्रेलिया में जिस तरह की पिच होती है, यह उससे काफी अलग थी।'

## मार्क वॉ ने इंदौर की पिच का किया आकलन, कहा- यह अच्छा नहीं है

**इंदौर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन कुल 14 विकेट गिरे। दिन का खेल खत्म होने के बाद ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में रहा, वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ पिच के अपने आकलन से पीछे नहीं हटे। रोहित शर्मा ने भारतीय टीम का नेतृत्व किया और टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और मैच के पहले ही ओवर में अपने कप्तान को नहीं खोने के लिए भाग्यशाली रहे। हालांकि स्पिन की शुरूआत ने मेजबान ने सब पलट दिया और मैथ्यू कुह्नमैन के 5 विकेट की बदौलत भारत को पहली पारी में 109 रन पर ढेर कर दिया। इस दौरान नाथन लायन ने भी 3 विकेट झटके।

मार्क वॉ ने पिच पर कहा, 'यह तबाही थी। पिच टेस्ट के स्तर पर नहीं थी, मुझे लगता है कि यह कहना



उचित है। टेस्ट मैच के पहले 20 मिनट में गेंद ऊपर (परत) से होकर जा रही थी, यह अच्छा नहीं है।' घरेलू टीम को बोर्ड पर 109 रनों पर समेटने के बाद ट्रैविस हेड के सस्ते में लौटने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ठोस शुरुआत की। कठिन बल्लेबाजी परिस्थितियों में उस्मान ख्वाजा के अर्धशतक ने ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

वॉ ने अपने हमवतन के बल्लेबाजी प्रयासों की प्रशंसा की जिन्होंने अपने बचाव पर भरोसा किया और फंकी स्वीप शॉट खेलने के बजाय सीधे बल्ले से खेले, जिससे दिल्ली टेस्ट में उनकी हार हुई थी। वॉ ने कहा, 'वे बहुत सीधे खेले हैं, उन्होंने मुश्किल से स्वीप शॉट खेला है। अच्छी, स्मार्ट बल्लेबाजी क्योंकि उन्होंने शायद उन पहले दो टेस्ट मैचों से कुछ सबक सीखे हैं।'

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 03 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

# पसीना बहाया तब बदला 'परसेप्शन': योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा करते हुए गिनाईं सरकार की उपलब्धि, यूपी में 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव टीम यूपी की छह साल की मेहनत का नतीजा



**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**बजट पर** विधान सभा में विपक्ष को करारा जवाब देने के बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उनका फोकस फरवरी में संपन्न हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर रहा। उन्होंने कहा कि हमने फरवरी 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। 2023 में फिर से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट किया गया। पहले जहां 4.68 लाख करोड़ के प्रस्ताव आते थे, आज उसी यूपी में 35 लाख करोड़ के प्रस्ताव आए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि केवल एनसीआर तक ही ये सीमित नहीं है, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में लाखों करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसके लिए अभियान चलाना पड़ा। साल तक टीम यूपी लगातार काम करती रही, पसीना बहाया तब 'परसेप्शन' बदला। हमारे पास आज बेहतर कनेक्टिविटी है, एक्सप्रेस-वे, रेल नेटवर्क, एयर नेटवर्क है। हमने सेक्टोरल पॉलिसी बनाई और उसमें कार्ययोजना बनाकर अपने परिश्रम को आगे बढ़ाया। पॉलिसी बनाई गई, एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाकर, 64 हजार हेक्टेयर भूमि का लैंडबैंक बनाकर भूमाफिया से मुक्त कराया। परिणाम हमारे सामने है।

**राज्य के हर क्षेत्र में आ रहा निवेश:** मुख्यमंत्री योगी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए सरकार की ओर से किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस बार हमारे डिप्टी सीएम और वरिष्ठ मंत्रीगण जिस देश में गए, उनका हर जगह सम्मान के साथ स्वागत हुआ। हमारी टीम दुनिया के 16 देशों और भारत के आठ शहरों में से बड़े पैमाने पर निवेश लेकर आई। हमारे जनप्रतिनिधियों ने यूपी के हर जिले में निवेशक सम्मेलन किए। यूपी की ये सबसे बड़ी सफलता है कि जहां 75 जनपद कवर हो रहे हैं, वहीं सबसे पिछड़े इलाके पूर्वांचल और बुंदेलखंड से भी भारी निवेश हुआ है। पहले यूपी के इन्वेस्टर्स समिट लखनऊ में न होकर दिल्ली और मुम्बई में होते थे। पूछा जाता था कि यूपी में क्यों नहीं करते तो जवाब मिलता था कि यूपी में कोई नहीं आएगा।

### उपलब्धियां गिनाईं

**2023 में फिर से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट किया गया। पहले जहां 4.68 लाख करोड़ के प्रस्ताव आते थे**

## 'हमेशा दुनिया को परिवार माना है



**मुख्यमंत्री** ने जी-20 के आयोजन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जी-20 के दो सम्मेलन यूपी में हो चुके हैं। यह दुनिया के 20 बड़े देशों का संगठन है। इनका दुनिया की 65 फीसदी आबादी, 75 फीसदी ट्रेड, 85 फीसदी से अधिक जीडीपी और 90 फीसदी रिसर्च पर अधिकार है। आजादी के अमृत वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत उसकी अध्यक्षता कर रहा है। आगरा और लखनऊ में इसके दो सम्मेलन हो चुके हैं। 20 बड़े देशों, भारत के नौ मित्र देश और सात अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। आवभगत से वे सभी अभिभूत थे। हमने वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ हमेशा दुनिया को परिवार माना है। मुख्यमंत्री योगी ने विधान परिषद में सरकार की कार्यशैली और परिणाम के साथ-साथ विपक्ष के आरोपों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य पर लोग शंका करते हैं, कहते हैं क्या ये संभव हो पाएगा? हम कहते हैं कि क्यों नहीं संभव होगा, नेक नीयत चाहिए। पिछले छह वर्ष की यात्रा ने असंभव को संभव करके दिखाया है। टीम यूपी ने 10 सेक्टर चिह्नित किये हैं, जिनपर सतत कार्य हो रहा है।

उन्होंने कहा कि हमने जो कहा वो कर के दिखाया। हमारी पार्टी ने 2022 में 130 संकल्प प्रदेश की जनता के सामने रखे थे। इसमें से 110 संकल्पों को पूरा करने के लिए 64 हजार करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। 16-17 में रेवेन्यू कुल प्राप्ति 86 हजार करोड़ थी, इस वित्तीय वर्ष में हमारा राजस्व 2 लाख 20 हजार करोड़ आने जा रहा है। इससे पहले क्या होता था, सेल टैक्स और वैट था। इससे 49 हजार करोड़ से 51 हजार करोड़ तक प्राप्त होता था। इस वित्तीय वर्ष में एक लाख 25 हजार करोड़ तक हमें प्राप्त होने जा रहा है। मार्च 17 तक स्टेट एक्साइज में 12 हजार करोड़ मिलते थे, आज ये राशि 45 हजार करोड़ की होने जा रही है।

## देश के लिए नया नहीं है मिलेट्सः तोमर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**केन्द्रीय कृषि** एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मोटा अनाज (मिलेट्स) हमारे लिए नया नहीं है। देश में प्राचीनकाल से ही मोटे अनाज का चलन रहा है। तोमर ने गुरुवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) की ओर से आयोजित पूसा कृषि विज्ञान मेला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि रागी, ज्वार, बाजरा, सांवा, कंगनी, कोदो, कुटकी, कट्टु आदि अनाज से हमारे भोजन की थाली सजती रही लेकिन इन पोषक अनाज को गरीबों का आहार बताकर अचानक हमारी थाली से गायब कर दिया गया। जबकि इन अनाजों में भरपूर पोषक तत्व हैं। तोमर ने कहा कि मोदी सरकार ने मोटे अनाज के उपयोग, उत्पादन और निर्यात के लिए पहल की है। पीएम मोदी की पहल पर इस वर्ष को मोटे अनाज का वर्ष घोषित किया गया है। ऐसे में यह समय देश के किसानों,कृषि वैज्ञानिक के लिए चुनौती के साथ-साथ एक अवसर है।

## अमरनाथ यात्रा...18 किमी के रास्ते में 15 नो स्टे जोन



**अमरनाथ/टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू-कश्मीर** प्रशासन ने जून अंत से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा को इस बार श्रद्धालुओं के लिए और सुरक्षित बनाने की कवायद शुरू कर दी है। लगभग 14 से 18 किलोमीटर लंबी अमरनाथ यात्रा के पैदल मार्ग में इस बार लगभग 15 नो स्टे जोन बनाए जाएंगे। भूस्खलन के खतरे वाले इन चिन्हित नो स्टे जोन में टेंट, दुकानें और लंगर लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दो महीने तक चलने वाली इस यात्रा के मार्ग में परिस्थिति के अनुसार नो स्टे जोन की संख्या बढ़ाई जा सकती है। पिछले साल अमरनाथ यात्रा में 3.65 लाख यात्री आए थे। ये पिछले 6 साल की रिकॉर्ड संख्या थी। अनुमान है कि इस बार भी रिकॉर्ड यात्री आएंगे। पिछले साल जुलाई में अमरनाथ गुफा के पास एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने से 17 श्रद्धालुओं की मलबे में दबकर मृत्यु हो गई थी। भूस्खलन और फ्लैश फ्लड के एहतियाती उपाय नहीं करने और बड़ी संख्या में जगह-जगह दुकानें और टेंट लगाने की अनुमति देने की आलोचना हुई थी।

**फुटओवर ब्रिज बनेंगे, फेंसिंग और स्लोप की मरम्मत होगी:** अमरनाथ यात्रा मार्ग में इस बार अधिक फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। साथ ही फेंसिंग की मरम्मत की जा रही है। जोखिम भरे मार्ग में चिन्हित स्लोप को मजबूत किया जा रहा है।

### पुलिस चौकस

**14 से 18 किलोमीटर लंबी अमरनाथ यात्रा के पैदल मार्ग में इस बार लगभग 15 नो स्टे जोन बनाए जाएंगे**

## नारी सशक्तिकरण समय की मांगः पुष्कर सिंह धामी



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नारी सशक्तिकरण जहां समाज के लिए आवश्यक है वहीं उत्तराखंड जैसे राज्य का महत्वपूर्ण आधार है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन स्थित कार्यक्रम में कहा कि हम उस संस्कृति के साधक हैं जहां पुरुष की परिकल्पना नारी के बिना अधूरी मानी जाती है। हमारे यहां जहां एक ओर अर्धनारीश्वर की पूजा की जाती है वहीं दूसरी ओर मां जगदम्बा को इस सृष्टि का मूल माना जाता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह बातें गुर्वार को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ एवं ह्यमहिला भागीदारी को प्रोत्साहनह्ल में प्रतिभाग करते हुए कहीं।उन्होंने घोषणा की कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाली मानसिक और शारीरिक हिंसा की घटनाओं को सक्षम स्तर पर सूचित करते हुए रोकने का प्रयास करने वाले व्यक्ति को महिला सुरक्षा प्रहरी के रूप में जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ऐसे व्यक्ति या समूह को विशेष अवसरों पर सम्मानित भी करेंगे। उन्होंने दूसरी घोषणा की कि समाज की कुरीति बाल विवाह की पूर्वसूचना पुलिस को देने वाले या रोकने का प्रयास करने वाले व्यक्ति या संस्था को दस हजार रुपये की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इन कार्यों में विशेष योगदान देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के ई-पेपर अपनी वाणी का शुभारंभ किया एवं महिलाओं की आत्मरक्षा पर बनी लघु फिल्म का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह को रोकने एवं सामाजिक सरोकारों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने देवभूमि उत्तराखंड की समस्त नारीशक्ति को नमन करते हुए महिला सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम की शुभकामनाएं दीं।

## रामराज्य का प्रस्थान बिंदु होता है समाजवाद: अखिलेश

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संकेतों के माध्यम से ही भाजपा पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि भाजपा का अंत समाजवादी पार्टी ही करेगी। गुरुवार को सुबह अखिलेश ने ट्वीट किया, रामराज्य का प्रस्थान बिंदु समाजवाद ही होता है। बुधवार को विधानसभा में अखिलेश यादव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच समाजवाद और रामराज्य पर वाद-विवाद हुआ था। यह ट्वीट उसी के प्रतिउत्तर में किया गया माना जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवाद पर करारा हमला बोलते हुए इसे बहरूपिया ब्रांड बता दिया। देश को सिर्फ रामराज्य से चलने की बात कही थी। वहीं अखिलेश अपने ट्वीट के माध्यम से रामराज की कल्पना को समाजवाद से जोड़ते दिख रहे हैं। इस पर अब राजनीतिक बहस बढ़ने की उम्मीद है। यूपी विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान योगी आदित्यनाथ ने समाजवाद को एक मृगतृष्णा बताते हुए कहा कि यह अमीरों को गरीब बनाता है। गरीबों को गुलाम बनाता है। बुद्धिजीवियों को बेवकूफ बनाने का कार्य समाजवाद करता है। उन्होंने कहा था कि विश्व में एक भी ऐसा देश उदाहरण नहीं है।

## शहीद सिपाही राघवेन्द्र को दी गई अंतिम सलामी

**रायबरेली/टीम एक्शन इंडिया**
**उमेश पाल हत्याकांड** में घायल सिपाही राघवेन्द्र सिंह ने बुधवार की शाम एसपीजीआई में अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर गुरुवार को रायबरेली पुलिस लाइन लाया गया। पुलिस कर्मियों और अधिकारियों ने शहीद राघवेन्द्र को सलामी दी। इसके पहले पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सिपाही राघवेंद्र के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिया। अपर पुलिस महानिदेशक सतीश गणेश, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने सिपाही के पार्थिव शरीर को कंधा दिया और पुष्पचक्र अर्पित किए। पुलिस लाइन में परम्परागत रूप से उन्हें अंतिम सलामी भी दी गई। इसके बाद पार्थिव शरीर को पुलिस वाहन से पैतृक गांव कोरिहर ले जाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मां अरुणा सिंह ने कहा कि हमारे घर का सहारा चला गया, उसको अपराधियों ने बेवजह मार दिया।

## कानूनी मामले में फंसी शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान

**गौरी** खान कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। लखनऊ में एक संपत्ति विवाद में एक रियल एस्टेट फर्म के दो अधिकारियों और उसकी ब्रांड एंबेसडर गौरी खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार किरीट जसवंत शाह ने 25 फरवरी को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस स्टेशन में तुलस्यानी बिल्डर्स के मुख्य प्रबंध निदेशक अनिल कुमार तुलस्यानी, निर्देशक महेश तुलस्यानी और सेलिब्रिटी इंटीरियर डिजाइनर और बॉलीवुड सुपरस्टार की पत्नी गौरी खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## 'मातृ शक्ति को विकास में भूमिका निभानी है'



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को राजभवन से कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि भविष्य के भारत में हमारी बेटियों और मातृशक्ति को विकास के हर एक क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभानी है। विकसित भारत में नारी शक्ति की ही सबसे बड़ी हिस्सेदारी होगी। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का नेतृत्व भारत के विकास में महत्वपूर्ण होने वाला है। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं के विकास से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है, जो महिलाओं के समान अधिकारों और अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए है। इस सिद्धांत का मुख्य उद्देश्य है महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ ही समाज और आर्थिक विकास में उनकी भूमिका को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आज नारी शक्ति समानता, महिला सशक्तिकरण, समानता, सुशासन और समृद्धि के केन्द्र बिन्दु के रूप में हमारा नेतृत्व कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारा अमृतकाल का संकल्प ही है कि हमें विश्व अर्थव्यवस्थाओं के साथ एक नेतृत्वकर्ता के रूप में अवसर मिला है। हम शक्ति और समन्वय के साथ दुनिया के साथ कार्य कर रहे हैं।

**आत्मनिर्भर** गाय के गोबर से बनाती हैं कंडा (उपला), हर दिन हो रही कमाई, वन संपदा रहेगी सुरक्षित

## गाय के गोबर से ग्रामीण महिलाओं की चमकी किस्मत



**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**
गाय का गोबर आमतौर पर कंडे (उपले) बनाने के काम आता है, लेकिन इसी गोबर से ग्रामीण महिलाओं की किस्मत चमक रही है। गोबर से कंडे (उपले) बना गांव की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस रोजगार से महिलाएं घर के कामकाज के बाद डेढ़ से ढाई सौ रुपये प्रतिदिन कमा रही हैं। इस काम में 25 महिलाएं जुटी हैं और एक रुपये प्रति कंडा बेचती हैं। पटेहरा कला गांव की शीला कहती हैं कि पहले हर रोज वो घर के कामकाज में ही व्यस्त रहती थीं, लेकिन इस प्रयास से उन्हें काम मिला है और वो अच्छी कमाई भी कर पा रही हैं। इससे घर चलाने में भी उन्हें मदद मिल रही है। प्रमिला कहती हैं, गो-आश्रय स्थल से महिलाओं को रोजगार मिला है। एक कंडा आराम से एक रुपये में बिक जाता है। एक दिन में कम से कम ढाई सौ कंडा (उपले) एक महिला बना लेती हैं। गोबर के कंडे से खाना बनाने में सुविधा होगी। अब गैस से निजात मिल जाएगी। गांव की सुशीला कहती हैं कि गो-आश्रय स्थल से जीने का सहारा मिल गया है। इससे वन संपदा सुरक्षित रहेगा ही, पर्यावरण को भी नुकसान से बचाया जा सकेगा। गो-आश्रय स्थल, पटेहरा कला प्रभारी धर्मराज कोल ने बताया कि बृहद गो-आश्रय स्थल पर 400 पशु हैं।
आसपास की महिलाएं गो-आश्रय स्थल से गाय का गोबर ले जाकर कंडा बना रही हैं। इससे गो-आश्रय स्थल का सफाई होने के साथ महिलाओं को रोजगार मिला है।

### स्वरोजगार

**गोबर से उपले बना गांव की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। डेढ़ से ढाई सौ रुपये प्रतिदिन कमा रही हैं**



MARUTi
nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE CTP UNIT
BASYS PRINT



Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546